# नवबिहार टाइम्स
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार 17 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 91 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




रांची के मोराहाबादी मैदान में झंडोत्तोलन करने के पश्चात राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

### रांची के मोरहाबादी में मुख्यमंत्री ने फहराया तिरंगा, युवाओं को दिया भरोसा

# युवाओं की मेहनत को माफिया के भरोसे नहीं छोड़ा जाएगा : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में सीएम हेमंत सोरेन ने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली और लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। स्वाधीनता दिवस के मौके पर ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान एक बार फिर राष्ट्र भावना से ओतप्रोत हो उठा। इस मौके पर पहली बार राष्ट्रीय गीत का गायन हुआ। मौके पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजीपी तदाशा मिश्रा, विधायक कल्पना सोरेन सहित राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद थे। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित राजकीय समारोह में पुलिस पैरेड आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर 14 प्लाटून के जवान ने परेड प्रस्तुत किया। इस बार परेड का खास आकर्षण ओडिशा पुलिस की एक प्लाटून रहा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबोधन का मुख्य अंश छात्रों का चल रहा आंदोलन था। मुख्यमंत्री ने युवाओं को भरोसा देते हुए कहा कि झारखंड के लाखों युवा आज अपने सपनों को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, उनके माता-पिता अपनी क्षमता से बढ़कर उन्हें पढ़ा रहे हैं, इसलिए हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है कि उनकी मेहनत का सम्मान हो और उनकी प्रतिभा को न्याय मिले। मैं जानता हूं कि पिछले कुछ समय से भर्ती परीक्षाओं को लेकर प्रश्न उठे हैं और जब परीक्षा व्यवस्था पर संदेह पैदा होता है तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती बल्कि पूरी एक पीढ़ी का विश्वास प्रभावित होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के प्रत्येक विद्यार्थी को मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपकी मेहनत को किसी माफिया, किसी भ्रष्ट तंत्र और किसी अनियमितता के भरोसे नहीं छोड़ा जाएगा। देश के अनेक राज्यों और कई राष्ट्रीय परीक्षाओं में भी प्रश्न पत्र लीक और परीक्षा संबंधी गंभीर अनियमितता सामने आई है। यह पूरे देश के सामने एक गंभीर चुनौती है। लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि दूसरे राज्यों में क्या हुआ उससे झारखंड की जिम्मेदारी कम नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण झारखंड के युवा और उसका भविष्य है। इसलिए केवल कार्रवाई ही नहीं बल्कि व्यवस्था में



परिवर्तन का निर्णय लिया गया है। जांच पूरी निष्पक्षता से होगी, जो भी दोषी होगा कानून उसके साथ कठोरता से पेश आएगा। कोई कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो यदि उसकी संलिप्तता सिद्ध होती है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन हम बिना प्रमाण किसी को दोषी ठहराने की भी राजनीति नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि सिर्फ दोषियों को पकड़ना समाधान नहीं है। असली समाधान ऐसी व्यवस्था बनाना है जिससे भविष्य में कोई भी युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ करने का साहस न कर सके। इसी उद्देश्य से हमारी सरकार परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है समयबद्ध वार्षिक परीक्षा कैलेंडर, पारदर्शी और तकनीक सुरक्षित परीक्षा प्रणाली, उत्तर कुंजी एवं ओएमआर की समयबद्ध उपलब्धता, परीक्षा प्रक्रिया में बहुस्तरीय जवाबदेही और ऐसी व्यवस्था जिसमें पारदर्शिता अपवाद नहीं बल्कि नियम हो। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा में सरकार के साथ आपकी सहभागिता चाहते हैं। इसलिए हमने 'छात्रों की बात-छात्रों के साथ' अभियान प्रारंभ किया है। मैं चाहता हूं कि झारखंड का प्रत्येक विद्यार्थी प्रत्येक शिक्षक प्रत्येक शिक्षाविद और प्रत्येक अभिभावक परीक्षा सुधार के अभियान का सहभागी बने। उन्होंने कहा कि रोजगार हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। हमारा उद्देश्य केवल रिक्त पद भरना नहीं है। हमारा लक्ष्य ऐसा झारखंड बनाना है, जहां सरकारी सेवा के साथ-साथ उद्योग एमएसएमई कृषि डेयरी, मत्स्य, पर्यटन डिजिटल सेवाओं और स्टार्टअप के क्षेत्र में लाखों नए अवसर तैयार हो। इसलिए आने वाले समय में जेपीएससी-जेएसएससी तथा अन्य भर्ती एजेंसी के माध्यम से बड़ी संख्या में नियुक्ति प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाई जाएगी ताकि युवाओं को अवसर भी मिले और व्यवस्था पर विश्वास भी मजबूत हो। उन्होंने कहा कि अपनी मेहनत पर विश्वास आप बनाए रखिए आपका परिश्रम व्यर्थ नहीं जाएगा। आपके सपनों की रक्षा करना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि मेरा व्यक्तिगत दायित्व भी है। किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान केवल अन्नदाता नहीं बल्कि हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था की सबसे मजबूत नींव है। हमने किसानों को सिंचाई, बीज, समर्थन मूल्य, कृषि यंत्रीकरण और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मजबूत करने का प्रयास किया है। राज्य में कृषि और बागवानी जैसे छात्रों को प्रोत्साहित कर अर्थव्यवस्था में विविधता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेमंत सोरेन को जान से मारने की धमकी, आरोपित गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में रांची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोकारो जिले के रहने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### कंटेनर-ऑटो की टक्कर में छह लोगों की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के लातेहार जिले में एक कंटेनर और ऑटो की टक्कर में छह लोगों की मौत की खबर है। यह हादसा चंदवा थाना इलाके में चंदवा-चापी-लोहरदगा रोड पर हुआ। जानकारी के मुताबिक दोनों गाड़ियों की आमने-सामने टक्कर हुई, जिसमें ऑटो में सवार छह लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी मृतक एक ही परिवार के थे। डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि सड़क हादसे में लोगों की मौत की खबर है।

### 20 अगस्त को सीएम आवास का घेराव

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर छात्रों का आंदोलन अब राज्यव्यापी रूप लेने की तैयारी में है। आंदोलन को राजधानी रांची से आगे सभी जिलों तक पहुंचाने के लिए छात्र संगठनों ने रणनीति तैयार की है। जिलों में जनसंपर्क अभियान चलाने और अधिक से अधिक छात्रों को आंदोलन से जोड़ने और सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए लगातार शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन जारी रखने की तैयारी है। हालांकि मंच द्वारा 20 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेराव करने का निर्णय ले लिया गया है और इसकी घोषणा भी कर दी गई है।

### कलयुगी बेटे ने की मां की हत्या

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** सेक्टर 12 थाना इलाके से एक पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है। एक कलयुगी बेटे ने मामूली विवाद के बाद अपनी मां की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की पुष्टि करते हुए राजीव रंजन ने बताया कि डायल 112 पर सूचना मिली उसी आधार पर पुलिस में कार्रवाई करते हुए हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतका की पहचान करीब 60 से 65 वर्षीय प्रमिला देवी के रूप में हुई है।

### बेटे ने पिता की हत्या कर जंगल में फेंका शव

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** जिला में पांकी थाना क्षेत्र के मतुली गांव में एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मतुली जंगल से शव को बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## परीक्षाओं में कदाचार अस्वीकार्य : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने झारखंड के युवाओं की आकांक्षाओं और सपनों को लेकर चर्चा की। उन्होंने युवाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक रोजगार को महत्वपूर्ण आधारशिला बताया। राज्यपाल ने कहा सरकारी सेवाओं में युवाओं को अवसर उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता हमारे युवाओं के भविष्य और उनके विश्वास से जुड़ा विषय है। परीक्षा व्यवस्था में प्रश्न पत्र लीक, कदाचार अथवा किसी प्रकार की अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। ऐसी घटनाएं मेहनत और प्रतिभा के आधार पर आगे बढ़ाने वाले विद्यार्थियों के मनोबल और भविष्य को प्रभावित करती है। राज्यपाल ने अपेक्षा जताया कि राज्य सरकार परीक्षा प्रणाली



की कमियों की गहण समीक्षा कर, उन्हें दूर करने के लिए ठोस कदम उठाएगी। साथ ही परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी है। योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचना प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाना और भ्रष्टाचार के प्रति सहनशीलता नीति को अपनाना सुशासन की मूल पहचान है। उन्होंने कहा कि तकनीक और डिजिटल व्यवस्था के बेहतर उपयोग से सरकारी सेवाओं को सरल पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाया जा रहा है। सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कठोर और निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प देश के सामने रखा है, उसमें हमारे युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस राज्य और इस देश का भविष्य युवाओं के हाथों में हैं। युवाओं के पास ऊर्ज़ा है, तकनीक है, नए विचार हैं और कुछ नया करने का साहस भी है। राज्यपाल ने इन शक्तियों को एक दिशा में देकर राज्य और देश के विकास को नई गति प्रदान करने की बात कही। राज्यपाल ने कहा कि हम सब मिलकर संकल्प लेकर बेटियों को आगे बढ़ाने के पूरे अवसर देंगे। जनजातीय और वंचित समाज के विकास को प्राथमिकता देंगे। युवाओं के सपनों, प्रतिभा एवं परिश्रम का सम्मान करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने में हर संभव अवसर उपलब्ध कराएंगे।

## गया-डालटनगंज रेल लाइन के लिए 2627 करोड़ मंजूर

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** गया-शेरघाटी-डालटनगंज रेल लाइन के लिए रेलवे बोर्ड ने 2627 करोड़ रुपए मंजूर किया है। यह रेल लाइन करीब 107 किलोमीटर लंबी होगी। गया-शेरघाटी-डालटनगंज रेल लाइन पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आता है। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने गया शेरघाटी डालटनगंज रेल लाइन को लेकर लगातार लोकसभा में आवाज उठाई थी और रेलवे मंत्री से मुलाकात भी की थी। इस रेल लाइन के निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। पूरे मामले में रेलवे बोर्ड की तरफ से एक पत्र जारी किया और रेल लाइन के बारे मे जानकारी साझा की गई है। यह रेल लाइन डालटनगंज के कजरी रेलवे स्टेशन के पास आकर मिलेगी। पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम ने रेलवे बोर्ड के द्वारा रुपए मंजूर किए जाने की पुष्टि की है। सांसद ने बताया कि इस रेल लाइन से पलामू के एक बड़े इलाके को रेल सुविधा मिलेगी। पलामू सांसद ने नई रेल लाइन के लिए पीएमनरेंद्र मोदी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को क्षेत्र की तरफ से धन्यवाद दिया है।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

**नवीन सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** इचाक थाना क्षेत्र के बोंगा गांव में प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद में एक महिला पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, 15 अगस्त को सुबह सूचना मिली कि बोंगा निवासी बीरेन्द्र कुमार, पिता नुनू प्रजापति की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही इचाक थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद मृतक की पत्नी संजू देवी को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान संजू देवी ने बताया कि बोंगा निवासी रंजन कुमार मेहता, पिता अशोक मेहता के साथ करीब दो वर्षों से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि पति बीरेन्द्र कुमार दोनों के संबंधों में बाधा बन रहा था। इसी वजह से 14 अगस्त की रात रंजन कुमार को घर बुलाया गया और दोनों ने मिलकर बीरेन्द्र कुमार की हत्या कर दी। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने रंजन कुमार मेहता को करियातपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।






## आजादी में झारखंड के वीर सपूतों का भी बड़ा योगदान : महतो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झारखंड विधानसभा में स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब देश के 80वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर इस तिरंगे के नीचे एकत्रित हैं। यह अवसर केवल उत्सव का नहीं बल्कि अपने इतिहास को स्मरण करने, वर्तमान का मूल्यांकन करने और भविष्य के भारत के प्रति अपने दायित्व को दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता किसी एक व्यक्ति, एक संस्था या एक क्षेत्र के संघर्ष का परिणाम नहीं थी, महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को जनशक्ति में बदला और जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक, लोकतांत्रिक और वैज्ञानिक भारत की



नींव रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता के लिए अदम्य साहस और पूर्ण समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। भारत की धरती ने भी स्वतंत्रता संग्राम को असाधारण बलिदान दिए। खुदीराम बोस का साहस देश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनी। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने झारखंड के वीर सपूतों को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

## अटल जी का ऋणी रहेगा झारखंड : मरांडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर झारखंड में उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। विधानसभा परिसर में लगी अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड बीजेपी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, मेयर रोशनी खलखो समेत बीजेपी के कई नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे राजनेता थे, जिनका कोई राजनीतिक शत्रु नहीं था। विपक्ष के नेता भी उनकी प्रशंसा करते थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के निर्माण का श्रेय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के गठन के समय काफी चुनौतियां थीं। बिहार की तत्कालीन सत्ता में बैठे लोग अलग राज्य बनाने के विरोध में थे, लेकिन अटल जी के नेतृत्व और उनके फैसले के सामने तमाम विरोध शांत पड़ गया। यही वजह



है कि पूरा झारखंड अटल बिहारी वाजपेयी का ऋणी है। उन्होंने अटल जी के भाषणों और कविताओं को भी याद किया और कहा कि संसद के अंदर हो या बाहर, उनका भाषण बेहद प्रभावशाली होता था। बाबूलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए अटल जी ने सत्ता की चिंता से ज्यादा देशहित को प्राथमिकता दी। कई दलों के समर्थन से चल रही सरकार के बावजूद उन्होंने पोखरण में परमाणु परीक्षण का साहसिक फैसला लिया। उनका मकसद देश को मजबूत बनाना था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और उनके राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया।






# पीवीयूएनएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पतरातू।** 80वें स्वतंत्रता दिवस पर पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) में टाउनशिप ग्राउंड में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एके सहगल, स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रेनू सहगल, सीजीएम (ओ एंड एम) मनीष खेतरपाल, जीएम (प्रोजेक्ट) विष्णु दत्ता दास, जीएम (एडमिन एंड मेंटेनेंस) ओपी सोलंकी, जीएम (ऑपरेशन) अरुण सिंह, जीएम एफएम प्रशांत पाटिल, एचओएचआर जियाउर रहमान, अन्य एजीएम, अधिकारी एवं कर्मचारी अपने



परिवारजनों के साथ उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ओएंडएम कार्यालय, प्रोजेक्ट कार्यालय एवं बाल भवन में ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात टाउनशिप ग्राउंड में मुख्य समारोह के दौरान पीवीयूएनएल के सीईओ एके सहगल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। समारोह के दौरान सी आईएसएफ, डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों तथा डीजीआर समूह द्वारा शानदार गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सीईओ एके सहगल ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने पीवीयूएनएल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए तकनीकी क्षेत्र में प्रगति के साथ-साथ कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर), सामुदायिक विकास एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने टीम पीवीयूएनएल को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं समर्पण के लिए बधाई दी। समारोह में डीएवी स्कूल, बाल भवन एवं सृजन के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और समारोह में देशभक्ति का वातावरण और भी उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। सीईओ मेरिटोरियस अवार्ड्स, सेफ्टी अवार्ड्स, हेल्थ चैंपियन, मेधा प्रतियोगिता के विजेताओं तथा सरकारी विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को उत्कर्ष मेरिट अवॉर्ड प्रदान किए गए।






CMYK

# स्वतंत्रता दिवस पर खेलों का रोमांच, दस हजार दर्शकों ने लिया मुकाबलों का आनंद

## सीएससीए ने कोडरमा को 1-0 से हराकर जीता फुटबॉल टूनार्मेंट का खिताब, पुलिस इलेवन ने पत्रकार इलेवन को 2-0 से दी मात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को चौपारण का ब्लॉक मैदान खेल और देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा। चौपारण स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन (सीएससीए) की ओर से लगातार 40 वर्षों से राष्ट्रीय पर्व पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं को देखने के लिए दस हजार से अधिक खेलप्रेमी दर्शक मैदान में जुटे। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक मुकाबला पुलिस इलेवन और पत्रकार इलेवन के बीच खेला गया मैत्री फुटबॉल मैच रहा। रोमांचक मुकाबले में पुलिस इलेवन ने पत्रकार इलेवन को 2-0 से पराजित किया। पुलिस टीम की ओर से बादल महतो ने दोनों गोल दागे। पत्रकार इलेवन के खिलाड़ियों ने कई अच्छे प्रयास किए, लेकिन उन्हें गोल में



नहीं बदल सके। पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी पंकज कुमार और पत्रकार टीम का नेतृत्व शंकर यादव ने किया। मुकाबले में तीन महिला पुलिसकर्मियों ने भी मैदान पर उतरकर खेल भावना का परिचय दिया। इसके बाद सात दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें आयोजक सीएससीए की टीम ने कोडरमा की टीम को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 15 हजार रुपये और उपविजेता टीम को पांच हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। विधायक मनोज कुमार यादव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। विधायक ने कहा कि सीएससीए द्वारा चार दशक से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं की प्रतिभा को मंच देने की दिशा में सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने मैदान में जुटे हजारों दर्शकों के खेल के प्रति उत्साह की भी सराहना की। विभिन्न स्पधाओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में दानेश्वर नाथ, हेमंत कुमार राणा और रोहित कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में पियूष कुमार, राहुल कुमार और दीपक कुमार विजेता रहे। 400 मीटर सीनियर बालक वर्ग में बबन कुमार, विकास कुमार और पवन कुमार ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में लक्ष्मी कुमारी, राधिका कुमारी और कुसुम कुमारी ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं 100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में दीपिका कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और रजिया खातून ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य स्पधाओं में भी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सीएससीए अध्यक्ष तस्लीम रजा, सचिव शशि शेखर, उपाध्यक्ष राकेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, रिशु बर्णवाल, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, प्रायोजक इमरान खान, आरके सिंह, राजेंद्र चंद्रवंशी, सीएससीए के राहुल कुमार, अजय यादव, चंदन पासवान, अंशु राय, राजा कुमार, सूरज सिंह, बबन कुमार, अमरदीप गुप्ता, सचिन चंद्रवंशी सहित संस्था के दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

# विभावि में आयोजित हुआ स्वतंत्रता दिवस समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के बिनोदिनी पार्क में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को भव्य समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा आचार्य विनोबा भावे के चित्र पर पुष्पार्पण के उपरांत कुलपति ने परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संत कोलंबा महाविद्यालय, मार्खम कॉलेज, अन्नदा महाविद्यालय की एनसीसी इकाइयां, सरस्वती विद्यामंदिर कुम्हारटोली का घोष दल, सुरक्षा कार्ड की टुकड़ी, यूसेट, लॉ कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना तथा कंप्यूटर साइंस विभाग की इकाइयों ने शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति की। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालय एवं विभागों की ओर से चलायमान झांकी तथा समूह गान की प्रस्तुतियां हुई। झंडोत्तोलन के उपरांत अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने कहा कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय केवल हजारीबाग के लिए नहीं बल्कि पूरे देश का एक 'आइकन विश्वविद्यालय' बने। कुलपति ने बताया कि पिछले जन्म के अच्छे कार्यो के कारण उन्हें कुलपति का दायित्व प्राप्त हुआ है। इस कार्य के माध्यम से पूर्वजों का ऋण को उतारेंगे। छात्राओं के लिए कुछ अच्छा करके अपनी मातृऋण को भी उतरेंगे। उन्होंने सभी से सहयोग करने की बात कही। डॉ शर्मा ने भरोसा दिलाया कि सब के सहयोग से अगली बार

**विभावि पूरे देश का आइकन विश्वविद्यालय बने : कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा**

विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में 'ए ग्रेड' प्राप्त करेगा। बताया कि आने वाला युग टेक्नोलॉजी का है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) पर विश्वविद्यालय में खूब काम हो रहे हैं। 'एआई एंड वूमेन' से लेकर 'एआई से मातृशक्ति' की अवधारणा को समझाया। एआई के काम से विश्वविद्यालय को नई पहचान मिलेगी। इस संबंध में कुलपति ने पीएम उषा के संयोजक डॉ अरुण कुमार मिश्रा की सराहना की। उन्होंने इसराइल और ईरान युद्ध की चर्चा करते हुए ड्रोन प्रविधि के महत्व को बताया। कहां कि 'ड्रोन हब' के रूप में इस विश्वविद्यालय को विकसित करने की योजना बन रही है। कुलपति ने बताया कि एक महिला छात्रावास क्रियाशील कर दिया गया है। इसी सत्र से एक और छात्रावास प्रारंभ होगी। ढाई सौ बेड के पुरुष छात्रावास सुसज्जित किया जा रहा है। डीएसडब्ल्यू डॉ विकास कुमार और सीसीडीसी प्रो मिथिलेश कुमार सिंह इसे भी शीघ्र कार्यात्मक बनाएंगे। पुस्तकालय की चर्चा करते हुए कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय ने 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' की नीति को अपनाते हुए विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए अनेकों किताब और पत्रिकाओं का सब्सक्रिप्शन किया है। उन्होंने पुस्तकालय विभाग के निर्देशक डॉ विनोद रंजन की प्रशंसा की।

## संक्षिप्त समाचार

### आजादी के चंद मिनट बाद जन्मीं राधा रानी प्रसाद ने मनाया 80वां जन्मदिन

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देश की आजादी के चंद मिनट बाद आजाद भारत में जन्म लेने वाली राधा रानी प्रसाद का 80वां जन्मदिन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धूमधाम से मनाया गया परिवार के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और खुशियां साझा कीं राधा रानी प्रसाद के पति स्वर्गीय विजय प्रसाद सेंट्रल कोल्ड फील्ड



लिमिटेड में डिप्टी इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे राधा रानी प्रसाद का जन्म 15 अगस्त 1947 की रात ठीक 12 बजे हुआ था देश की आजादी और उनके जन्मदिन का यह अनोखा संयोग उनके परिवार के लिए हमेशा विशेष रहा है यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के साथ उनका जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया जाता है इस वर्ष देशभर में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने के साथ राधा रानी प्रसाद का 80वां जन्मदिन भी खास अंदाज में मनाया गया परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी मौके पर उनके बड़े पुत्र अनिल प्रसाद ने कहा कि परिवार की इच्छा है कि जब वर्ष 2047 में देश अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाए, तब उनकी मां का 100वां जन्मदिन भी इसी तरह दोगुने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए जन्मदिन समारोह में राधा रानी प्रसाद का भरा-पूरा परिवार और आसपास के बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### जिला कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के



माहौल में मनाया गया समारोह के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश केडिया ने सुबह 9:30 बजे ध्वजारोहण किया इसके बाद सभी उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने राष्ट्रगीत के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी ध्वजारोहण के पश्चात कार्यकताओं ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में मिठाइयां बांटी गईं और कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया समारोह के दौरान देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया कांग्रेस कार्यकताओं ने देश की एकता अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### गुलमोहर पब्लिक स्कूल में देशभक्ति के रंग में रंगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुलमोहर पब्लिक स्कूल परिसर में हर्षोल्लास, उमंग और देशभक्ति के जज्बे के बीच भव्य समारोह का आयोजन किया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर तिरंगे की रंगत और बच्चों के उत्साह से गुलजार रहा। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत कर तिरंगे को सलामी दी। समारोह में वार्ड संख्या 34 के वार्ड पार्षद कैलाश नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि देश का भविष्य बच्चों के हाथों में है। बच्चों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और संस्कार का विकास करना हम सभी की जिम्मेदारी है। समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य, लघु नाटिका और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। एलकेजी, यूकेजी, नर्सरी सहित कक्षा एक से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। कक्षा सात एवं आठ के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका प्रस्तुत कर देशभक्ति और सामाजिक संदेश दिया। रिया, अभिनव एवं सुरुचि ने प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। मानसी ने शिव तांडव नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने कराटे प्रदर्शन के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण, निबंध एवं मेहंदी प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत माता और देशभक्ति के नारों से पूरा विद्यालय परिसर गूंजता रहा। तिरंगे के रंगों में सजे बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों में राष्ट्रप्रेम, एकता और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अभिभावकों से विशेष अपील की गई कि वे प्रतिदिन कम से कम एक घंटा अपने बच्चों के साथ जरूर बिताएं। बच्चों की बातें सुनना, उनकी गतिविधियों में रुचि लेना और उनके साथ समय बिताना उनके व्यक्तित्व एवं भावनात्मक विकास के लिए बेहद जरूरी है। विद्यालय की प्राचार्य विद्या बक्शी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही आने वाले भारत की नींव हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ देशप्रेम, अनुशासन, संस्कार और जिम्मेदारी की सीख देना हम सभी का दायित्व है। बच्चों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत होगी, तभी भविष्य का भारत और अधिक सशक्त एवं समृद्ध बनेगा। समारोह के समापन पर विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने तथा देश की प्रगति, शांति और समृद्धि में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बद्रीनारायण साहा डीएवी पब्लिक स्कूल, सिरसिया में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सह भाजपा नेता महादेव दूबे एवं नवीन कुमार सिन्हा रहे विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया इसके बाद शहीद ए-कारगिल स्मारक एवं मुख्य कार्यक्रम स्थल पर प्राचार्य ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया राष्ट्रगान के बाद उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प लिया छात्रों द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर का अतिथियों ने



निरीक्षण किया विद्यालय के हेड बॉय आदित्य एवं हेड गर्ल अंशिका राज ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग से प्रेरणा लेने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया कार्यक्रम में बाल वाटिका के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं ह्यवंदे मातरम्ह्व एवं ह्यफेस्टिवल ऑफ इंडिया के माध्यम से एकताह्व पर आधारित प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया प्राचार्य सचिन गर्ग ने कहा कि देशभक्ति केवल सीमा पर देश की रक्षा करने तक सीमित नहीं है बल्कि देश के भीतर ईमानदार जिम्मेदार अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनना भी सच्ची देशभक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग करते हुए निष्ठा और लगन के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन नैंसी सिमरन लाल मान्या कृतिका सुमाना एवं अनोखी सिन्ह ने किया मौली दास गुप्ता ने अतिथियों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जेएमबीएल सेस और प्रस्तावित एमएम डीआर संशोधन के खिलाफ राजद जिलाध्यक्ष ने जताई चिंता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** खनिज वहन भूमि उपकर जेएमबीएल सेस एवं प्रस्तावित एमएम डीआर संशोधन विधेयक 2026 को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के गिरिडीह जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र सरकार के प्रस्तावित संशोधन पर गंभीर चिंता जताई है उन्होंने कहा कि यह मामला केवल राजस्व से जुड़ा नहीं बल्कि झारखंड के वित्तीय एवं विधायी अधिकारों तथा राज्य की स्वायत्तता से भी सीधे जुड़ा हुआ है इरफान आलम ने कहा कि केंद्र



सरकार द्वारा एमएमडीआर एक्ट 1957 में प्रस्तावित संशोधन के माध्यम से खनिज अधिकारों अथवा खनिजयुक्त भूमि पर राज्य सरकारों द्वारा कर उपकर एवं अन्य लेवी लगाने के अधिकार को सीमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2024 में सर्वोच्च न्यायालय की नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने खनिजयुक्त भूमि को भूमि की श्रेणी में मानते हुए ऐसी भूमि पर राज्य सरकारों के कर एवं उपकर लगाने के अधिकार को मान्यता दी थी इसके बाद झारखंड विधानसभा ने झारखंड मिनरल बेयरिंग लैंड सेस अधिनियम 2024 पारित किया उन्होंने कहा कि झारखंड देश को कोयला लौह अयस्क समेत कई महत्वपूर्ण खनिज संसाधन उपलब्ध कराता है लेकिन खनन गतिविधियों का सबसे अधिक प्रभाव स्थानीय लोगों और खनन प्रभावित क्षेत्रों पर पड़ता है विस्थापन भूमि क्षरण पर्यावरणीय नुकसान जल एवं वायु प्रदूषण तथा आधारभूत संरचनाओं पर बढ़ता दबाव इसके प्रमुख उदाहरण हैं ऐसे में खनिज संपदा से प्राप्त होने वाले राजस्व का उचित हिस्सा राज्य की जनता और खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर खर्च होना चाहिए प्रेस वार्ता में उपलब्ध दस्तावेजों के हवाले से बताया गया कि जेएमबीएल सेस से राज्य को वर्ष 2024-25 में 1,379 करोड़ रुपये वर्ष 2025-26 में 7,488 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2026-27 में अनुमानित 13,215 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त होने की बात सामने आई है इरफान आलम ने आशंका जताई कि यदि जेएमबीएल सेस को समाप्त या सीमित किया जाता है तो झारखंड को प्रतिवर्ष करीब 13 हजार करोड़ रुपये तक के संभावित राजस्व से वंचित होना पड़ सकता है इसका असर सामाजिक सुरक्षा महिला सशक्तीकरण, शिक्षा स्वास्थ्य ग्रामीण विकास और खनन प्रभावित क्षेत्रों की योजनाओं पर पड़ने की आशंका है राजद जिलाध्यक्षइरफान आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भी इस मुद्दे पर विरोध दर्ज कराते हुए आंदोलन की बात कही गई है ऐसे में जनता को प्रस्तावित संशोधन के संभावित प्रभावों से अवगत कराना और झारखंड के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाना जरूरी है उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि खनिज उत्पादक राज्यों से पर्याप्त परामर्श किए बिना ऐसे महत्वपूर्ण कानूनों में बदलाव नहीं किया जाए राज्यों के वित्तीय एवं विधायी अधिकारों तथा संघीय व्यवस्था की भावना का सम्मान किया जाना चाहिए इरफान आलम ने कहा कि यह लड़ाई केवल किसी एक उपकर या राजस्व की नहीं बल्कि झारखंड के विकास खनन प्रभावित परिवारों स्थानीय समुदायों और राज्य के दीर्घकालिक हितों की लड़ाई है।

# खनिज संशोधन विधेयक संविधान पर हमला, केंद्र सरकार वापस ले विधेयक : संजय सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** खनिज वहन भूमि उपकर जेएमबीएल सेस एवं प्रस्तावित एमएमडीआर संशोधन विधेयक-2026 के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो ने मोर्चा खोल दिया है रविवार को नया परिसदन भवन में झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर केंद्र सरकार से प्रस्तावित खनिज संशोधन विधेयक वापस लेने की मांग की गई प्रेस को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि जमीन झारखंड की कोयला झारखंड का पानी झारखंड का बिजली झारखंड की प्रदूषण और विस्थापन झारखंड के लोगों को झेलना पड़ेगा तो फिर मालिक केंद्र सरकार कैसे बन सकती है उन्होंने



कहा कि झारखंड की जनता इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। केंद्र सरकार इस विधेयक को वापस ले अन्यथा झामुमो इसके खिलाफ जोरदार और आर-पार का आंदोलन करेगा संजय सिंह ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन के जरिए राज्यों के खनिजयुक्त भूमि पर कर एवं उपकर लगाने के अधिकार को सीमित करने का प्रयास किया जा रहा है यह राज्य के वित्तीय एवं विधायी अधिकारों को प्रभावित करने वाला कदम है उन्होंने कहा कि इससे मंईयां सम्मान योजना सर्वजन पेंशन योजना अबुआ आवास योजना के साथ शिक्षा स्वास्थ्य सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी असर पड़ सकता है उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के खनिजों पर सेस लगाने संबंधी फैसले में खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की आजीविका प्रदूषण और विस्थापन जैसे मुद्दों को ध्यान में रखा गया था झामुमो नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्य के हितों की अनदेखी कर रही है पार्टी नेताओं ने कहा कि खनन से प्रभावित क्षेत्रों के विकास और जनकल्याण के लिए खनिज राजस्व का उपयोग जरूरी है झामुमो के अनुसार जेएमबीएल सेस से राज्य को वर्ष 2026-27 में करीब 13,215 करोड़ रुपये संभावित राजस्व प्राप्त हो सकता है ऐसे में इस राजस्व के अधिकार को सीमित करना झारखंड के हित में नहीं है प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेयर प्रमिला मेहरा उपमेयर सुमित कुमार जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार पप्पु, शाहनवाज अंसारी जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा नगर अध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी जिला सह सचिव दिलीप रजक समेत पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### अग्रसेन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह (ताराटांड़)।** चिहुंटिया ताराटांड़ स्थित काशीराम एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित अग्रसेन पब्लिक स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह उमंग और देशभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया गया नन्हे-मुन्ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के बच्चों द्वारा निकाली गई भव्य प्रभात फेरी से हुई इसके बाद विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया तिरंगे के सम्मान में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति का संकल्प लिया समारोह के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

# कांवरियों से भरा ऑटो पलटा पांच घायल, सभी रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चांदन (बांका)।** चांदन देवघर मुख्य सड़क मार्ग के बिहाई मोड़ के समीप कावंरिया से भरी एक ओटो पलटने से पांच कावंरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आज शाम करीब 5:45 बजे घायल सभी कावंरिया सुल्तानगंज से जल भरकर बाबाधाम देवघर पुजा करने जाने के दौरान बिहाईमोड़ के समीप पहुंचते ही सामने कावंरिया से भरी एक गाड़ी आ जाने से ओटो चालक ने किसी गाड़ी को साईड देने के दौरान, आटो कि संतुलन विगड़ गयी।जिससे ओटो सड़क पर पलट गई। जिसमें सवार सहडोल (मध्यप्रदेश) निवासी पालन वर्मा, चमेली कुमारी, संदीप सिंह



चतुवेर्दी, पप्पू मिश्रा एवं छोटे लाल मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सुचना पर पहुंचे डॉ० शशिकांत कुमार ने घटना स्थल से सभी घायलों को सीएचसी चांदन पहुंचाकर प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल देवघर रेफर कर दिया।

# स्वतंत्रता दिवस पर लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट ने किया ध्वजारोहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट की ओर से अविष्कार डायग्नोस्टिक्स परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान और देशभक्ति का संदेश दिया इस अवसर पर क्लब की ओर से सेवा कार्य भी किया गया स्नेहदीप वृद्धाश्रम में निवास कर रहे करीब 40 वृद्धजनों के बीच फल एवं पौष्टिक आहार के पैकेट वितरित किए गए क्लब सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीजन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता लायन डॉ. सुमन कुमार लायन मसरूर आलम सिद्दीकी




लायन सुदीप गुप्ता लायन दशरथ प्रसाद सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे क्लब के सदस्यों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व मनाने का अवसर नहीं बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा और उनके साथ खुशियां साझा करने का भी दिन है लायंस क्लब गिरिडीह एलीट द्वारा सामाजिक एवं मानव सेवा के कार्यों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के भव्य प्रांगण में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया समारोह के मुख्य अतिथि सह एलएमसी चेयरमैन एवं सीसीएल गिरिडीह क्षेत्र के महाप्रबंधक कन्हैया शंकर गयाल सहित सीसीएल के अधिकारियों एवं अतिथियों का विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया वैदिक मंत्रोच्चार एवं रोली तिलक के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया गया समारोह की शुरूआत विद्यालय परिसर स्थित कारगिल शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई इसके बाद मुख्य अतिथि कन्हैया शंकर गयाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया राष्ट्रगान एवं देशभक्ति गीतों से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा एनसीसी कैडेट्स तथा चारों हाउस के विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट कर तिरंगे को सलामी दी प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने अपने स्वागत भाषण में स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा देना नहीं बल्कि उनमें संस्कार अनुशासन राष्ट्रप्रेम एवं मानवीय मूल्यों का विकास करना भी है। उन्होंने समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सीसीएल अधिकारियों अभिभावकों शिक्षक शिक्षिकाओं कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार जताया समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत सामूहिक नृत्य, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रस्तुति तथा क्षेत्रीय संस्कृति से जुड़े नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।

## एक नजर

### 20 अगस्त को सीएम आवास घेराव करेंगे छात्र

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के दधपी मोड़ के समीप एक नियंत्रित ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी जिसमें ऑटो सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान मिर्जापुर गांव निवासी अंकित कुमार के रूप में की गई है। जबकि जख्मी उमेश कुमार है। दानों सगे भाई है। फिलहाल, जख्मी उमेश सदर अस्पताल में इलाजरत है। घटना की सूचना पर पहुंचे जिला पार्षद शंकर यादव एवं स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अंकित कुमार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिला पार्षद शंकर यादव ने जिला प्रशासन से मृतक के आश्रितों के लिए उचित मुआवजे की मांग की है।

### स्केटिंग करते हुए 105 किमी की यात्रा कर पहुंचे बाबा धाम

**देवघर।** श्रावणी मेला में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए देशभर से श्रद्धालु देवघर पहुंच रहे हैं। इनमें कई श्रद्धालु अनोखे अंदाज में अपनी भक्ति और साधना से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। खगड़िया के रूपेश कुमार और पश्चिम बंगाल के हावड़ा के राजा चौधरी भी इनमें शामिल हैं। खगड़िया निवासी रूपेश कुमार स्केटिंग करते हुए सुल्तानगंज से देवघर पहुंचे। उन्होंने करीब 105 किलोमीटर की दूरी लगभग दो दिनों में पूरी की। रूपेश ने बताया कि उन्हें स्केटिंग का काफी शौक है और वह इसमें करियर बनाना चाहते थे, लेकिन मौका नहीं मिल सका। ऐसे में उन्होंने अपनी इसी कला को बाबा भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा के रूप में समर्पित करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि सुल्तानगंज से देवघर तक स्केटिंग करते हुए पहुंचना आसान नहीं था। रास्ते में कहीं कच्ची सड़क तो कहीं फिसलन भरी सड़क के कारण परेशानी हुई। इसके बावजूद बाबा के दरबार तक पहुंचने की ललक और मन में आस्था ने उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दिया।

### पिकअप बिजली पोल से टकराई, आठ घायल

**कतरीसराय।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के बादी मोड़ के समीप रविवार को देवघर से जलाभिषेक कर लौट रहे कांवरियों से भरी पिकअप वैन सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में वाहन सवार आठ कांवरिया घायल हो गए। इनमें दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पावापुरी स्थित विम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज कतरीसराय पीएचसी में चल रहा है। घायलों में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के खरुआ गांव निवासी मनोज कुमार, पिता शिवनाथ, शैलेश कुमार, पिता श्रीनाथ, रामबाबू, पिता हरि प्रसाद, राहुल कुमार, पिता दिनेश सिंह और सोमनाथ, पिता मनन सिंह शामिल हैं। अन्य घायलों के नाम की जानकारी पुलिस जुटा रही है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** दुर्गापुर क्षेत्र में रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि युवक अपनी प्रसूता बहन को वीम्स पावापुरी में भर्ती कराने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान दुर्गापुर के समीप उसकी बाइक को टक्कर एक टोटो से हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां युवक का शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### समाज को मजबूत बनाने, शिक्षा के प्रसार तथा युवाओं को बेहतर दिशा देने पर बल

**औरंगाबाद।** यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को दाउदनगर में नगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज को संगठित और मजबूत बनाने, शिक्षा के प्रसार तथा युवाओं को बेहतर दिशा देने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। समाज के बच्चों और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सामाजिक एकता, आपसी भाईचारा और संगठन को मजबूत करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्र में समाज के लोगों के साथ कथित रूप से गाली-गलौज, मारपीट और दुर्व्यवहार की घटनाओं को लेकर भी नाराजगी जताई गई। महासभा के सदस्यों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी जनप्रतिनिधि के नाम या प्रभाव का इस्तेमाल कर समाज के लोगों के साथ दुर्व्यवहार करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि समाज के सम्मान और स्वाभिमान के साथ किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में दाउदनगर थाना प्रशासन के कथित पक्षपातपूर्ण रवैये को लेकर भी सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। महासभा की ओर से मांग की गई कि किसी भी मामले में निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई हो, चाहे वह किसी भी पक्ष से संबंधित क्यों न हो।

### केशव उच्च विद्यालय सोननगर में प्रधानाध्यापिका ने फहराया तिरंगा




**बारून।** केशव उच्च विद्यालय, सोननगर, बारून में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रमिला कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह का माहौल रहा।

### राजकीय मध्य विद्यालय नरची में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**देव।** देव प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय नरची में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश पासवान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी।

### राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, औरंगाबाद में देशभक्ति, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच 80वां स्वतंत्रता दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर स्थित 'शेर-ए-बिहार' राम लखन सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करने के साथ हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने ध्वजारोहण किया।

# एनएचएम की अभियान निदेशक ने मोहनपुर सीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** संथाल परगना में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर और सुदृढ़ बनाने को लेकर राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में रविवार को राष्ट्र स्वास्थ्य मिशन की अभियान निदेशक आराधना पटनायक ने देवघर जिले के मोहनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और एनक्यूएएस सर्टिफाइड जमुनिया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान अभियान निदेशक ने जमुनिया आयुष्मान आरोग्य मंदिर में संस्थागत प्रसव की सुविधा शुरू करने के निर्देश पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और आम लोगों को इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया।

एनएचएम की अभियान निदेशक आराधना पटनायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और स्वास्थ्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और सुविधाओं का लाभ तभी अधिक लोगों तक पहुंचेगा, जब लोगों को इसकी सही और पूरी जानकारी होगी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

**मोहनपुर सीएचसी की व्यवस्था से संतुष्ट दिखीं अभियान निदेशक**

मोहनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के अंतर्गत आता है। निरीक्षण के दौरान केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं को देखकर अभियान निदेशक ने संतुष्टि जाहिर की। इस दौरान उन्होंने जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति की भी जानकारी पदाधिकारियों से ली।

**संथाल के स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति की ली जानकारी**

अभियान निदेशक ने संथाल परगना के पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, दुमका और जामताड़ा समेत विभिन्न जिलों की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी अधिकारियों से ली। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में मौजूद कमियों को दूर करने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के ग्रामीण और आदिवासी बहुल इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को प्रचार-प्रसार के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

# जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामला: पलामू में सीआइडी और पुलिस की छापेमारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड लोक सेवा आयोग और जेएसएससी में हुई गड़बड़ी के मामले में सीआईडी और पलामू पुलिस का संयुक्त टीम ने एक बार फिर से छापेमारी किया है। दरअसल, जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी के मामले में पलामू में दो शिक्षक आरोपी हैं और दोनों फरार चल रहे हैं। दोनों शिक्षकों की गिरफ्तारी के लिए सीआईडी और पलामू पुलिस ने एक सप्ताह में दूसरी बार छापेमारी की है। इससे पहले 12 अगस्त को सीआईडी और पलामू पुलिस की टीम ने छापेमारी की थी। उस दौरान भी दोनों शिक्षक घर से फरार मिले थे। इससे पहले 3 अगस्त को पलामू के मेदिनीनगर और नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में सीआईडी और पलामू पुलिस की एक संयुक्त टीम ने छापेमारी की थी। इस छापेमारी में शिक्षक संतोष कुमार सिंह के नौडीहा बाजार और मेदिनीनगर के हमीदगंज स्थित घर से जेपीएससी और जेएसएससी से जुड़े हुए कई दस्तावेज बरामद हुए। वहीं मेदिनीनगर के हनुमान नगर में सीआईडी और पलामू पुलिस ने संयुक्त रूप से शिक्षक रविशंकर के घर पर छापेमारी की।

मेदिनीनगर केटाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने बताया कि दोनों आरोपियों के घर पर छापेमारी की गई है दोनों शिक्षक फरार चल रहे है। उन्होंने बताया कि छापेमारी में सीआईडी और पलामू पुलिस की टीम शामिल थी।

# झारखंड में मानसून का असरः अगले तीन दिन तक होगी झमाझम बारिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मानसून की गतिविधियां तेज होती दिख रही हैं। मौसम केंद्र रांची के 16 अगस्त के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले तीन दिनों तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा।

आज रविवार को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज और मेघ गर्जन की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से और उससे सटे पश्चिम बंगाल-उत्तर ओडिशा तट पर बना निम्न दबाव क्षेत्र अगले 24 घंटे में उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ सकता है। 16 अगस्त को झारखंड के कई हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना है। दक्षिणी झारखंड और उससे जुड़े मध्य इलाकों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम चेतावनी में खास तौर पर गुमला और खूंटी के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही राज्य में कहीं-कहीं गरज-वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

# झारखंड की शानदार शुरुआत, चंडीगढ़ को दी शिकस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पुणे, महाराष्ट्र में 12 से 23 अगस्त 2026 तक आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में हॉकी झारखंड की टीम ने शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में झारखंड ने हॉकी चंडीगढ़ को 6-0 से एकतरफा अंदाज में हराया। मैच की शुरुआत से ही झारखंड की खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और चंडीगढ़ की टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। झारखंड की ओर से पुष्पा डांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। वहीं एस्थर होरो, सरोज मुंडरी, जमुना कुमारी और संगीता कुमारी ने एक-एक गोल कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। झारखंड की कप्तान रजनी केरकेट्टा ने भी पूरे मुकाबले में प्रभावी प्रदर्शन किया। उनके शानदार खेल के लिए




उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हॉकी झारखंड के महासचिव मनोज प्रसाद ने टीम को जीत की बधाई देते हुए कहा कि चैंपियनशिप के पहले ही मुकाबले में खिलाड़ियों ने जिस तरह का अनुशासन, तालमेल और आक्रामक खेल दिखाया है, वह उत्साह बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि टीम ने मजबूत शुरुआत की है और उम्मीद है कि खिलाड़ी आने वाले मुकाबलों में भी इसी आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करेंगी। हॉकी झारखंड की ओर से पूरी टीम को आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। झारखंड महिला टीम में गोलकीपर गंगी बरला और सोनाली तिर्की के अलावा सरोज कुमारी, जिरेन सोय, एस्थर होरो, संगीता कुमारी, अनीषा कुल्लू, सलोमी नाग, गुलजन कुमारी, रजनी केरकेट्टा, पुष्पा डांग, अनुप्रिया सोरेंग, रीना कुल्लू, स्वीटी डुंगडुंग, सरोज मुंडरी, सुकरमनी मुंडू, लियोनी हेमरोम और जमुना कुमारी शामिल हैं। टीम के मुख्य कोच विकास पंत, सहायक कोच अभिषेक कुमार, मैनेजर दिव्या डुंगडुंग और फिजियो स्वीटी खातून हैं।

झारखंड टीम की इस शानदार शुरुआत से खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में उत्साह है। अब टीम की नजर आगामी मुकाबलों में जीत की लय बरकरार रखने पर होगी।

# जमशेदपुर में 27 लाख आबादी पर सिर्फ 25 सरकारी एंबुलेंस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिले में 27 लाख की आबादी पर महज 25 सरकारी एंबुलेंस हैं। इनमें 108 सेवा की 16 एंबुलेंस चालू हालत में हैं। प्रसव के लिए अलग से 94 ममता वाहन उपलब्ध हैं। अस्पतालों में खड़ी एंबुलेंस का उपयोग सीएचसी से एमजीएम या सदर अस्पताल तक मरीजों को पहुंचाने के लिए होता है। ममता वाहन केवल प्रसव और एक साल तक के बच्चों के इलाज के लिए जाते हैं। वहीं, 108 एंबुलेंस की उपलब्धता को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। एंबुलेंस के अभाव में एक सप्ताह में दो मरीजों की मौत हो चुकी है। कई एंबुलेंस की स्थिति भी ठीक नहीं है, जिससे मरीजों की जान पर खतरा बना हुआ है।

**मुख्यालय में शिकायत करेंगे सिविल सर्जन**

डॉ. साहिर पाल ने कहा कि इस संबंध में पिछले दिनों एफआईआर की गई थी। बार-बार ऐसी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सुधार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यालय को पूरी जानकारी देते हुए पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी सीएचसी और पीएचसी से एंबुलेंस की स्थिति की रिपोर्ट मांगी गई है। खराब एंबुलेंस को तत्काल ठीक कराया जाएगा।

**फोन करने के बाद भी नहीं पहुंची एंबुलेंस**

शनिवार को गालूडीह में एक बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर 108 एंबुलेंस को फोन किया गया। काफी इंतजार के बावजूद एंबुलेंस नहीं पहुंची। इसके बाद परिजन बच्ची को ऑटो से शहर के निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

# उत्पाद विभाग कार्यालय में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग कार्यालय, पडरावां में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यालय परिसर में उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार राय ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इसके बाद अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। समारोह में राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की रक्षा का संकल्प दोहराया गया। विभागीय अधिकारियों व कर्मियों ने शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा नशा मुक्ति अभियान को गति देने की प्रतिबद्धता जताई। अधिकारियों ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने और शराबबंदी के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मौके पर उत्पाद निरीक्षक अभिषेक आनंद, अवर निरीक्षक रहमत जमा, किशन कुमार, अशोक कुमार, एएसआई संजय रजक व पंकज कुमार सहित प्रधान लिपिक मनोज कुमार सिंह, लिपिक प्रशांत मिश्रा, एमटीएस मनीष कुमार सिंह, रवि कुमार एवं सुदामा ठाकुर मौजूद रहे।

# समाजसेवी हरिनारायण सोनी के निधन पर शोकसभा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाजसेवी एवं संकट मोचन मानस मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिनारायण सोनी के आकस्मिक निधन पर धर्मशाला मोड़ स्थित संकट मोचन मानस मंदिर ट्रस्ट के हॉल में शोकसभा आयोजित की गई। ट्रस्ट कमेटी एवं उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने हरिनारायण सोनी के सामाजिक एवं व्यवहारिक व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे मिलनसार, सरल और समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई कठिन है।

वक्ताओं ने कहा कि हरिनारायण सोनी संकट मोचन मानस मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में भी सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनके योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा। शोकसभा में सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, नगर परिषद चेयरमैन उदय कुमार गुप्ता, रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, सरस्वती आराध्य समिति चेयरमैन शिव गुप्ता, पंकज गुप्ता, मुख्य संरक्षक एपीपी राजाराम चौधरी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही, जितेंद्र पासवान, राहुल गुप्ता, अनिल ओड़िया, सुनील चौधरी, अनुप कुमार, आशीष खत्री, अंशु कुमार, किशन कुमार, अर्जुन कुमार, राहुल कुमार, विकास चौधरी, संजय सोनी, मंटु सोनी, मनीष पासवान, अम्बिका सिंह, कुश चौधरी, शंकर चौधरी, प्रभात कुमार, बारूद भाई, भीम गुप्ता, गुड्डू सोनी, विकास कुमार, करण पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में लहराया तिरंगा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, उमंग और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और निजी प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य समारोह ऐतिहासिक हरिश्चन्द्र स्टेडियम में हुआ, जहां जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मौके पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश, डीसी नीलिमा साहू, विधायक विभा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में परेड, देशभक्ति कार्यक्रम और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान हुआ। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी रवि प्रकाश, विकास भवन में डीसी नीलिमा साहू और अनुमंडल कार्यालय में सदर एसडीओ अमित अनुराग ने ध्वजारोहण किया। टाउन थाना में इंस्पेक्टर, जिला परिवहन कार्यालय में डीटीओ रंजीत कुमार, जिला परिषद कार्यालय में अध्यक्ष पुष्पा देवी और नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने तिरंगा फहराया। प्रजातंत्र द्वार पर उपमुख्यमंत्री कंचन विश्वकर्मा तथा नगर भवन में कार्यपालक पदाधिकारी समिति कुमार ने ध्वजारोहण किया। मॉडल इंग्लिश स्कूल में डॉ. अनुज सिंह, जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में डॉ. आर.पी. साहू और धुन पब्लिक स्कूल में रूपक कुमार ने ध्वजारोहण

# हसपुरा में शान से लहराया तिरंगा, स्वतंत्रता दिवस पर गूंजा देशभक्ति का जज्बा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हसपुरा प्रखंड में शनिवार को देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। प्रखंड मुख्यालय से लेकर पंचायत भवनों, सरकारी-गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और विभिन्न सामाजिक संस्थानों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहराया गया। तिरंगे को सलामी देने के साथ लोगों ने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया।

प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने झंडोत्तोलन किया। थाना परिसर में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, बीआरसी एवं कृषि कार्यालय में बीएओ रंजीत कुमार, कस्तूरबा विद्यालय में वार्डेन रंभा कुमारी, बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ तृप्ति सिन्हा, व्यापार मंडल में अध्यक्ष जयकृष्ण पटेल ने राष्ट्रध्वज फहराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. चंदन कुमार, खाद्य आपूर्ति कार्यालय में एमओ



अभिनीत कुमार, रामदेव प्रसाद सैनिक महिला महाविद्यालय में प्राचार्य गीता कुमारी और हसपुरा हाई स्कूल में मनोज कुमार ने तिरंगा फहराकर सलामी दी।

पंचायत स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। अमझरशरीफ पंचायत भवन में मुखिया पम्मी कुमारी, हसपुरा पंचायत भवन में मुखिया संगीता कुमारी, अहियापुर पंचायत भवन में मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुनू शर्मा, जैतपुर पंचायत सरकार भवन में मुखिया सत्येंद्र पासवान, इटवां पंचायत में मुखिया राकेश कुमार राम, मलहारा पंचायत भवन में मुखिया संतोष सौंडिक और सोनहथु पंचायत में मुखिया पूनम कुमारी ने झंडोत्तोलन किया।

अहियापुर ग्राम कचहरी में सरपंच बखोरा खां, पुरहारा कचहरी में सरपंच सुरेंद्र कुमार सुमन, हसपुरा पैक्स गोदाम में अध्यक्ष ओम चौधरी, डिंडीर पैक्स गोदाम में संजीत शर्मा, अहियापुर पैक्स गोदाम में अध्यक्ष मालती कुमारी और अमझरशरीफ पैक्स गोदाम में अध्यक्ष सब्या कुमारी ने तिरंगे को सलामी दी।

राजनीतिक दलों के कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित हुआ। राजद कार्यालय में अध्यक्ष मनीष कुमार, जदयू कार्यालय में अरुण कुमार, भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार तथा रालोमो प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया।

शिक्षण संस्थानों में बच्चों और शिक्षकों में खासा उत्साह देखा गया। अहियापुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रधानाचार्य अंबुज कुमार, मध्य विद्यालय अल्पा में प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध कुमार, पचरुखिया बाजार स्थित पैराडाइज कोचिंग सेंटर में निदेशक रणधीर कुमार, साधना संगीत महाविद्यालय में निदेशक रौशन कुमार तथा सिहाड़ी में टोला सेवक ललन चौधरी ने झंडोत्तोलन किया। समारोह के दौरान विभिन्न जगहों पर देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से माहौल राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत रहा।

# अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में एक पौधा भी लगाया गया। उपस्थित नेताओं ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठन के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। उनके विचार और आदर्श भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप रंजन, सतीश सिन्हा, जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता,उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा,नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, प्रवक्ता राधेश्याम चौधरी,मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार,सोशल मीडिया संयोजक नील नितिन, भाजयुमो महामंत्री विकास चौधरी, बबलू वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जेपी प्रजातंत्र चौक पर शान से लहराया तिरंगा

**नवादा** । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी मनीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जेपी प्रजातंत्र चौक पर झंडोत्तोलन किया गया। राष्ट्रगान के बाद तिरंगे को सलामी दी गई और सैकड़ों लोगों के बीच जलेबी का वितरण किया गया। मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि आजादी इतनी सस्ती नहीं है, इसके लिए हजारों लोगों ने अपना बलिदान दिया है। जेपी सेनानी मनोहर पासवान ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग को याद किया। जिला पार्षद चंद्रिका यादव ने देश को विविधताओं से भरा गुलदस्ता बताया। वक्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आजाद हिंद फौज और वीर क्रांतिकारियों के योगदान को स्मरण करते हुए युवाओं में देशभक्ति की भावना मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शशि भूषण प्रसाद उर्फ बबलू सिन्हा, सरोज चौधरी, संतोष मोदी, राधेश्याम चौधरी, सुबोध लाल सहित कई लोग मौजूद रहे। राम शरण, छोटू, सोहन प्रसाद समेत ब्रिगेड

# हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस






**नबिटा टीम**

अररिया/शिवाजीनगर/नगरनौसा/गयाजी। मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में 80वें 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभातफेरी से किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी शामिल थे। विद्यालय के वर्ग कप्तान ने मुख्य अतिथि डॉ बी के सिंह एवं उनके साथ प्राचार्य डॉक्टर पाराशर त्यागी का स्वागत स्काउट परेड द्वारा कर ध्वजारोहण के लिए ध्वज स्थल तक स-सम्मान ले जाया गया एवं मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वज फहराते ही बच्चों के द्वारा तालियों की गरगराहट से परिसर गुंजायमान हो उठा। छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति पर नृत्य कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। छात्र एवं छात्राओं के द्वारा आकर्षक पिरामिड का प्रदर्शन भी किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा विगत 14 अगस्त को एक ड्राइंग प्रतियोगिता हुई जिसमें कक्षा 1 से 10 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट 10 प्रतिभागी क्रमशः - स्नेहा,रक्षा परमार, अदिति, आयुषी, रिमझिम, शालू, श्रेया झा, सारिका, मो०आमन आलम को नितीशा श्रीवास्तव एवं कृपाशंकर द्विवेदी, डॉ० बी एन झा द्वारा मेमेंटो प्रदान किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ० संजय प्रधान ने सबों को एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया और कहा कि तिरंगा हमारा आन बान शान है।

**शिवाजी नगर से संवाददाता के अनुसार** प्रखंड में 80 वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को शिवाजी नगर प्रखंड क्षेत्र में पूरे उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र में उत्सवी माहौल बना रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी में निर्धारित समय पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। झंडोत्तोलन के बाद उपस्थित पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। समारोह में अंचलाधिकारी अंबापाली यादव, पंचायती राज पदाधिकारी नाजिश परवीन, महिला पर्यवेक्षिका बबीता कुमारी, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड कर्मी मौजूद रहे। सरकारी एवं निजी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, देशभक्ति गीत और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कई स्थानों पर बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया पूरे दिन शिवाजी नगर प्रखंड क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बना रहा। घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा शान से लहराता नजर आया।

**नगरनौसा (नालंदा) से संवाददाता के अनुसार** देश की आजादी का 80वां स्वतंत्रता दिवस नगरनौसा प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही पूरा प्रखंड देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दीं।प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख अंतरा देवी ने ध्वजारोहण किया। वहीं नगरनौसा थाना परिसर में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, नगरनौसा पंचायत में मुखिया पूनम कुमारी, दामोदरपुर बलधा पंचायत में मुखिया ललिता देवी, कैला पंचायत में मुखिया शंभू कुमार, भुतहाखार पंचायत में मुखिया नीरजा कुमारी, काछियावां पैक्स में पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत कुमार तथा भाजपा प्रखंड कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय ने तिरंगा फहराकर क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

**गयाजी से संवाददाता के अनुसार** गया कॉलेज, गया में देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह स्मारक पार्क में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से वंदे मातरम्‌के गायन से हुआ। इसके पश्चात गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने राष्ट्रध्वज फहराया तथा सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में ठरर स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी के दौरान ह्यहर घर तिरंगा सम्मान यात्राह्ल भी निकाली गई जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के कोऑर्डिनेटर डॉ पिंटू कुमार ने उपस्थित होकर शिक्षकों का हौसलावर्धन किया। तिरंगा यात्रा गया कॉलेज के गेट संख्या-1 से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों से गुजरते हुए गया कॉलेज के प्रशासनिक भवन परिसर में समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में ठरर स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रभक्ति एवं देशप्रेम का संदेश दिया।

# पंचायत चुनाव की हलचल तेज

## संभावित उम्मीदारों की बढ़ी धड़कनें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा**। बिहार में पंचायत चुनाव की आहट के साथ गांवों में सियासी हलचल तेज होने लगी है। इस बार चुनावी चर्चा सिर्फ आरक्षण पर नहीं, पंचायतों के संभावित परिसीमन पर भी टिकी है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायतों की सीमाओं में बदलाव की तैयारी से संभावित उम्मीदवारों की धड़कन बढ़ गई है।

कौन-सा गांव किस पंचायत में जाएगा और कहां नई पंचायत आकार लेगी, इसे लेकर कयासों का दौर शुरू है। परिसीमन हुआ तो कई पुराने समीकरण बदल सकते हैं और नए दावेदारों के लिए चुनावी मैदान खुल सकता है। ऐसे में पंचायतों की सीमा ही तय करेगी कि किसकी सियासी जमीन मजबूत होगी और किसका किला हिलेगा।

पंचायत चुनाव की दस्तक से पहले दरभंगा जिले के केवटी में इस बार आरक्षण से ज्यादा पंचायत परिसीमन की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। किस गांव का पता बदलेगा, कौन-सा इलाका नई पंचायत का हिस्सा बनेगा और कहां नई पंचायत का गठन होगा—इन सवालों ने संभावित उम्मीदवारों की धड़कन बढ़ा दी है। प्रखंड मुख्यालय से लेकर गांव की चौपाल तक अब परिसीमन ही चुनावी चर्चा का केंद्र बन गया है।

राज्य सरकार ने वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायतों के परिसीमन की प्रक्रिया को मंजूरी दी है। इसके बाद संभावित उम्मीदवार नई पंचायतों की सीमाओं और गठन की संभावनाओं पर नजर रख रहे हैं। अब तक पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण की संभावित सूची पर ही सबसे अधिक चर्चा होती थी। इस बार गांवों के पंचायतवार पुनर्गठन को लेकर लोगों की उत्सुकता अधिक है। परिसीमन की संभावित तस्वीर जानने के लिए कई भावी उम्मीदवार प्रखंड मुख्यालय का रुख कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि पंचायतों की सीमाएं बदलने के साथ चुनावी समीकरण भी बदलेंगे। नई पंचायत बनने की स्थिति में कई नए दावेदारों के लिए चुनाव मैदान में उतरने का अवसर पैदा हो सकता है।

जानकारों के अनुसार परिसीमन के बाद पंचायतों की संख्या बढ़ी तो मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, पंच और जिला परिषद सदस्य के पदों की संख्या में भी वृद्धि हो सकती है।

# कांवरिया बस में टूरिस्ट बस ने मारी ठोकर

## अजगैबीनाथ धाम से लौट रहे थे दरभंगा के 27 कांवरिये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर**। मुंगेर-भागलपुर मुख्य मार्ग पर बोचाही के समीप शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। सड़क किनारे बस खड़ी कर भोजन करने के बाद आराम कर रहे कांवरियों के जत्थे की बस में पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित टूरिस्ट बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में पांच कांवरिए गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरातफरी मच गई।

हादसे की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों को त्वरित रेस्क्यू कर इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल पहुंचाया।सदर अस्पताल में इलाजरत घायल कांवरियों की पहचान दरभंगा जिले के जाले थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर गांव निवासी छट्ठू शर्मा, रामलखन यादव, बैजनाथी यादव सहित अन्य के रूप में हुई है।

कांवरियों ने बताया कि उनके दल में कुल 27 श्रद्धालु शामिल थे। वे सभी सावन में देवघर में जलाभिषेक करने के बाद सुल्तानगंज स्थित बाबा अजगैबीनाथ धाम में पूजा-अर्चना कर अपने घर दरभंगा लौट रहे थे। शनिवार को मुंगेर के बोचाही के पास उन्होंने सड़क किनारे बस रोकी थी। सभी कांवरिए खाना खाने के बाद वहीं बस के पास आराम कर रहे थे, तभी पीछे से आ रही टूरिस्ट बस ने उनकी खड़ी बस में जोरदार टक्कर मार दी। मुंगेर सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो कांवरियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें विशेष निगरानी में रखा है। मामले की जानकारी देते हुए यातायात डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि टक्कर मारने वाली टूरिस्ट बस को पुलिस ने मौके से जब्त कर लिया है और चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

डीएसपी ने पीड़ित परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 'पीएम राहत योजना' के तहत घायलों को डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को उच्चस्तरीय इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कराने की पूरी व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस पर लोक गायक रामेश्वर गोप हुए पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर**। सारण जिले के लोक गायक व शिक्षक रामेश्वर गोप को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद पटना द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर पुरस्कृत किया गया। आईसीसीआर व पासपोर्ट कार्यालय पटना में आयोजित सांस्कृतिक मंच से गायक गोप ने रघुवीर नारायण की चर्चित सुंदर सुभूमि भैया भारत के देशवा से मोरे प्राण बसे हिम खोह रे बटोहिया। देश भक्ति गीत की प्रस्तुति के साथ महेंद्र मिश्र रचित नोटवा जे छापी छापी गिनिया भजवल ए महेंद्र मिसिर जैसे देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में भिखारी ठाकुर रचित बिदेशिया नाटक के गीतों की भी प्रस्तुति गायक गोप द्वारा किया गया।

# 20 को सीएम आवास घेरेंगे छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची।झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच के नेतृत्व में चल रहा प्रदर्शन शनिवार को 22वें दिन भी जारी रहा। छात्रों ने सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पर उनके मुद्दों को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

आंदोलनकारी छात्रों ने ऐलान किया कि वे 20 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव करेंगे और मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग रखेंगे। छात्रों ने रविवार को राज्य के सभी 24 जिलों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुतले फूंकने की भी घोषणा की है।

जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच के नेता रविंद्र पासवान ने कहा कि 20 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जेएमएम और कांग्रेस छात्रों के मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। छात्रों ने राहुल गांधी से भी अपील की कि यदि मुख्यमंत्री उनकी बात नहीं सुन रहे हैं तो कांग्रेस को जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लेना चाहिए। छात्र नेताओं का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं करती, आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर छात्रों ने शनिवार को रांची में 'तिरंगा यात्रा' निकाली।

यात्रा जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक तक पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में छात्र और नौकरी के अभ्यर्थी शामिल हुए। दो व्हीलचेयर पर बैठे प्रदर्शनकारी भी भूख हड़ताल के साथ यात्रा में शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर छात्रों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ कुछ परीक्षाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी भर्ती व्यवस्था की विश्वसनीयता और हजारों युवाओं के भविष्य से जुड़ी है।

जेपीएससी-जेएसएससी और जेपीएससी परीक्षाएं रद्द करने की मांग

प्रदर्शनकारी छात्रों ने कथित अनियमितताओं वाली परीक्षाओं को रद्द करने और भर्ती प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच ने सीबीआई जांच या झारखंड से बाहर के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की समिति से जांच कराने की मांग दोहराई है।

# पर्चा पाकर खिले भूमिहीन परिवारों के चेहरे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर**। प्रखंड क्षेत्र में भूमिहीन परिवारों को जमीन का अधिकार दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। वारिसनगर विधायक डॉ. मांजरिक एवं अंचलाधिकारी अम्रपाली यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुल 26 भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया गया। पर्चा मिलने के बाद लाभुकों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी।

कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. मांजरिक ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। भूमिहीन परिवारों को बासगीत पर्चा मिलने से उन्हें अपने आवास के लिए भूमि का अधिकार प्राप्त होगा और वे अपने परिवार के लिए सुरक्षित आशियाना बना सकेंगे।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाने पर जोर दिया अंचलाधिकारी अम्रपाली यादव ने बताया कि प्रशासन की ओर से भूमिहीन परिवारों को चिन्हित कर नियमानुसार बासगीत पर्चा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को सरकारी प्रावधान के अनुसार भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र भूमिहीन परिवार आवासीय भूमि के अधिकार से वंचित न रहे।

बासगीत पर्चा प्राप्त करने वाले लाभुकों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। लाभुकों ने कहा कि लंबे समय से उन्हें अपने घर के लिए जमीन मिलने की उम्मीद थी। अब पर्चा मिलने से उनके परिवार को स्थायी आवास बनाने की राह आसान होगी कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, अंचल कर्मी एवं बड़ी संख्या में लाभुक मौजूद रहे। अधिकारियों ने लाभुकों को पर्चे से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी तथा सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले अन्य लाभों का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया।

## धू-धूकर जली स्टैंड में खड़ी बस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर**। बैरिया बस स्टैंड में रविवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब परिसर में खड़ी एक बस अचानक आग की लपटों से घिर गई। देखते ही देखते आग ने बस को अपनी चपेट में ले लिया और वह धू-धूकर जलने लगी। आग की ऊंची लपटें देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के बैरिया बस स्टैंड की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस स्टैंड परिसर में बस खड़ी थी। इसी दौरान उसमें अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग तेजी से फैल गई और बस से धुआं उठने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाए जाने के बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास खड़ी अन्य बसें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं। बस में आग कैसे लगी, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस और संबंधित विभाग की ओर से घटना की जांच की जा रही है। शार्ट सर्किट या अन्य कारणों से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।

## ट्रैक्टर ने छात्र को रौंदा

**आरा**। भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर दुलारपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बुलेट सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगहर गांव निवासी 20 वर्षीय सुशांत सिंह उर्फ छोटू कुमार सिंह के रूप में हुई है।

वह बीए पार्ट थर्ड का छात्र था। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। स्वजन के अनुसार सुशांत किसी काम से बुलेट से दुलारपुर जा रहा था। इसी दौरान रेलवे क्रॉसिंग के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए। अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में इलाज के दौरान उसकी हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया।

## गढ़ से मिली थी प्राचीन विष्णु प्रतिमा

# दिनभर में तीन बार बदलता है प्रतिमा का रंग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी**। जिले के वजीरगंज प्रखंड का हसरा गांव इन दिनों एक अनोखी वजह से सुर्खियों में है। गांव के एक प्राचीन गढ़ से करीब दो वर्ष पहले मिली भगवान विष्णु की प्राचीन प्रतिमा अब श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। ग्रामीणों का दावा है कि यह प्रतिमा दिनभर में तीन बार अपना रंग बदलती है। इसी आस्था और रहस्य के कारण यहां दूर-दूर से श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार बढ़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, करीब दो वर्ष पहले गांव के समीप स्थित एक पुराने गढ़ की खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की प्राचीन प्रतिमा मिली थी। प्रतिमा मिलने की सूचना पर पुरातत्व विभाग के अधिकारी भी पहुंचे थे और प्रतिमा को अपने संरक्षण में लेने की बात कही थी। हालांकि, ग्रामीणों ने इसे गांव की धरोहर बताते हुए बाहर ले जाने का विरोध किया।

गांव वालों ने सर्वसम्मति से प्रतिमा को गांव में ही रखने का निर्णय लिया। इसके बाद देवी मंदिर के समीप भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित कर मंदिर का निर्माण कराया गया। तभी से यहां नियमित पूजा-अर्चना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिमा मिलने के बाद गांव में धार्मिक गतिविधियां भी बढ़ी हैं और अब आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

हसरा गांव के लोगों का दावा है कि भगवान विष्णु की यह प्रतिमा दिनभर में तीन अलग-अलग रंगों में दिखाई देती है।

सुबह के समय प्रतिमा का रंग काला नजर आता है, दोपहर में हरा दिखाई देता है और शाम होते-होते इसका रंग धुंधला हो जाता है। इस अनोखे दावे ने श्रद्धालुओं की उत्सुकता और आस्था दोनों को बढ़ा दिया है। हालांकि, इस रंग परिवर्तन की वैज्ञानिक पुष्टि नहीं हुई है।

ग्रामीण सियाराम प्रसाद, कामता यादव और अरुण कुमार ने बताया कि प्रतिमा पर प्राचीन लिपि में कुछ अंकित है, लेकिन उसका अर्थ अब तक समझ में नहीं आ सका है। उनका कहना है कि अधिकारियों ने प्रतिमा को ले जाने का प्रयास किया था, लेकिन ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया कि यह प्रतिमा गांव की धरोहर है और गांव में ही रहेगी। इसके बाद प्रतिमा को मंदिर में स्थापित कर नियमित पूजा शुरू कर दी गई।

अब यह प्राचीन प्रतिमा केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि इतिहास और पुरातत्व के लिहाज से भी लोगों की जिज्ञासा का विषय बनी हुई है।

प्रतिमा के रंग बदलने के दावे और उस पर अंकित प्राचीन लिपि को लेकर लोगों में चर्चा लगातार बढ़ रही है।

# महिला दारोगा और सिपाही के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हाजीपुर। हाजीपुर में पार्किंग को लेकर हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। पासवान चौक के पास एक युवक ने कोर्ट ड्यूटी कर लौट रही महिला दरोगा और सिपाही के साथ मारपीट कर दी।

बीच-बचाव के लिए पहुंचे एक अधिवक्ता पर भी महिला दरोगा के साथ बदसलूकी का आरोप है। घटना के बाद पुलिस ने कार चालक, उसकी पत्नी और अधिवक्ता को हिरासत में लिया।

इस बाबत दूसरे पक्ष ने भी दारोगा की शिकायत की है। इसकी जानकारी मिलते ही औद्योगिक थाने पर अधिवक्ताओं की भीड़ जुट गई। घटना शुक्रवार शाम पासवान चौक सब्जी मंडी के पास हुई।

औद्योगिक थाने में तैनात दरोगा नेहा कुमारी कोर्ट ड्यूटी पूरी कर थाना लौट रही थीं।इसी दौरान सड़क पर गलत तरीके से खड़ी एक कार के कारण जाम लगा था। नेहा कुमारी ने कार चालक से वाहन हटाने को कहा।

आरोप है कि इस बात को लेकर कार चालक युवक और उसकी पत्नी दरोगा से उलझ गए। दोनों पक्षों में गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई।

आरोप है कि इस दौरान महिला दरोगा की वर्दी के साथ भी छेड़छाड़ की गई। हमलावरों ने उनका मोबाइल भी छीन लिया, ताकि वह थाने को सूचना न दे सकें।

इसी दौरान एक अधिवक्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, उन्होंने बीच-बचाव करने के बजाय महिला दरोगा के साथ बदतमीजी की। इसी बीच नगर थाना क्षेत्र से ड्यूटी कर लौट रहे एक सिपाही ने हस्तक्षेप किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

मोबाइल छीन लिए जाने के बाद महिला दरोगा ने दूसरे फोन से गश्ती दल को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार चालक, उसकी पत्नी तथा अधिवक्ता को हिरासत में लेकर औद्योगिक थाने ले आई।

अधिवक्ता को हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाने पर बड़ी संख्या में वकील पहुंच गए। अधिवक्ताओं ने पुलिस से सवाल किया कि आखिर अधिवक्ता को किस आधार पर हाजत में रखा गया है।

पीड़ित महिला दरोगा नेहा कुमारी ने औद्योगिक थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें मारपीट, गाली-गलौज, वर्दी के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल छीनने का आरोप लगाया गया है। नेहा कुमारी ने बताया कि कोर्ट से लौटने के दौरान जाम हटाने के लिए कहने पर उनके साथ मारपीट की गई और मोबाइल भी छीन लिया गया। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई है।

## महिला की हत्या कर घर में लूटपाट

**नवादा**। नवादा के नारडीहा गांव में करीब 60 वर्षीय राजकुमारी देवी की हत्या और लूट की वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। घर में अकेली रहने वाली महिला को बदमाशों ने निशाना बनाया। वारदात के बाद शुरूआती अनुमान में 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति लूटे जाने की बात सामने आई है।

महिला के परिवार के कई सदस्य बाहर रहते हैं और उनका बेटा दुबई में नौकरी करता है। ऐसे में अब जांच का अहम सवाल यही है कि क्या अपराधियों को परिवार और घर की स्थिति के बारे में पहले से जानकारी थी।

शनिवार सुबह काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों को संदेह हुआ। ग्रामीणों ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घर के अंदर महिला मृत अवस्था में मिलीं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से सुराग जुटाए जा रहे हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# बाघ के आतंक से खौफजदा हैं लोग

## अब तक दो गायों की ले चुका है जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पश्चिम चंपारण**। वीटीआर से सटे गांवों में बाघ का खौफ लगातार बढ़ता जा रहा है। जंगल से निकलकर बाघ अब खेतों और सरेह तक पहुंच रहे हैं। शनिवार शाम तारा बसवरिया गांव के समीप 28 आरडी पुल के पास गन्ने के खेत से अचानक निकले बाघ ने दो गायों को मार डाला।

पशुओं के साथ लौट रहे चरवाहे ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है और लोग सरेह जाने से भी परहेज करने लगे हैं।पशुपालक रामेश्वर यादव शाम में मवेशियों को लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने अचानक गायों पर हमला कर दिया। देखते ही देखते बाघ ने दो गायों को मार डाला। अचानक सामने आए खतरे से घबराए रामेश्वर ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। गांव पहुंचकर उन्होंने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। टीटी और पीपी के कर्मियों ने आसपास निरीक्षण कर बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी। टीम ने बाघ को जंगल की ओर मोड़ने का प्रयास किया। ग्रामीणों को घटनास्थल के आसपास नहीं जाने और विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई।

गन्ने के खेत की इस घटना ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है। वीटीआर से सटे गांवों में खेती-बारी और मवेशी चराना जोखिम भरा होता जा रहा है। शनिवार को ही वन प्रमंडल दो के वाल्मीकिनगर रेंज अंतर्गत भेड़िहारी गांव निवासी 40 वर्षीय विजय हालदार की बाघ के हमले में मौत हुई थी।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर बिहार विधान सभा में देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन स्थित सभागार में देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन, बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार और उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पहली बार सभा सचिवालय की महिला पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई है। उन्होंने इसे महिला शक्ति की प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता को मंच देने वाली सार्थक पहल बताया। उन्होंने संविधान, लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत करने तथा सशक्त, समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान का संकल्प लेने का आहवान किया। सय्यद अता हसनैन ने कहा कि गीत, नृत्य और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय भावना जागृत की जा सकती है। उन्होंने सेना के बलिदान, नियंत्रण रेखा पर तिरंगा फहराने की परंपरा और गलवान घाटी में बिहार के जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया। उन्होंने 'शहीद' और 'हकीकत' जैसी देशभक्ति फिल्मों तथा अभिनेता मनोज कुमार का उल्लेख करते हुए नई पीढ़ी को देशभक्ति की कहानियों से जोड़ने का आहवान किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान और 'टीबी मुक्त बिहार' से जुड़ने की अपील की तथा आयोजन के लिए डॉ. प्रेम कुमार की सराहना की। प्रतियोगिता में ग्रुप-बी ने प्रथम, ग्रुप-ए ने द्वितीय और ग्रुप-सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए। शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए चार प्रतिभागियों तथा प्रत्येक समूह के दो-दो मुख्य गायकों को भी पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल की डॉ. नीतू कुमारी नूतन, पंडित अभिषेक मिश्रा और सोमा दास तथा प्रशिक्षक कमलेश और सिमरन श्रुति सहित आयोजन से जुड़े अन्य सहभागियों को सम्मानित किया गया। 'जस्ट डांस ग्रुप, गयाजी' की नृत्य प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। महानुभावों, प्रतिभागियों और सहभागियों को अंगवस्त्र, नवपौध और स्मृति चिहन प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विधान सभा सचिव पूनम सिन्हा सहित सभा सचिवालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## युवाओं के पुरुषार्थ और नवाचार से ही बनेगा 'विकसित भारत' : तारकिशोर प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार इंजीनियरिंग कॉलेज के ऑडिटोरियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना कुमारी ने की। समारोह के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिहन प्रदान कर सम्मानित किया। सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कॉलेज कर्मियों को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि वर्तमान दौर तकनीक और कौशल का है।

## स्वतंत्रता दिवस पर रेल मंत्री ने किया तिरंगा रैली का नेतृत्व

### भारतीय रेलवे ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान का उत्सव मनाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रेल भवन परिसर में तिरंगा रैली का नेतृत्व किया। रेल बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, बोर्ड के सदस्य, महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रैली में भाग लिया और देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की सामूहिक भावना को पुनः स्थापित किया। भारतीय रेलवे राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है जो रेलवे संगठन में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना का उत्सव मना रहा है। यह अभियान 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के तीसरे चरण के साथ एकीकृत रूप से आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत रेल भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गीत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व को उजागर किया जा सके। समारोह के अंतर्गत, 10 अगस्त 2026 को रेल भवन में 'वंदे मातरम की 150 वर्ष की यात्रा' विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने अधिकारियों को राष्ट्रीय गीत के समृद्ध इतिहास और चिरस्थायी विरासत से परिचित होने का अवसर प्रदान किया। रेल भवन में 11 अगस्त 2026 को 'देशभक्ति गीत' विषय पर एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति की भावना का उत्सव मनाया गया। 14 अगस्त 2026 को होने वाले समारोहों के एक भाग के रूप में, रेल भवन में 'वंदे मातरम'का सामूहिक गायन भी आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय रेलवे अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना को मजबूत कर रहा है, साथ ही 'वंदे मातरम' की ऐतिहासिक विरासत का स्मरण भी कर रहा है।



## पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मना स्वतंत्रता दिवस, महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाइड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। साथ ही पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी भी उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित थीं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमने सतत विकास एवं मुस्कान के साथ यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। इस वर्ष 126 मीलियन टन का माल लदान किया है जिससे 15 हजार 452 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई जबकि यात्री यातायात से लगभग 3082 करोड़ रुपए प्राप्त हुए । इस प्रकार जनवरी से जुलाई माह तक कुल प्रारंभिक आय 19 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा रही।




## इको पार्क में हर्षोल्लास के साथ मना आजादी का 80वां जश्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इको पार्क में आज इको पार्क महिला समूह के द्वारा देश की आजादी का 80वां जश्न बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधिकारी सूर्य कुमारी मणि एवं समूह की प्रमुख नम्रता नंदन द्वारा झंडोत्तोलन के साथ हुई। झंडोत्तोलन के पश्चात उन्होंने राष्ट्र के नाम संदेश दिया और देश की एकता, अखंडता एवं महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आजादी की इस यात्रा में महिलाओं की भागीदारी देश के विकास की नींव है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। इस मौके पर वंदना, ज्योति, अनु, मौसम, नीलू, निभा, कल्पना, अलका, रीनी, डॉली सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर देशभक्ति गीतों से सराबोर हुई।

## पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण एवं कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) नितिन कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। समारोह में पावरग्रिड के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कर्मचारियों, बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नितिन कुमार श्रीवास्तव ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा सभी को राष्ट्र निर्माण एवं संगठन की प्रगति में अपना सर्वोत्तम योगदान देने के लिए प्रेरित किया। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के अंतर्गत बिहार एवं झारखंड स्थित सभी उपकेंद्रों एवं प्रतिष्ठानों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए गए। सभी स्थानों पर ध्वजारोहण के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं जनसहभागिता कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वतंत्रता दिवस का उत्साहपूर्वक उत्सव मनाया गया।



## ऐतिहासिक बिहार विद्यापीठ के झंडा चौक पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ के ऐतिहासिक झंडा चौक पर 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया।

उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इस गौरवशाली परिसर में स्थित ऐतिहासिक झंडा चौक का विशेष महत्व है। वर्ष 1930 में लाहौर के रावी तट पर कांग्रेस द्वारा लिए गए पूर्ण स्वराज के संकल्प की स्मृति में देशभर में 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आहवान किया गया था। बिहार विद्यापीठ के झंडा चौक पर भी उस राष्ट्रीय संकल्प की भावना को अभिव्यक्त करते हुए तिरंगा फहराया गया। कालांतर में यही स्थान स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण की गौरवशाली परंपरा का केंद्र बना रहा है। बिहार विद्यापीठ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उस गौरवशाली विरासत का जीवंत प्रतीक है जिसकी स्थापना वर्ष 1921 में असहयोग आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के स्वदेशी, राष्ट्रीय शिक्षा तथा विदेशी शासन की संस्थाओं के बहिष्कार के आहवान की पृष्ठभूमि में हुई थी। बिहार विद्यापीठ केवल एक शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय जागरण और स्वतंत्रता-संग्राम की रणनीति निर्माण का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी रहा है। बिहार विद्यापीठ परिसर में तत्कालीन राष्ट्रीय नेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों, सत्याग्रहियों और क्रांतिकारियों का निरंतर आगमन होता रहा। भगत सिंह भी बिहार विद्यापीठ परिसर में ठहरे थे। इस ऐतिहासिक परिसर का कोना-कोना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं और राष्ट्रीय आंदोलन की स्मृतियों का साक्षी रहा है। यह परिसर देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद, प्रथम राष्ट्रपति, भारत गणराज्य, बिहार विद्यापीठ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्राचार्य एवं रजिस्टार हुआ करते थे। बिहार विद्यापीठ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के चान्सलर मौलाना मजहर -उल-हक एवं वाइसचांसलर ब्रजकिशोर प्रसाद थे।



## कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जन्दाहा (वैशाली)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा परिसर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत-संगीत, भाषण, नृत्य एवं आकर्षक झांकियों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और देशप्रेम का अद्भुत प्रदर्शन किया। देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा परिसर राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो गया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों पर अभिभावकों, अतिथियों एवं संस्थान परिवार ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने संस्थान की कर्मियों निधि कुमारी, मनीषा कुमारी एवं लक्ष्मी कुमारी को उनके उत्कृष्ट एवं समर्पित कार्य के लिए सम्मानित किया। निदेशक ने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता में कर्मियों की मेहनत, जिम्मेदारी और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भाषण, गीत, नृत्य एवं झांकी के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रतिभागियों में अंजलि कुमारी, खुशबू कुमारी, श्वेता कुमारी, प्रियंका कुमारी, करिश्मा कुमारी, सुहानी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, चंदा कुमारी, राखी कुमारी, नीतू कुमारी, सोनाली कुमारी, सलोनी कुमारी, रंजना कुमारी, कुमकुम कुमारी, कोमल कुमारी, सन्नी कुमार, शिवम कुमार, अमन कुमार एवं दिलशाद शामिल रहे। इस दौरान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया।



## स्वतंत्रता दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक दानापुर ने किया ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दानापुर मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा जगजीवन स्टेडियम, खगौल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल, स्काउट एवं गाइड सहित रेलवे स्कूल के बच्चों द्वारा की गई परेड की सलामी ली। मंडल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन में विगत दिनों मंडल की उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। इसके अलावा मंडल कार्यालय, मंडल अस्पताल, संस्थानों, डिपो एवं सभी स्टेशनों पर भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निशी देव एवं मंडल रेल प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से स्वतंत्रता के संदेश के प्रतीक के रूप में आसमान में गुब्बारा उड़ाया गया। ध्वजारोहण समारोह के दौरान मंडल कला सांस्कृतिक संघ एवं स्काउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कई रंगारंग कार्यक्रम तथा झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निशी देव, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) वीरेन्द्र कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) राजीव कुमार सहित सभी अधिकारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, रेलकर्मी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर दिखी बिहार की बदलती कृषि तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में बिहार की विकास यात्रा की झलक प्रस्तुत करने वाली आकर्षक झांकी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। झांकी में राज्य की बदलती कृषि व्यवस्था, किसानों के जीवन में आधुनिक तकनीक की बढ़ती भूमिका तथा डिजिटल कृषि के माध्यम से कृषि सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। झांकी में फार्मर रजिस्ट्री को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। बिहार में अब तक 55 लाख 50 हजार से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। फार्मर आईडी के माध्यम से किसान को विभिन्न कृषि योजनाओं एवं सेवाओं से डिजिटल रूप से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे भविष्य में किसान-केंद्रित सेवाओं के अधिक लक्षित और प्रभावी वितरण में मदद मिलेगी। राज्य में अब तक 16 लाख से अधिक किसान बिहार कृषि ऐप से जुड़ चुके हैं। गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर प्रदर्शित यह झांकी बिहार के कृषि क्षेत्र में हो रहे तकनीकी बदलाव और नई संभावओं का संदेश देती है। झांकी में विशेष रूप से यह दर्शाया गया कि मोबाइल और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसान घर बैठे अनेक कृषि सेवाओं और सूचनाओं तक पहुंच बना सकते हैं। झांकी का संदेश केवल तकनीक के प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके माध्यम से किसानों और नई पीढ़ी को डिजिटल कृषि से जुड़ने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने और कृषि को अधिक ज्ञान एवं तकनीक आधारित बनाने का संदेश दिया गया।




## हर्षोल्लास के साथ मना 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 80 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के मंदिरी स्थित कार्यालय में मनाया गया। समारोह की शुरुआत न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और देश की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रो. नंदन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है जिनकी वजह से आज हम स्वतंत्र हैं। धार्मिक संस्थानों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे समाज में भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाएं। कार्यक्रम में पर्षद के सदस्य दयानंद कुमार, श्रीकृष्ण शंकर सिंह सेंगर, अधिवक्ता अजीत शुक्ला, सुनील कुमार सिंह, तुषार कांति, तुलस्यान सेंगर सहित पर्षद के पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने मिठाइयां वितरित कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## मंत्री रामकृपाल यादव ने सम्राट चौधरी से की मुलाकात

### दानापुर-खगौल नगर परिषद बहाल करने का अनुरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर अपने विधानसभा क्षेत्र के भंग दानापुर और खगौल नगर परिषद को पुनः बहाल करने का अनुरोध किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष नगर परिषदों के भंग होने से आम लोगों और निर्वाचित पार्षदों को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। विदित हो कि पिछले वर्ष अक्टूबर में वार्डों के परिसीमन एवं नगर निकायों के उत्क्रमण को लेकर नगर विकास विभाग की ओर से बिहार के आठ नगर निकायों के संबंध में अधिसूचना जारी की गई थी। नियमानुसार छह महीने के भीतर चुनाव नहीं होने के कारण अप्रैल में संबंधित नगर निकायों के बोर्ड स्वतः भंग हो गए। इसके बाद नगर विकास विभाग ने भंग नगर निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति कर दी जो फिलहाल कार्यरत हैं। नगर निकाय चुनाव में अभी करीब डेढ़ वर्ष का समय शेष है। मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि नगर परिषदों के भंग होने से आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले लोग अपनी छोटी-छोटी समस्याओं, जैसे कूड़ा-कचरा, साफ-सफाई और पेयजल से जुड़ी समस्याओं को लेकर स्थानीय पार्षदों के पास पहुंचते थे और उनका समाधान भी कराया जाता था। अब नगर निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों के नहीं रहने से लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि नगर परिषदों के भंग होने से पार्षदों में भी लाचारी और नाराजगी की स्थिति है। स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सहकारिता मंत्री के अनुरोध को गंभीरता से सुना। उन्होंने भंग दानापुर एवं खगौल नगर परिषद को पुनः बहाल करने की दिशा में जल्द ही समुचित कदम उठाने का भरोसा दिया।



## भारतीय स्टेट बैंक ने धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का गायन किया जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। अपने संबोधन में श्री जोशी ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को राष्ट्र के विकास एवं प्रगति के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आहवान किया। श्री जोशी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर विकसित भारत 2047 के लिय युवाशक्ति में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया और वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर सभी को शुभकामनाए दी।



## ऊर्जा सचिव ने की पुसौली में राजस्व, परियोजनाओं एवं संचरण-संपोषण कार्यों की समीक्षा

# योजना के लाभार्थी के घर पहुंचकर कार्यों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ऊर्जा सचिव सह अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड अजय यादव (भा.प्र.से.) ने रविवार को सासाराम डिवीजन के अंतर्गत पुसौली (भभुआ) कॉन्फ्रेंस हॉल में विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में राजस्व संग्रहण, विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति तथा संचरण एवं संपोषण कार्यों की जानकारी ली गई। उन्होंने लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने, विद्युत संरचनाओं के नियमित रखरखाव तथा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने तथा राजस्व संग्रहण में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के बाद ऊर्जा सचिव ने 220/132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र, पुसौली का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों से ग्रिड की वर्तमान स्थिति एवं संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विद्युत शक्ति उपकेंद, नदोखर का निरीक्षण किया।



## 80वें स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 80वें स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद मुख्यालय, पटना में पर्षद के सदस्य सचिव नीरज नारायण द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम एवं राष्ट्रीय गान के गायन के साथ ध्वजारोहण किया गया और देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया तथा एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्य पर्षद के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी के साथ मीडिया कंसल्टेंट वीरेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

# संपादकीय

## संसद में हंगामा, बिना बहस विधेयक- क्या महज औपचारिकता बन गया है सदन?

जिस तरह जनहित से जुड़े मामलों पर विधेयकों को बिना बहस या चर्चा के ही पारित कर दिए जाने की परंपरा चल पड़ी है, उसका सीधा असर जनता के अधिकारों और लोकतंत्र की सेहत पर पड़ेगा। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद जनहित से जुड़े मुद्दों पर बहस का सर्वोच्च मंच होता है, तो ऐसे में सरकार और विपक्ष की जिम्मेदारी हो जाती है कि वे इसकी उपयोगिता और महत्त्व को कायम रखें। विडंबना यह है कि जब भी संसद का सत्र शुरू होता है, किसी न किसी मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच असहमति एक टकराव में तब्दील हो जाती है और दोनों सदनों का ज्यादातर समय बेकार चला जाता है।एक ओर विपक्षी पार्टियां सरकार से किसी मुद्दे पर जवाब की मांग करती हैं, तो दूसरी ओर सरकार आमतौर पर ऐसी मांगों की अनदेखी करने का रुख अख्तियार कर लेती है। नतीजतन, हंगामे और सदन को स्थगित किए जाने के समांतर विपक्ष के बहिर्गमन के बीच संसद की कार्यवाही महज औपचारिकता बन कर रह जाती है। जबकि इसी बीच सरकार अपनी सुविधा के मुताबिक ऐसे मसलों पर तैयार विधेयकों को भी बिना चर्चा के पारित करा लेती है, जिन पर विपक्षी दलों के विचार और व्यापक बहस की जरूरत होती है। इस सत्र में कई विधेयकों को पारित करने में इतना कम वक्त लगा, मानो उसके लिए महज औपचारिकता निभाई गई हो।सवाल है कि इस तरह की स्थितियों में संसद और लोकतंत्र की क्या अहमियत रह जाती है। मानसून सत्र के तीन सप्ताह जिस तरह सिर्फ हंगामे और विपक्ष के बहिर्गमन के दौरान बार-बार स्थगित होते हुए गुजर गए, उससे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि क्या संसद को अब सिर्फ दिखावे का ठिकाना मान लिया गया है! वरना क्या वजह है कि एक ओर विपक्षी दलों की ओर से पूरे सत्र के दौरान नीट प्रश्नपत्र लीक, राम मंदिर दान राशि में कथित गड़बड़ी और विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन पर पुलिस की कार्रवाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा गया, संबंधित और जिम्मेदार मंत्रियों से जवाबदेही की मांग की गई, वहीं सरकार ने इन मसलों पर एक विचित्र चुप्पी ओढ़े रखी।खासतौर पर दिल्ली में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की बेरहमी और पैलेट गन चलाने के सवाल पर विपक्ष ने जवाब मांगा, लेकिन गृह मंत्री ने आखिरी दिन इसे लेकर थोड़ी सक्रियता दिखाई, जो प्रकारांतर से बेमानी साबित हुई। अगर यही रुख पहले जाहिर किया गया होता, तो संभव है कि संसद में कुछ मुद्दों और पेश किए गए विधेयकों पर बहस की गुंजाइश निकल पाती।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अलग-अलग मुद्दों पर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध कायम रहने की वजह से कार्य उत्पादकता लोकसभा में महज उन्नीस फीसद और राज्यसभा में उनतालीस फीसद रही। अब इस बात पर चिंता जताने में शायद सभी दल शामिल होंगे कि संसद की कार्यवाही नहीं चलने की वजह से करोड़ों रुपए बर्बाद हो गए।

# अंगदान की संस्कृति ही मानवता को नई दिशा दे सकती है


(ललित गर्ग )

आज भी अनेक लोग सोचते हैं कि मृत्यु के बाद शरीर को क्षति पहुँचाना धर्म के विरुद्ध है। कुछ लोगों को अगले जन्म की चिंता होती है, कुछ को शरीर के साथ होने वाली चिकित्सा प्रक्रिया का भय होता है और कुछ परिवार अंतिम समय में मानसिक रूप से इतने टूट जाते हैं कि अंगदान का निर्णय नहीं ले पाते।

मनुष्य जीवनभर अपने लिए बहुत कुछ अर्जित करता है-धन, संपत्ति, प्रतिष्ठा, संबंध और सुविधाएँ। लेकिन जीवन की अंतिम घड़ी में इन सबका महत्व समाप्त हो जाता है। तब यदि हमारे शरीर का कोई अंग किसी दूसरे मनुष्य की धड़कन बन जाए, हमारी आँखें किसी अंधेरे जीवन में रोशनी भर दें, हमारा यकृत या गुर्दा किसी परिवार के बुझते चिराग को फिर से जला दे, तो इससे बड़ी जीवन-सार्थकता और क्या हो सकती है? अंगदान मृत्यु के बाद भी जीवन को जारी रखने की वह मानवीय संभावना है, जो मनुष्य को केवल अपने लिए जीने वाले प्राणी से उठाकर मानवता के लिए जीने वाला बना देती है। विश्व अंगदान दिवस हमें इसी महान विचार से जोड़ता है। आज आवश्यकता केवल अंगदान के बारे में जानकारी देने की नहीं, बल्कि हमारी सोच बदलने की है। हमें यह प्रश्न अपने आप से पूछना होगा कि जिस शरीर को मृत्यु के बाद पंचतत्व में विलीन होना है, उसके उपयोगी अंग यदि किसी दूसरे व्यक्ति को जीवन दे सकते हैं तो उन्हें अपने साथ मिट्टी में मिला देना अधिक सार्थक है या किसी की सांसों का हिस्सा बना देना? मृत्यु निश्चित है, लेकिन मृत्यु के बाद भी किसी के जीवन का कारण बनना हमारे हाथ में है।

भारत की सांस्कृतिक स्मृति में शरीर और जीवन के महान त्याग की परंपरा बहुत पुरानी है। महर्षि दधीचि की कथा इसका सबसे प्रभावशाली उदाहरण है। पौराणिक परंपरा के अनुसार जब देवताओं को असुरों से संघर्ष के लिए ऐसे अस्त्र की आवश्यकता हुई जिसे दधीचि की अस्थियों से बनाया जा सके, तब महर्षि दधीचि ने लोककल्याण के लिए अपना शरीर ही त्याग दिया। उनकी अस्थियों से वज्र बनाया गया और उससे जनकल्याण की रक्षा हुई। यह कथा आधुनिक अर्थों में अंगदान की चिकित्सकीय प्रक्रिया नहीं है, लेकिन अपने शरीर को भी समाज और सृष्टि के कल्याण के लिए समर्पित कर देने की भारतीय त्याग-चेतना का अत्यंत शक्तिशाली प्रतीक अवश्य है। भारत के राष्ट्रपति सचिवालय ने भी अंग एवं देहदान की भारतीय परंपरा को समझाते हुए महर्षि दधीचि के इस प्रसंग का उल्लेख किया है। हमारी परंपरा में राजा शिवि की कथा भी त्याग और जीव-दया की अद्भुत मिसाल है। एक कबूतर की रक्षा के लिए उन्होंने अपने शरीर का मांस तक देने की तत्परता दिखाई। चाहे ये प्रसंग धार्मिक आख्यान हों, लेकिन इनके भीतर छिपा संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है-अपने जीवन और शरीर को केवल अपनी निजी संपत्ति न समझना, बल्कि उसे व्यापक जीवन के कल्याण से जोड़ना। जैन दर्शन का सूत्र परस्परोपग्रहो जीवानाम् भी यही बताता है कि जीव एक-दूसरे के उपकार के लिए हैं। अंगदान इस विचार का आधुनिक वैज्ञानिक रूप कहा जा सकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने इस मानवीय भावना को वास्तविक जीवन बचाने की शक्ति प्रदान कर दी है। वर्ष 1954 में दुनिया का पहला सफल मानव किडनी प्रत्यारोपण हुआ। रोनाल्ड ली हेरिक ने अपनी एक किडनी अपने जुड़वां भाई रिचर्ड को दान की थी। यह घटना चिकित्सा इतिहास में एक ऐसी क्रांति की शुरुआत बनी, जिसने आगे चलकर अंग प्रत्यारोपण को लाखों लोगों के लिए जीवन की आशा बना दिया। इसके बाद 1967 में मानव हृदय प्रत्यारोपण की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि चिकित्सा विज्ञान मनुष्य की मृत्यु और जीवन के बीच खड़ी कई दीवारों को तोड़ सकता है। भारत ने भी इस क्षेत्र में उल्लेखनीय यात्रा की है। देश में पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण 1 दिसंबर 1971



को चेन्नई के क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर में हुआ था। उस समय शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि एक दिन भारत में हजारों लोगों के लिए अंग प्रत्यारोपण जीवन का नया द्वार बनेगा। आज चिकित्सा तकनीक इतनी आगे बढ़ चुकी है कि किडनी, लिवर, हृदय, फेफड़े, अग्न्याशय और आंत जैसे अंगों के साथ कॉर्निया, त्वचा, हड्डी और हृदय वाल्व जैसे ऊतकों का भी प्रत्यारोपण संभव है।

लेकिन विज्ञान की क्षमता जितनी बढ़ी है, हमारी सामाजिक चेतना उस गति से नहीं बढ़ पाई। यही सबसे बड़ी चुनौती है। भारत में आज भी प्रत्यारोपण की आवश्यकता और उपलब्ध अंगों के बीच बड़ा अंतर है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2024 में देश में अंग प्रत्यारोपण की गतिविधि व्यापक रही, लेकिन मृतक दाताओं की संख्या अभी भी आवश्यकता की तुलना में बहुत कम है। इसका अर्थ साफ है-हमारे अस्पतालों में तकनीक है, डॉक्टर हैं, सर्जरी की क्षमता है, लेकिन जीवन बचाने के लिए पर्याप्त अंग नहीं हैं। इस स्थिति को बदलने के लिए हमें अंगदान को मृत्यु की चर्चा नहीं, जीवन की चर्चा बनाना होगा। परिवारों में इस विषय पर समय रहते बातचीत होनी चाहिए। स्कूलों, विश्वविद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और मीडिया को मिलकर ऐसी वातावरण-निर्मिति करनी होगी जिसमें अंगदान सुनते ही भय नहीं, बल्कि करुणा और जीवन बचाने का भाव पैदा हो।

आज भी अनेक लोग सोचते हैं कि मृत्यु के बाद शरीर को क्षति पहुँचाना धर्म के विरुद्ध है। कुछ लोगों को अगले जन्म की चिंता होती है, कुछ को शरीर के साथ होने वाली चिकित्सा प्रक्रिया का भय होता है और कुछ परिवार अंतिम समय में मानसिक रूप से इतने टूट जाते हैं कि अंगदान का निर्णय नहीं ले पाते। इन भ्रमों का समाधान टकराव से नहीं, संवाद, संवेदना और वैज्ञानिक जानकारी से होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह समझनी होगी कि अंगदान किसी पर थोपा जाने वाला धार्मिक या सामाजिक कर्तव्य नहीं है। यह एक स्वैच्छिक, नैतिक और मानवीय निर्णय है, जिसे व्यक्ति को विश्वसनीय चिकित्सा एवं कानूनी जानकारी के आधार पर लेना चाहिए। लेकिन यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से यह संकल्प करता है कि मृत्यु के बाद उसके उपयोगी अंग किसी जरूरतमंद को मिलें, तो वह अपने जीवन की अंतिम घड़ी को भी मानवता के उत्सव में बदल सकता है।

भारत में अंगदान की प्रेरक घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं। हाल ही में नागपुर में 52 वर्षीय शिक्षक कोंडबा दत्तात्रेय मडावी मृतक अंगदान करने वाले 200वें दाता बने, उनके अंगों से तीन लोगों को नया जीवन मिला। ऐसी घटनाएँ हमें बताती हैं कि अंगदान कोई दूर की आदर्शवादी कल्पना नहीं, बल्कि हमारे आसपास घटने वाली वास्तविक जीवन-बचाने वाली प्रक्रिया है। दिल्ली में 70 वर्षीय मृत महिला के गुर्दों का सफल उपयोग कर एक 56 वर्षीय महिला को जीवन की नई उम्मीद मिली-यह घटना यह भी बताती है कि केवल उम्र के आधार पर किसी संभावित दाता के अंगों को अनुपयोगी मान लेना उचित नहीं है, अंतिम निर्णय चिकित्सा स्थिति पर निर्भर करता है। भारत के कुछ राज्यों ने इस दिशा में उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। तेलंगाना में 2024 में मृतक अंगदान की दर राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक रही और उसके 'जीवदान' कार्यक्रम के माध्यम से हजारों प्रत्यारोपण संभव हुए। तमिलनाडु में भी मृतक अंगदान की व्यवस्था ने अनेक परिवारों को प्रेरित किया हैय 2026 में एक परिवार ने भाषा की बाधा के बावजूद डिजिटल अनुवाद की मदद से अपने प्रियजन के अंगदान का निर्णय लिया और अनेक मरीजों को जीवन मिला। ये घटनाएँ बताती हैं कि जहाँ संवेदना, व्यवस्था और जागरूकता मिलती हैं, वहाँ मृत्यु भी कई जीवनों को बचाने का माध्यम बन सकती है।

अंगदान की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह रक्तदान से भी आगे की परोपकार-चेतना है। रक्तदान में हम अपने शरीर की ऐसी चीज देते हैं जिसे शरीर फिर बना लेता है, अंगदान में हम मृत्यु के बाद ऐसी अमूल्य संपदा देते हैं जिसका उपयोग किसी दूसरे शरीर को जीवन देने के लिए हो सकता है। इसलिए अंगदान को केवल चिकित्सा की भाषा में नहीं, मानवीय रिश्तों और करुणा की भाषा में समझना होगा। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि किसी एक दाता का निर्णय कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। इसलिए अंगदान केवल एक व्यक्ति की मदद नहीं, बल्कि कई परिवारों में आशा का संचार है। किसी की आँखों में रोशनी, किसी की छाती में धड़कता हृदय, किसी की सांसों में फेफड़ों की शक्ति और किसी के शरीर में काम करता हुआ नया अंग-यह सब किसी अनजान व्यक्ति की उदारता का परिणाम हो सकता है। इसलिए अंगदान को मृत्यु के बाद शरीर का अंत मानने वाली सोच से बाहर निकालकर मृत्यु के बाद भी जीवन देने की अवधारणा से जोड़ना होगा। मृत्यु अंधेरा है, लेकिन अंगदान उस अंधेरे में जलाया गया दीपक है। एक दीपक स्वयं जलता है, लेकिन उसका प्रकाश दूसरों को दिखाई देता है। इसी तरह दाता संसार से चला जाता है, लेकिन उसके अंग किसी और की सांस, धड़कन या दृष्टि बनकर जीवन को रोशन करते रहते हैं। हमारी सबसे बड़ी संपत्ति वह नहीं जो बैंक में जमा है, न वह जो तिजोरी में बंद है और न वह जो हमारे नाम पर दर्ज है। हमारी सबसे बड़ी संपत्ति वह है जिसका उपयोग हमारे बाद भी किसी जीवन को बचाने में हो सके। इस विश्व अंगदान दिवस पर हमें केवल यह संकल्प नहीं लेना चाहिए कि अंगदान करेंगे, बल्कि इससे एक कदम आगे बढ़कर यह संकल्प लेना चाहिए कि अंगदान के बारे में अपने परिवार से बात करेंगे, भ्रम दूर करेंगे और समाज में जीवन बचाने वाली इस चेतना को फैलाएँगे। क्योंकि जीवन का अंतिम अध्याय मृत्यु नहीं होना चाहिए। वह किसी दूसरे के जीवन की नई शुरुआत भी बन सकता है। आइए अपने जीवन की अंतिम विरासत मानवता के नाम करें। अंगदान का दीप जलाएँ, ताकि किसी की बुझती जिंदगी में उजाला हो।

# जब जिंदगी अपनी राह चुने, तो क्या हम उसे स्वीकार कर पाते हैं

(मनीषा मंजरी)

मनुष्य स्वभावतः योजनाओं का निर्माता है। हम निरंतर अपने भविष्य को कल्पनाओं, अपेक्षाओं और सपनों से सजाते रहते हैं। हम सोचते हैं कि अगर हम पूरी निष्ठा से प्रयास करेंगे, तो जीवन भी उसी दिशा में आगे बढ़ेगा, जिसकी हमने कल्पना की है। मगर जीवन का स्वभाव मनुष्य से भिन्न है। वह योजनाओं से अधिक संभावनाओं में विश्वास करता है। वह कभी भी एक ऐसा मोड़ सामने रख देता है, जिसकी कल्पना तक हमने नहीं की होती। यहीं से हमारे भीतर का सबसे बड़ा संघर्ष प्रारंभ होता है।

अक्सर हम परिस्थितियों से कम और उनके हमारे अनुसार न होने से अधिक व्यथित होते हैं। किसी प्रिय का साथ छूट जाना, वर्षों की मेहनत के बाद भी अपेक्षित परिणाम न मिलना, संबंधों का बदल जाना या अचानक जीवन की दिशा बदल जाना, इन घटनाओं का दर्द केवल इसलिए गहरा नहीं होता कि वे कठिन हैं, बल्कि इसलिए भी कि वे हमारी बनाई हुई तस्वीर से मेल नहीं खातीं।

मन का पहला प्रश्न होता है, 'ऐसा मेरे साथ ही क्यों हुआ' या 'ऐसा नहीं होना चाहिए था।' यही प्रश्न धीरे-धीरे प्रतिरोध का रूप ले लेता है। हम वास्तविकता से संघर्ष करने लगते हैं। बीता हुआ समय बदल नहीं सकता, फिर भी मन उसे बार-बार बदलने का प्रयास करता रहता है। वह 'काश' और 'अगर' के बीच झूलता रहता है। यही वह स्थान है, जहां सबसे अधिक मानसिक थकान जन्म लेती है। स्वीकार का अर्थ इस थकान को समझना है। दुर्भाग्य से, समाज ने स्वीकार को कई बार हार मान लेने का पर्याय बना दिया है। जबकि दोनों के बीच गहरा अंतर है। हार मान लेना प्रयास छोड़ देना है, जबकि स्वीकार करना वास्तविकता को पहचानकर उसके साथ आगे बढ़ने का साहस जुटाना है। यह कहना कि 'यह मेरी इच्छा नहीं थी, लेकिन यही इस समय का सत्य है। अब मैं इसी सत्य के साथ अपने अगले कदम चुनूंगा।' यही स्वीकार है। वास्तव में स्वीकार कोई एक क्षण का निर्णय नहीं, बल्कि एक लंबी आंतरिक यात्रा है। मन तुरंत शांत नहीं होता। उसे समय चाहिए। वह पहले विरोध करता है, फिर प्रश्न पूछता है, फिर धीरे-धीरे समझने लगता है और आखिर एक दिन उसी सत्य के साथ जीना सीख लेता है, जिसे कभी अस्वीकार्य मानता था। स्वीकार की इस यात्रा को तीन चरणों में समझा जा सकता है। पहला चरण है प्रतिरोध का, जब हम बार-बार कहते हैं, 'ऐसा नहीं होना चाहिए था।' इस अवस्था में मन वास्तविकता से लड़ता रहता है। दूसरा चरण है समझ का, जब भीतर यह स्वीकारोक्ति जन्म लेती है कि 'यह मेरी पसंद नहीं थी, लेकिन यही सच है।' यहां संघर्ष पूरी तरह समाप्त नहीं होता, पर उसकी तीव्रता कम होने लगती है। और तीसरा चरण है स्वीकार का, जब हम निर्णय लेते हैं कि अतीत हमारे वर्तमान का शासक नहीं बनेगा। हम अपने घावों को मिटाते नहीं, बल्कि उनके साथ संतुलित होकर जीना सीखते हैं। जीवन में अधिकांश पीड़ा घटनाओं से नहीं, बल्कि टूटी हुई अपेक्षाओं से जन्म लेती है। घटना एक बार घटती है, पर मन उसे अनगिनत बार जीता है। हर बार वह कोई नया 'अगर' खोज लेता है। अगर हम ध्यान से देखें, तो पाएंगे कि हमारा दुख कई बार वास्तविक घटना से अधिक उस कल्पना के टूटने का होता है, जिसे हमने अपने भविष्य के लिए गढ़ा था। प्रकृति इस सत्य को सहजता से जीती है। नदी चट्टानों से युद्ध नहीं करती। वह उन्हें हटाने में अपनी पूरी ऊर्जा नष्ट नहीं करती। वह उनके बीच अपना मार्ग खोज लेती है। उसकी गति कभी धीमी होती है, कभी तीव्र, पर वह बहना नहीं छोड़ती। शायद इसी कारण वह आखिर अपने गंतव्य तक पहुंच जाती है। हम भी अगर जीवन को इसी दृष्टि से देखना सीख जाएं, तो हमारे भीतर भी बहुत कुछ बदल सकता है। योजनाएं बनाना आवश्यक है, क्योंकि वे जीवन को दिशा देती हैं। मगर उनसे इस प्रकार चिपक जाना कि उनके टूटते ही हमारा अस्तित्व भी टूट जाए, यह बुद्धिमानी नहीं। परिपक्वता तब आती है जब हम पूरे मन से प्रयास करते हैं, पर परिणाम को अपने अहंकार का विषय नहीं बनने देते। स्वीकार का अर्थ यह नहीं कि दुख समाप्त हो जाएगा। किसी प्रिय की अनुपस्थिति, किसी असफलता का दर्द या किसी अधूरे सपने की टीस जीवन का हिस्सा बनी रह सकती है। पर स्वीकार उस दर्द का भार हल्का कर देता है, क्योंकि तब हम दर्द से नहीं लड़ते, बल्कि उसके साथ जीने की कला सीखते हैं। जहां संघर्ष समाप्त होता है, वहीं उपचार आरंभ होता है। शायद जीवन का सबसे बड़ा पाठ भी यही है कि हम सब कुछ नियंत्रित नहीं कर सकते। हम मौसम नहीं बदल सकते, समय को रोक नहीं सकते, लोगों के निर्णय तय नहीं कर सकते, और न ही हर परिणाम अपने अनुसार बना सकते हैं।

# मुस्लिम नाटो के अंतर्विरोध

(केएस तोमर)

**तीन सुन्नी देशों और शिया बहुल ईरान के बीच प्रतिद्वंद्विता मुस्लिम नाटो के रूप में सामने आई है, लेकिन इसके अंतर्विरोध भी कम नहीं हैं। पश्चिम एशिया एक नए रणनीतिक दौर में प्रवेश कर रहा है, जिसमें पुराने गठबंधनों की परीक्षा हो रही है और नई साझेदारियां बन रही हैं। इसलिए, सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान के बीच मक्का में हुआ रक्षा समझौता संकेत देता है कि तीन प्रभावशाली मुस्लिम-बहुल देश अपनी सुरक्षा पर अधिक नियंत्रण चाहते हैं, खासकर तब, जब अमेरिकी गारंटी पर भरोसा कम होता दिख रहा है। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है।**

जब सुन्नी देशों और शिया-बहुल ईरान के बीच प्रतिद्वंद्विता के कारण क्षेत्र का संतुलन बदल रहा है। हालांकि, तीनों देशों की रणनीतिक प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं, पर उनका एक साथ आना ईरान के बढ़ते प्रभाव व क्षेत्रीय संघर्षों के प्रति मुस्लिम देशों की कमजोरी को लेकर उनकी साझा चिंता को दिखाता है। यह प्रमुख सुन्नी ताकतों की ओर से पूरी तरह से अमेरिका पर निर्भर रहने के बजाय, मुस्लिम-नेतृत्व वाला एक अतिरिक्त सुरक्षा ढांचा बनाने की कोशिश है। इसका महत्व इसमें निहित है कि सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ईरान से खतरे और क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति अमेरिका की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को लेकर अनिश्चितता, दोनों से निपटने के लिए विकल्प तैयार कर रहे हैं। यह समझौता पूरी तरह से एकीकृत सैन्य गठबंधन नहीं है, और इसकी वास्तविक ताकत इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या ये तीनों देश अपने अलग-अलग हितों और खतरों के प्रति अपनी धारणाओं में तालमेल बिठा पाते हैं या नहीं।

मक्का समझौते को भारत-विरोधी गठबंधन के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। सऊदी अरब के भारत में बड़े आर्थिक व रणनीतिक हित हैं, जबकि तुर्किये के पाकिस्तान के साथ साझेदारी की तुलना में नई दिल्ली के साथ संबंध अधिक जटिल हैं। भारत को किसी दूसरे गुट में शामिल होने के बजाय अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करना चाहिए। बड़ी अर्थव्यवस्था, मजबूत सैन्य क्षमताएं, गहरी कूटनीतिक साझेदारी और सत्ता के प्रतिस्पर्धी केंद्रों के साथ लगातार जुड़ाव तय करेगा कि भारत उभरती हुई व्यवस्था को आकार दे सकता है या नहीं। यूएई, फ्रांस, इस्राइल व अन्य रणनीतिक साझेदारों के साथ भारत की साझेदारी भी महत्वपूर्ण होती जाएगी। आर्थिक निर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री सहयोग और आतंकवाद-विरोधी प्रयास इस जुड़ाव के मुख्य आधार बने रहने चाहिए।

भारत के लिए बड़ा सबक यह है कि पश्चिम एशिया तेजी से बहुध्रुवीय होता जा रहा है। नई दिल्ली इस क्षेत्र को केवल वाशिंगटन या खाड़ी के अलग-अलग देशों के साथ अपने संबंधों के नजरिये से नहीं देख सकती। भारत को अमेरिका से मजबूत रिश्ते रखते हुए खाड़ी और सऊदी अरब से रणनीतिक जुड़ाव बढ़ाना चाहिए, साथ ही ईरान और तुर्किये से संतुलित संबंध बनाए रखने चाहिए।

नए गठबंधन की पहली चुनौती राजनीतिक प्रतीकों को भरोसेमंद सैन्य गठबंधन में बदलना है। पाकिस्तान की मुख्य सुरक्षा चिंता भारत है; सऊदी अरब का ध्यान ईरान और मिसाइल, ड्रोन व क्षेत्रीय संघर्षों से होने वाले खतरों पर है; जबकि तुर्किये नाटो के व्यापक ढांचे के भीतर काम करता है और सीरिया, इराक, भूमध्य सागर और काकेशस में उसके अपने हित हैं। दूसरी चुनौती स्वतः हस्तक्षेप का सवाल है। समझौते के तहत 'एक पर हमला, सब पर हमला' की घोषणा का मतलब यह नहीं कि तीनों देश हर संघर्ष में सैन्य रूप से शामिल होंगे। इसका ताजा उदाहरण सऊदी तेल संयंत्रों और लाल सागर में टैंकरों पर हालिया हूती हमला है, जिस पर न तो पाकिस्तान और न ही तुर्किये हरकत में आया। तीसरी चुनौती पहले से ही अस्थिर क्षेत्र में एक कठोर गुट बनाने से बचना है। सऊदी अरब अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करते हुए ईरान से बातचीत कर रहा है। तुर्किये की नाटो के प्रति प्रतिबद्धताएं हैं। पाकिस्तान को चीन, खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ अपने संबंधों में संतुलन बनाना होगा। ये परस्पर विरोधी हित समझौते की एकजुटता को सीमित कर सकते हैं।

भारत की चिंता एक और नाटो बनने की नहीं, बल्कि यह है कि क्या पाकिस्तान मक्का समझौते का इस्तेमाल अपनी कूटनीतिक व रणनीतिक पहुंच बढ़ाने के लिए कर सकता है। पाकिस्तान को असल फायदा ज्यादा मजबूत प्रतिरोध क्षमता, राजनीतिक समर्थन, रक्षा सहयोग और वैश्विक स्तर पर अहमियत मिलने से होगा।

# नासा और इसरो- द्विपक्षीय अंतरिक्ष सहयोग के क्षेत्र में हुई अहम पहल, भारत के स्पेस विजन-2047 को मिलेगी गति

(ज्योति भास्कर)

नासा का अपने व्यापक मून बेस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इसरो को निमंत्रण देना द्विपक्षीय अंतरिक्ष सहयोग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। भारत के स्पेस विजन-2047 के मद्देनजर अंतरिक्ष में अमेरिकी अनुभव भारत की तैयारियों को भी गति दे सकता है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मून बेस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देना भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मोड़ तो खैर है ही, यह इस बात की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति भी है कि चंद्रमा पर मानव की दीर्घकालिक उपस्थिति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में भारत एक उपयोगी और विश्वसनीय साझेदार हो सकता है। उल्लेखनीय है कि नासा का मून बेस कार्यक्रम सामान्य अर्थों में किसी चंद्र अभियान का विस्तार नहीं है। इसका लक्ष्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट चरणबद्ध ढंग से ऐसी स्थायी अवसंरचना विकसित करना है, जहां अंतरिक्ष यात्री रहकर वैज्ञानिक अनुसंधान कर सकें। दक्षिणी ध्रुव इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वहां स्थायी छाया वाले क्षेत्रों में बर्फ के रूप में पानी की मौजूदगी की संभावना है, जो भविष्य में पीने के पानी, ऑक्सीजन और ईंधन जैसे संसाधनों के लिए उपयोगी हो सकती है। भारत के लिए इस प्रस्ताव की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है, क्योंकि चंद्रमा के इसी दक्षिणी ध्रुव पर भारत ने 2023 में चंद्रयान-3 के जरिये ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिंग की थी। उस सफलता ने भारत को केवल चंद्रमा पर उतरने वाले चुनिंदा देशों में शामिल नहीं किया, बल्कि अत्यंत चुनौतीपूर्ण दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में उतरने की उसकी क्षमता भी प्रदर्शित की। यही वजह है कि अब नासा उसी अनुभव और तकनीकी दक्षता को अपने व्यापक मून बेस कार्यक्रम के लिए उपयोगी मान रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां अधिक करीब आई हैं। 2023 में जब भारत, अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतरिक्ष गठबंधन आर्टेमिस में शामिल हुआ, तब उसी वर्ष दोनों देश मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान में सहयोग के लिए एक रणनीतिक ढांचा विकसित करने पर भी सहमत हुए थे। 2025 में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की आईएसएस की उड़ान इसी सहयोग का नतीजा थी। गौरतलब है कि भारत ने 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर उतारने और 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन विकसित करने का लक्ष्य रखा है। जाहिर है कि नासा का निमंत्रण भारत के स्पेस विजन-2047 के लिए निस्संदेह उपयोगी साबित होगा और अंतरिक्ष में अमेरिका का अनुभव भारत की तैयारियों को गति भी दे सकता है। नासा का निमंत्रण सिर्फ चंद्रमा की तरफ बढ़ता एक और कदम नहीं, बल्कि उस परिवर्तन का भी संकेत है, जिसमें भारत वैश्विक अंतरिक्ष व्यवस्था में दर्शक से भागीदार और भागीदार से नेतृत्वकर्ता बनने की ओर बढ़ रहा है।

# 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम तथा देशप्रेम की भावना के साथ मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में 80 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम तथा देशप्रेम की भावना के साथ मनाया गया। सभी सरकारी तथा गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी गई। जगह जगह पर बजते देशभक्ति गीत लोगों में देशप्रेम की भावना को मजबूत करता रहा।साथ ही फिजा में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान गूंजता रहा। मुख्य कार्यक्रम महेश्वरी एकेडमी मैदान में आयोजित किया गया।जहां समारोहपूर्वक एवं उत्सवी वातावरण में जिले के प्रभारी मंत्री सह सूबे के खान एवं भूतत्व विभाग तथा कला एवं संस्कृति विभाग मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने राष्ट्रगीत गाकर राष्ट्रध्वज तिरंगा को लहराया और उसे सलामी दी। समारोह में प्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति जिले के वरीय पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में आमजन शामिल रहे।स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर मैदान को दुल्हन की तरह सजाया गया था,तो वहीं लोगों के बैठने सहित अन्य सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। ध्वजारोहण से पूर्व प्रभारी मंत्री ने परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों का निरीक्षण किया तथा जवानों की सलामी ली। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया।समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना देते हुए कहा यह आजादी हमें यूं हीं नहीं मिली है। इसे पाने के लिए भारत माता के वीर सपूतों ने अपनी शहादत दी है। उन्होंने उन्हे नमन करते हुए कटिहार के शहीद बालक ध्रुव कुंडू को विशेष रुप से याद किया।मंत्री ने अपने संबोधन में राज्य एवं केन्द्र सरकार संचालित विभिन्न विभागों के जनकल्याणकारी कार्यो की उपलब्धियॉ गिनाए। उन्होंने सहयोग शिविर, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, कल्याण, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, उद्योग, कृषि, महिला सशक्तिकरण, जीविका सहित अन्य विभागों की उपलब्धियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। मंत्री ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों तथा उनके निष्पादन के संबंध में भी उन्होंने विशेष रूप से जानकारी दी। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि वे सरकार संचालित सभी योजनाओं के प्रति जागरुक रहकर पात्रता के अनुसार उनका लाभ अवश्य उठाएं।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजनों के कल्याण एवं विकास के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने आमजनों को भरोसा दिलाया कि सरकार सदैव जनता के प्रति संवेदनशील रहेगी तथा विकास एवं जनकल्याण के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। समारोह में मंत्री के हाथों कई भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण भी किया गया। पर्चा प्राप्त करने वाले परिवारों में खुशी का माहौल देखा गया।तो वहीं जिले में सर्वाधिक जीएसटी कर टैक्स भुगतान करने वाले तीन व्यवसायियों को भामा शाह पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा मखाना की खेती करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मखाना से जलेबी बनाने एवं उसके विपणन एवं ब्रांडिंग कार्य का शुभारंभ भी किया गया। समारोह में सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार,पूर्व केन्द्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, मेयर उषा देवी अग्रवाल सहित अन्य मुख्य रुप से मंचासीन रहे।



## स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम में महापौर ने फहराया तिरंगा

### नगर आयुक्त ने शहीदों को किया नमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कटिहार नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शहीदों एवं महापुरुषों को नमन करते हुए माल्यार्पण एवं झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल ने पूर्वाह्न 11:10 बजे उदामारखा में तथा 11:40 बजे नगर निगम कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार ने मेयर और डिप्टी मेयर का स्वागत गुलदस्ता देकर किया। नगर निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप महापौर मंजूर खान, नगर आयुक्त संतोष कुमार सहित नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य एवं सभी माननीय पार्षदगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश की आजादी हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देती है। उन्होंने नगर के विकास, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति एवं देश प्रेम के नारों के साथ हुआ। निगम पार्षद प्रमोद महतो, नितेश कुमार सिंह,मोहम्मद लाडला, मोहम्मद मुतूर्जा सहित सहायक अभियंता विवेक कुमार, कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह प्रधान सहायक परवेज सलीम, मो. शाकिब, रितेश कुमार आदि सक्रिय रहें। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कार्यक्रम को देश भक्ति से ओतप्रोत बताया।



## संक्षिप्त समाचार

### सालमारी एवं बलियाबेलोन क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विभिन्न जगहों पर फहराया गया तिरंगा

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सालमारी व बलिया बेलोन क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा।सालमारी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार,सालमारी थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष कुमारी जुली,पंचायत भवन सालमारी में मुखिया काजमी खातून, सालमारी व्यवसाय संघ में अध्यक्ष गोपाल कुमार अग्रवाल, पैक्स में पैक्स अध्यक्ष शकील अंजुम, पिंढाल पंचायत में मुखिया रीना बेगम, रेलवे स्टेशन सालमारी में स्टेशन अधीक्षक आर एस ठाकुर, आदर्श उच्च विद्यालय सालमारी में प्रधानाध्यापक शरीफ रेजा,हरदेई देवी पन्नालाल शारदा विद्यालय में एम डी के के बुबना ने वही बलिया बेलोन थाना में थानाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने, बेलोन पंचायत में मुखिया मेराज आलम ने, शेखपुरा पंचायत में मुखिया राबिया बसरी ने, विझारा पंचायत में सबियाह खातून ने,सालमारी पृथ्वी चौक पर एवं सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में, विद्यालयों में, बैंकों सहित अन्य जगहों पर भी झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य लोग मौके पर उपस्थित हुए। और सभी वर्ग के लोगों में इसको लेकर उत्साह का माहौल देखा गया।



### कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देश के महान पर्व 80वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजेन्द्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय मे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया एवं झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रीय गान गाया। देश के वीर जननायकों का जयकारों का उदघोष किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बताया कि कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सबों को इस गौरवपूर्ण अवसर पर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद, जवाहर लाल नेहरू सहित अनगिनत वीरों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें उनके बलिदान को कभी नही भूलना चाहिए। हमें अपनी इस आजादी को बनाए रखने के लिए ईमानदार, मेहनती और जिम्मेदार नागरिक बनना होगा। यही हमारे पूर्वजों के बलिदानों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या मे कांग्रेसी नेताओं की उपस्थिति रही।



### कांग्रेस एससी विभाग के जिला उपाध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित

**कदवा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के कुम्हडी में कांग्रेस एससी विभाग के जिला उपाध्यक्ष के पद पर पुष्पा राय का मनोनीत किए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर कांग्रेस एससी विभाग के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान ने एससी विभाग के जिला उपाध्यक्ष पुष्पा राय को फूलों का माला पहनाकर गुलदस्ता एवं कांग्रेस पार्टी के शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर एससी विभाग के जिला अध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए पुष्पा राय को एससी विभाग के जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया हैं। ये लगातार तीन वार कदवा से कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निर्विरोध हैं। इसका कार्यकाल को देखते हुए इसका प्रमोशन एससी विभाग के जिला उपाध्यक्ष के पद पर किया गया। कहा कि अब पुष्पा राय पूरे जिले में महिलाओं को और संगठित करेंगे। वहीं एससी विभाग के जिला उपाध्यक्ष पुष्पा राय ने कहा कि कांग्रेस के विंग टीम ने मुझे जो भार दिया। उस पर में खरी उतरूंगी। वहीं विधान सभा चुनाव में स्थानीय नेताओं को विधायक का टिकट मिलना चाहिए। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष मो. इमाम जफर, मो. नौशाद,मो. गुलाम हैदर, मो. बारीक, मो. नईम अख्तर, मो. सोनवार, मो. अंसार काजमी, मुकेश ऋषि, कविता देवी, राधा देवी, जयप्रकाश, रुदल, कुंदन मिनहाज, मोजिबुर रहमान आदि उपस्थित रहे।



### पूर्णिया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम में चार जिलों के सैकड़ों पीएलवी शामिल

**कटिहार कोर्ट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को प्रेक्षा गृह सह कला दीर्घा में आयुक्त स्तरीय जागरूकता एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज जिले के सैकड़ों पैरा लीगल वॉलंटियर्स पीएलवी ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ हुआ। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के सदस्य सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित कई वरीय अधिकारियों ने पीएलवी को उनके दायित्वों एवं जरूरतमंदों तक विधिक सहायता पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इसमें कटिहार डीएलएसए की ओर से आशीष झा, किरण कुमारी, शोभा कुमारी, पूजा कुमारी, अर्पिता कुमारी, विजय गुप्ता एवं पवन ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर चारों जिलों से आए पीएलवी को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कानूनी सहायता पहुंचाने के संकल्प को और मजबूती दी।

### मखाना से बने उत्पादों ने बढ़ाई किसानों की आमदनी की संभावनाएं

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ इसके मूल्य संवर्धन की दिशा में आत्मा द्वारा किए जा रहे सतत प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। मखाना से विभिन्न पौष्टिक खाद्य सामग्री तैयार कर किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर मिल रहा है। उत्पादन के साथ प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन को जोड़ने से मखाना किसानों के लिए रोजगार एवं आय का बेहतर माध्यम बनता जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा कटिहार के परियोजना निदेशक राजीव कुमार एवं उप निदेशक शशिकांत झा के मार्गदर्शन में मखाना उत्पादन को बढ़ाने तथा इससे तैयार होने वाले उत्पादों को बाजार से जोड़ने की दिशा में लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को मखाना की खेती के साथ इसके प्रसंस्करण,विभिन्न खाद्य उत्पाद तैयार करने और मूल्य संवर्धन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस पर शान से लहराया तिरंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी अनुमंडल क्षेत्र में 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रभक्ति का माहौल देखने को मिला। विभिन्न सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, पंचायत भवनों एवं अन्य संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से लहराया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ और लोगों ने देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। मनिहारी अनुमंडल कार्यालय परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कर सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की आजादी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने नागरिकों से संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा रखते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की। समारोह में विधायक मनोहर प्रसाद सिंह,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभारी आशिफ आलम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, प्रखंड प्रमुख अनिता देवी, नगर मुख्य पार्षद लाखो यादव, बीडीओ सनत कुमार, सीओ चंदन कुमार, बीपीआरओ सोनू गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मी मौजूद रहे।मनिहारी थाना परिसर मे थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा,भूमि निबंधन कार्यालय में अवर निबंधक अजीत कुमार सिंह, अनुमंडलीय अस्पताल में डीएस डा. ब्रजेश नंदन ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। स्वतंत्रता दिवस को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन किया। शिक्षकों ने बच्चों को आजादी के महत्व तथा स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष की जानकारी दी।ग्रामीण क्षेत्रों में भी पंचायत भवनों एवं सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया।



## प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में 80 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख दीपशिखा सिंह थाना परिसर में थाना थानाध्यक्ष प्रहलाद कुमार यादव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी अश्वनी कुमार ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। सरकारी तथा गैर सरकारी में भी ध्वजारोहण किया वही दक्षिण सोहथा पंचायत के मुखिया अनीता गुप्ता, उत्तरी सोहथा पंचायत की मुखिया चंदना झा, रहटा पंचायत के मुखिया राजेश कुमार रंजन, गोविंदपुर पंचायत के मुखिया सालेपुर पंचायत के मुखिया मो. मजीद आलम, हथवाड़ा पंचायत के मुखिया भारती कुमारी, शब्दा पंचायत के मुखिया, पोठिया पंचायत के मुखिया हृदय नारायण यादव, भरसिया पंचायत के मुखिया ध्वजारोहण किया एवम भाजपा प्रखंड कार्यालय में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार मंडल जदयू कार्यालय में कांग्रेस कार्यालय राजद कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया।



## उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस को लेकर काफी धूम रही।सुबह से स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी,जगह-जगह बजते देश भक्ति गीत, राष्ट्रभक्ति नारे,ध्वजारोहण, स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि से दिन खास बना रहा। सभी सरकारी और गैरसरकारी कार्यालयों में समारोहपूर्वक तिरंगा लहराया गया। राष्ट्रगीत गाकर ध्वजारोहण तथा तिरंगे को सलामी दी गई।फिर राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान लोगों ने आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले भारत माता के वीर सपूतों को भी याद किया एवं देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण लेने का संकल्प भी लिया।मुख्य कार्यक्रम प्रखंड सह अंचल मुख्यालय में आयोजित किया गया।जहां प्रखंड प्रमुख शुभम कुमार ने ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, समाजसेवी, प्रबुद्धजन, कर्मी सहित आमजन उपस्थित रहे। अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह के नेतृत्व में डंडखोरा पुलिस ने तिरंगे को सशस्त्र सलामी दी। इस अवसर पर बीडीओ शुभम प्रकाश ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस सिर्फ ध्वजारोहन करने का कार्यक्रम नहीं है। अपितु स्वाधीनता की रक्षा एवं संवैधानिक मूल्यों के पालन करने का संकल्प लेने का भी दिन है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डा. प्रदीप कुमार, मनरेगा कार्यालय में कार्यक्रम पदाधिकारी सतीश प्रसाद सिंह,थाना में थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो, प्रखंड संसाधन केन्द्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शुभम प्रकाश, बाल विकास परियोजना कार्यालय में वरीय महिला पर्यवेक्षक अंजनि कुमारी ने अतिथियों एवं सहयोगियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। सबसे अधिक लोगों का जुटान थाना के कार्यक्रम मे रहा। जबकि अंबेडकर कल्याण छात्रावास में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार, सदानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरिया में प्राचार्य राघवेन्द्र कुमार झा, उमावि टिकैली में प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश राय, उमावि द्वाशय में प्राचार्य पंकज कुमार पाठक, उमवि रायपुर नवादा में प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र मंडल ने ध्वजारोहण किया।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख नस्तारा खातून ने तिरंगा फहराया। मौके पर उप प्रमुख रैनी कौर, मुख्य पार्षद बबिता कुमारी, बीडीओ धीरेंद्र कुमार धीरज, सीओ मनीष कुमार, बीपीआरओ राजकुमार सिंह, नपं बरारी में मुख्य पार्षद बबिता कुमारी, मौके पर उप मुख्य पार्षद अमन कुमार, बरारी थाना में थानाध्यक्ष सुमेश कुमार, मौके पर गुरुद्वारा प्रधान अमरजीत सिंह आदि ने झंडे को सलामी दी। रौनिया पंचायत में प्रभारी मुखिया छोटेलाल मरांडी, रौनिया कचहरी में सरपंच अमित यादव, लक्ष्मीपुर में मुखिया रेखा देवी, कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष मो०सलीम, दक्षिणी भंडारतल में मो०इब्राहिम, आदर्श मध्य विद्यालय में वार्ड सदस्य राधिका देवी, जदयू कार्यालय सह बीस सूत्री कार्यालय में मनोज सिंह कुशवाहा ने,इस दौरान जदयू नगर अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार अमर आदि थे। भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष विक्की साह, सेमापुर भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष संतोष भगत, विधुत प्रशाखा लक्ष्मीपुर में जेई शिवशंकर कुमार, गुरुमेला में मुखिया राजकुमार यादव ने झंडा फहराया, मौके पर पंचायत समिति मिथलेश यादव आदि थे।



## धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में 80 वा स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण का आयोजन हुआ । इस मौके पर ध्वजारोहण के उपरांत झंडे को सलामी दी। राष्ट्रगान गाये गए। महात्मा गांधी अमर रहे आदि के नारे लगाए गए। वीर पुरुष को याद किए गए। मौके पर जदयू कार्यालय मनसाही में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार, प्रखंड मुख्यालय मनसाही में प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी, बीआरसी में बीईओ सुमन कुमारी, थाना परिसर में थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद, सीएचसी मनसाही में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह डॉक्टर प्रेम राज, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मिश्रा, मध्य विद्यालय मोहनपुर में संजय कुमार, मध्य विद्यालय हरिप्रसाद में मु.कमरुल हक, मध्य विद्यालय धनपाड़ा में अरविंद कुमार आनंद, मध्य विद्यालय मनसाही में शिवनंदन केसरी, मध्य विद्यालय मरंगी में रविकांत, पंचायत भवन चित्तौरिया में दीप नारायण पासवान, साहेबनगर मरजीना खातून, मोहनपुर प्रियंका कुमारी, भेड़मारा अनवर आलम, मरंगी शंकर कुमार यादव, कुरेठा अवधेश कुमार यादव, फुलहरा में बबलू सोरेन, पैक्स कार्यालय में छोटू कुमार गोस्वामी, देवाजीत यादव, सुभाष कुमार सिंह, मो. रज्जाक, पांडव शर्मा, भाजपा कार्यालय में बब्बन सिंह, कांग्रेस कार्यालय में कमरुल हक, कांग्रेस किसान कार्यालय में कांग्रेस नेत्री इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता आदि ने ध्वजारोहण किया।



## सांसद निधि से मनिहारी में हाईमास्ट लाइट स्थापित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 में थाना के सामने चौहट्टी रास्ते के पास सार्वजनिक स्थल पर सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत हाईमास्ट एलईडी लाइट अधिस्थापन को ले शिलान्यास की गयी है। योजना के तहत 16 मीटर ऊंचे हाईमास्ट पर 150 वाट क्षमता की 10 एलईडी लाइटें लगायी जानी हैं। नगर मुख्य पार्षद लाखो यादव के अनुरोध पर उक्त कार्य के लिए कटिहार के सांसद तारिक अनवर ने अनुशंसा की है। हाईमास्ट लाइट के लगने से थाना के सामने एवं चौहट्टी मार्ग से गुजरने वाले लोगों को रात के समय बेहतर रोशनी की सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह स्थान आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और यहां देर शाम तक लोगों की आवाजाही रहती है। पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानी होती थी। हाईमास्ट लाइट शुरू होने से राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर होने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने सांसद की पहल की सराहना की है।




## अपने घर का सपना होगा साकार

### बसेरा योजना-2 के तहत मिला बासगीत पर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** देश की 80वीं जश्न-ए-आजादी के मौके पर सरकार की ओर से गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को बड़ी सौगात दी गई। मनिहारी प्रखंड क्षेत्र के 88 चयनित पात्र लाभुकों मे से दस लाभुकों को बसेरा योजना-2 के तहत भूमि का बासगीत पर्चा उपलब्ध कराया गया। शेष लाभुकों को एसटी आयोग के सदस्य तल्लु बासकी के हाथों 16-17को उनके दो दिवसीय कटिहार प्रवास के दौरान वितरित किये जाएंगें। बासगीत पर्चा मिलने से वर्षों से अपनी जमीन और पक्के आशियाने के इंतजार में रह रहे लाभुकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।सरकार की इस पहल से पात्र परिवारों के अपने घर का सपना साकार होने की उम्मीद जगी है। भूमि का अधिकार मिलने के बाद अब लाभुकों को आवास निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। अंचलाधिकारी चंदध कुमार ने बताया कि योजना का उद्देश्य भूमिहीन एवं आवासहीन परिवारों को आवास निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराकर उन्हें स्थायी आशियाना उपलब्ध कराना है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 88 चयनित पात्र लाभुकों को इस योजना का लाभ दिया गया है। साथ ही अंचल क्षेत्र मनिहारी से तीन सौ ऐसे पात्र लाभुकों को इस योजना से आच्छादन की योजना की दिशा में कार्य जारी है।बासगीत पर्चा मिलने पर लाभुकों ने सरकार एवं प्रशासन के प्रति आभार जताया। लाभुकों ने कहा कि लंबे समय से वे जमीन के अभाव में अपने घर का निर्माण नहीं करा पा रहे थे। अब भूमि का अधिकार मिलने से उनके परिवार के लिए सुरक्षित एवं स्थायी आवास का रास्ता खुल गया है। प्रशासन की ओर से पात्र लाभुकों के चयन एवं उन्हें योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।



संक्षिप्त समाचार

## मेरी सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है अपनी संपत्तियों का बुद्धिमानी से प्रबंधन करना, ताकि वे मूल्य पैदा कर सकें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलिस वॉल्टन वॉलमार्ट के फाउंडर सैम वॉल्टन की इकलौती बेटी हैं। उन्होंने अपने भाइयों रॉब और जिम की तरह वॉलमार्ट के बोर्ड में काम करने के बजाय आर्ट कलेक्शन और समाज सेवा पर ध्यान दिया। वह अरबों की दौलत की मालकिन हैं। वह मानती हैं कि बड़ी संपत्ति का होना सिर्फ एक विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि एक बड़ा उत्तरदायित्व है। मेरी सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है अपनी संपत्तियों का बुद्धिमानी से प्रबंधन करना, ताकि वे मूल्य पैदा कर सकें। ज्यादातर लोग संपत्ति को सिर्फ खर्च करने, सुख-सुविधाएं खरीदने या जमा करके रखने का साधन मानते हैं। एलिस वॉल्टन कहती हैं कि संपत्ति का असली मकसद वैल्यू क्रिएशन यानी मूल्य पैदा करना है। इसका मतलब है कि पैसे का इस्तेमाल ऐसे कामों, व्यवसायों, या सामाजिक पहलों में होना चाहिए जिससे समाज, अर्थव्यवस्था या दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। दूसरा, बड़ी संपत्ति का होना सिर्फ प्रिवलेज नहीं है। इसके बजाय यह एक बड़ा उत्तरदायित्व है। अगर आप धन का सही प्रबंधन नहीं करते तो वह बेकार हो जाता है। एक बुद्धिमान निवेशक या वेल्थ मैनेजर वही है जो अपने संसाधनों का इस्तेमाल इस तरह करे जिससे रोजगार पैदा हों, कला और शिक्षा को बढ़ावा मिले और नई क्षमताएं बनें। मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि आगे कहां जाना है, यह देखने के लिए आपको आगे की ओर देखना चाहिए, लेकिन आप जहां से आए हैं, उसकी भी कद्र करनी चाहिए। यानी जीवन में आगे बढ़ते समय भविष्य के लक्ष्यों पर नजर रखना जितना जरूरी है, अपनी जड़ों और अतीत का सम्मान करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मेरी मां हमेशा ऐसी चीजें खरीदने में यकीन रखती थीं जो लंबे समय तक चलें और यह बात मैंने भी अपना ली है। इसका मतलब है कि अस्थायी या दिखावटी चीजों के बजाय ऐसी चीजों और विचारों में निवेश करना चाहिए जो टिकाऊ हों और लंबे समय तक मूल्य प्रदान करें। बात यह नहीं है कि आपके पास कितना पैसा है, बल्कि यह है कि आप दुनिया को बेहतर बनाने के लिए उसका इस्तेमाल कैसे करते हैं।

## महानगरों को पछाड़ छोटे शहर निकले आगे, डॉलर-यूरो जैसी विदेशी करेंसी की इसलिए बढ़ी डिमांड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में डॉलर, यूरो, पाउंड जैसी विदेशी करेंसी (फॉरेक्स) की डिमांड अब सिर्फ देश के बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है। इसकी कुल मांग में छोटे शहरी केंद्रों की आधे से ज्यादा हिस्सेदारी है। थॉमस कुक इंडिया की फॉरेक्स रिपोर्ट 2026 में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, समीक्षा के लिए चुने गए समय के दौरान, टियर-2 और टियर-3 शहरों की संयुक्त रूप से फॉरेक्स डिमांड में 53त्न हिस्सेदारी रही। अकेले टियर-2 शहरों की हिस्सेदारी 41त्न थी। जबकि टियर-3 शहरों का योगदान 12त्न रहा। इसकी तुलना में मेट्रो शहरों सहित टियर-1 शहरों की हिस्सेदारी 47त्न थी। रिपोर्ट में कहा गया है, उभरता हुआ भारत फॉरेक्स ग्रोथ के अगले चरण को आगे बढ़ा रहा है। इसमें टियर-2 और टियर-3 शहर कुल मांग के आधे से ज्यादा हिस्से का योगदान कर रहे हैं। डेटा से यह भी पता चला कि फॉरेक्स डिमांड का सबसे बड़ा हिस्सा घूमने-फिरने से जुड़ा था। कुल ट्रांजैक्शन में इसकी हिस्सेदारी 57त्न थी। जबकि कॉर्पोरेट ट्रैवल का योगदान 27त्न और छात्रों की यात्रा का 16त्न रहा। रिपोर्ट के अनुसार, डिमांड घूमने-फिरने, बिजनेस यात्रा और विदेश में पढ़ाई के बीच बंटी हुई थी। इसमें घूमने-फिरने का सेगमेंट सबसे आगे रहा। फॉरेक्स के इस्तेमाल में 25-40 साल के आयु वर्ग का योगदान सबसे ज्यादा रहा। इसकी मांग में 37त्न हिस्सेदारी थी। 41-60 साल के यात्री 36त्न हिस्सेदारी के साथ ठीक पीछे थे। 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की हिस्सेदारी 21त्न थी, जबकि सबसे कम उम्र के वर्ग यानी 18-24 साल के यात्रियों की फॉरेक्स मांग में हिस्सेदारी 6त्न थी। रिपोर्ट में कहा गया है, मिलेनियल्स और जेन-एक्स मिलकर फॉरेक्स के इस्तेमाल का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा बनाते हैं।

# चीन से 10 गुना पीछे भारत, पीएम मोदी की शक्ति की सप्तधारा में मैन्युफैक्चरिंग को क्यों मिली पहली जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से शक्ति की सप्तधारा की घोषणा की। ये वे सात संकल्प हैं, जिसका लक्ष्य तय करके भारत को 2047 तक विकसित बनाने का मोदी सरकार ने संकल्प लिया है। शक्ति की सप्तधारा में मैन्युफैक्चरिंग पावर, एग्रीकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन, गति शक्ति, रक्षा शक्ति, ग्रीन एंड ब्लू इकॉनमी और सॉफ्ट पावर शामिल हैं। अब बात शक्ति की पहली सप्तधारा मैन्युफैक्चरिंग की करें तो इसमें भारत पड़ोसी देश चीन से काफी पीछे है। दरअसल, पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बहुत आगे बढ़ाना होगा। प्रोडक्शन में हमें छोटे-छोटे पुर्जे भी बनाने हैं और बड़े-बड़े प्रोडक्ट भी बनाने हैं। हालांकि यह इतना आसान भी नहीं होने वाला है।

भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के लिए सिर्फ प्रोडक्शन बढ़ाने से काम नहीं चलेगा। देश को बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन, बेहतर गुणवत्ता, कम लागत, नई तकनीक और मजबूत घरेलू सप्लाई चेन पर ध्यान देना होगा। हाल में आई नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को असेंबली आधारित मैन्युफैक्चरिंग से आगे बढ़कर ग्लोबल वैल्यू चेन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कुल मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी करीब 17.5त्न है। पिछले दो दशकों से यह लगभग 16 से 18त्न के बीच बनी हुई है। वहीं, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू में भारत की हिस्सेदारी 1995 में करीब 1.5त्न से बढ़कर 2023 में 3.2त्न हुई।



इसके मुकाबले चीन की हिस्सेदारी इसी अवधि में करीब 5त्न से बढ़कर लगभग 32त्न हो गई। भारत ने स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग में बड़ी छलांग लगाई है। 2024-25 में देश में 11.3 लाख करोड़ रुपये के स्मार्टफोन बने, जबकि 2014-15 में यह आंकड़ा करीब 1.9 लाख करोड़ रुपये था। हालांकि, सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले और मेमोरी जैसे कंपोनेंट्स में अभी आयात निर्भरता अधिक है। फार्मा में भारत दुनिया की बड़ी ताकत है। देश 200 से ज्यादा देशों को दवाएं निर्यात करता है, लेकिन और इंटरमीडिएट्स के लिए चीन पर निर्भरता कम करना जरूरी है।

### 12 सेक्टरों में बड़ी क्षमता

नीति आयोग ने क्रिसिल इंटेलिजेंस के साथ मिलकर 62 मैन्युफैक्चरिंग सेक्टरों का अध्ययन किया और 12 ऐसे क्षेत्रों की पहचान की, जिनमें भारत ग्लोबल लीडर बन सकता है। इनमें ऑटोमोबाइल, केमिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, टेक्सटाइल, डिफेंस, स्टील, टेलीकॉम उपकरण, सोलर और फूड प्रोसेसिंग जैसे सेक्टर शामिल हैं। रिपोर्ट के पहले हिस्से में केमिकल्स, टेक्सटाइल, टेलीकॉम और नेटवर्क उपकरण तथा सोलर पर फोकस किया गया है। केमिकल सेक्टर में भारत के लिए बड़ा अवसर है। देश में केमिकल की खपत तक 290 से 310 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस मौके का फायदा उठाने के लिए उत्पादन में करीब 14त्न सालाना वृद्धि जरूरी होगी। टेक्सटाइल में भारत पहले से मजबूत है और 2024 में दुनिया का छठा सबसे बड़ा टेक्सटाइल और अपैरल एक्सपोर्टर रहा। हालांकि, उत्पादकता बढ़ाने, मैन-मेड फाइबर का उत्पादन बढ़ाने और [illegible] को आधुनिक बनाने की जरूरत है। टेलीकॉम उपकरण में भारत की चीन पर निर्भरता बड़ी चुनौती है। 2020-24 के दौरान भारत का सालाना निर्यात सिर्फ 0.6 से 1 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 4 से 5 अरब डॉलर का था। महत्वपूर्ण कंपोनेंट्स के लिए 80त्न से ज्यादा निर्भरता चीन पर है।

## चीनी के गोलमाल को रोकने मैदान में उतरी सरकार, स्टॉक लिमिट लगाने के बाद अब सर्जिकल स्ट्राइक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीनी की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। इसके बाद सरकार एक्शन में है। उसने चीनी के स्टॉक की जांच-पड़ताल तेज कर दी है। खाद्य मंत्रालय बड़े औद्योगिक खरीदारों से खपत का डेटा मांग रहा है। साथ ही मिलों में स्टॉक की फिजिकल जांच की जा रही है। सॉफ्ट-ड्रिंक और आइसक्रीम बनाने वाली कंपनियों, मिठाई विक्रेताओं और फूड प्रोसेसर जैसे बड़े खरीदार भारत में कुल चीनी खपत का लगभग 65त्न हिस्सा इस्तेमाल करते हैं। मंत्रालय ने चीनी मिलों से उन बड़े खरीदारों की जानकारी मांगी है जिन्हें वित्त वर्ष 2025-26 में सीधे या एजेंट के जरिए सालाना 500 टन या उससे ज्यादा चीनी बेची गई थी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब अधिकारी मिलों में स्टॉक की फिजिकल जांच कर रहे हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने चीनी मिलों को पत्र लिखकर बड़े खरीदारों को बेची गई चीनी का डेटा साझा करने को कहा है। इस सबंध में लिखे गए पत्र को देखा है। इसमें कहा गया है, अलग-अलग राज्यों में इस विभाग की ओर से चीनी स्टॉक की फिजिकल जांच के दौरान यह देखा गया कि कुछ मामलों में बड़े खरीदारों को बेची गई चीनी का स्टॉक मिलों के गोदामों में रखा हुआ पाया गया। हालांकि, ऐसी चीनी का स्टॉक मिलों की ओर से फॉर्म में दी गई जानकारी में नहीं दिखाया गया।

## जीडीपी में 5.22 प्रतिशत का योगदान, तभी तो पूर्वोत्तर के इस राज्य में भारत का एडवेंचर कैपिटल बनाने की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार के 2025 के मुताबिक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान 5.22 प्रतिशत का है। तभी तो यहां पर्यटन के सहारे अर्थव्यवस्था को गति देने के कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। भारत के कुछ राज्यों ने तो पर्यटन के जरिये आमदनी बढ़ाने के लिए खूब सक्रियता दिखाई है। इनमें केरल, गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश का नाम ज्यादा चर्चित है। इसी दिशा में अब पूर्वोत्तर का राज्य अरुणाचल प्रदेश भी सक्रिय हो गया है। अरुणाचल प्रदेश अब देश ही नहीं, दुनिया भर के पर्यटकों को बुला कर अपनी खूबसूरती दिखाना चाहता है। उत्तर भारत में लोग अरुणाचल प्रदेश घूमने का मतलब ईटानगर और तवांग से लगाते हैं। लेकिन अरुणाचल इन दोनों स्थानों के अलावा अन्य मनोरम स्थल भी है, जहां आप प्रकृति के असीम सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।




पूर्वोत्तर के सात राज्यों को देखें को देखें तो इनमें अरुणाचल प्रदेश लार्जेस्ट स्टेट में से एक है। यहां का कुल क्षेत्रफल 83,743 वर्ग किलोमीटर है। यह ऐसा राज्य है जो भूटान और चीन (तिब्बत) दोनों की सीमा से लगा है। हिमालयी राज्य होने की वजह से यह प्राकृतिक सुषमा से भरपूर है। लेकिन पर्यटक अक्सर ईटानगर या फिर तवांग की सैर कर वापस लौट जाते हैं। लेकिन अब राज्य सरकार ने तय किया है कि पर्यटकों को दूर-दराज के इलाके की भी सैर करायी जाए। इसी क्रम में अब राज्य सरकार मेचुखा घाटी को प्रोमोट कर रही है। राज्य के पर्यटन मंत्री पी.डी. सोना का कहना है कि अरुणाचल में सैर किए बिना आप यहां के जीवन को महसूस नहीं कर सकते।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन

बीते जुलाई में ही मेचुखा में एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा कराई गई थी। यह प्रतिस्पर्धा थी 2.0, जिसमें भारत के ही नहीं बल्कि थाईलैंड और भूटान समेत विदेशों से भी माहिर एंगलर्स पहुंचे थे। सोना बताते हैं इस बार इस प्रतिस्पर्धा में 56 एंगलर्स ने भाग लिया। अब तय किया गया है कि इसका आयोजन सालाना किया जाए ताकि इसके सहारे लोगों को मेचुखा वैली घूमने को प्रोत्साहित किया जा सके। अब राज्य सरकार की योजना आगामी नवंबर में एक बड़ा आयोजन करने का है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी अरुणाचल प्रदेश के मेंचुखा को विशेष क्षेत्र मानते हैं। उन्होंने इसी साल कहा था कि चीन की सीमा से लगते मेचुखा में भारत के एडवेंचर कैपिटल बनने की क्षमता है। इसे उसी तरह से विकसित किया जाएगा। वहां बौद्ध धर्म से जुड़े अनेक स्थल हैं। इस साल के बजट में भारत सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुद्धिस्ट सर्किट के विकास के लिए अच्छी राशि का प्रावधान किया है। यह धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के केंद्र सरकार के प्रयासों के तहत है। भारत सरकार के 2025 के आंकड़ों 2025 के मुताबिक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान 5.22त्न का है। इसमें 2.72त्न तो सीधा योगदान है जबकि कुल रोजगार में 13.14त्न का योगदान पर्यटन क्षेत्र से है। मतलब कि यदि स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है तो पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाने से यह आसानी हो जाएगा।

# विदेशी मुद्रा भंडार फिर पहुंचा 700 के पार, लगातार छठे सप्ताह बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने निर्यात बढ़ाने और भुगतान संतुलन को सुधारने के लिए कई नीतिगत फैसले लिए हैं। इसका असर दिखा और बीते 7 अगस्त को समाप्त सप्ताह लगातार छठा सप्ताह रहा जबकि अपने विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई। बीते सप्ताह भारत के इस भंडार में खासी बढ़ोतरी हुई है। इसी के साथ अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार चार महीने के शीर्ष पर चला गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में कितनी बढ़ोतरी

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 7 अगस्त 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में खासी बढ़ोतरी हुई। इससे एक सप्ताह पहले भी अपने भंडार में भारी बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर हो गया है। इससे पहले 27 फरवरी 2026 को अपना भंडार के ऑल टाइम हाई पर था।

### एएफसीए भंडार में खूब बढ़ोतरी

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 31 जुलाई 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में खूब बढ़ोतरी हुई है। एक सप्ताह पहले भी इसमें बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर हो गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।




### एसडीआर में मामूली बढ़ोतरी

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार मामूली बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें वृद्धि हुई थी। अब अपना कुल एसडीआर भंडार बढ़ कर हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी बढ़ोतरी हुई है। एक सप्ताह पहले इसमें बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना आईएमएफरिजर्व का हो गया है। आलोच्य सप्ताह के दौरान सोने के दाम में थोड़ा इजाफा हुआ है। इससे रिजर्व बैंक के सोने के भंडार की वैल्यू में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी सोने की वैल्यू में इजाफा हुआ था। अब अपने सोने के भंडार की वैल्यू बढ़ कर हो गया है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2026 के अंत में आरबीआई के पास सोने का भंडार 880.52 टन का था।

## सिर्फ ई 20 पेट्रोल ही जिम्मेदार नहीं, गाड़ियों का माइलेज गिरा तो सरकार ने बता दिए समेत कई कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ई 20 यानी 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से गाड़ियों के माइलेज में आ रही गिरावट की शिकायतों के बीच केंद्र सरकार ने स्थिति स्पष्ट की है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि वाहनों के माइलेज में बदलाव के लिए केवल ई 20 पेट्रोल को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है। मंत्रालय के अनुसार, वास्तविक परिस्थितियों में माइलेज कई अन्य कारकों पर भी निर्भर करता है, जिनमें ड्राइविंग की आदतें, ट्रैफिक की स्थिति, गाड़ी का सही मेंटेनेंस, टायरों में हवा का दबाव और एयर-कंडीशनर का इस्तेमाल शामिल हैं।

सरकार ने बताया कि ई20 पेट्रोल को लॉन्च करने से पहले इसका गहन परीक्षण किया गया है। इसमें इंजन की मजबूती, ड्राइवेबिलिटी, स्टार्टेबिलिटी, पार्ट्स की कंपैटिबिलिटी और जंग से सुरक्षा जैसे मानकों को जांचा गया है। सरकार




ने पहले भी यह माना है कि श्व10 के हिसाब से बनी पुरानी गाड़ियों में ई20 के इस्तेमाल से 3 से 5 प्रतिशत तक माइलेज में मामूली कमी आ सकती है।

सरकार और सरकारी तेल कंपनियों ने ई20 पेट्रोल में कथित मिलावट या दूषित ईंधन की शिकायतों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने बताया कि देशभर में किए गए परीक्षणों में ई20 पेट्रोल में क्लोराइड की अधिक मात्रा या जरूरत से ज्यादा नमी का कोई सबूत नहीं मिला। तेल कंपनियों के मुताबिक, रिफाइनरियों से लिए गए 100 से ज्यादा पेट्रोल सैंपल में क्लोराइड का स्तर एक पार्ट प्रति मिलियन या उससे कम पाया गया। 80 डिस्टिलरियों से लिए गए इथेनॉल सैंपल और डिपो व टर्मिनल से लिए गए 80 से ज्यादा श्व20 सैंपल में क्लोराइड की मात्रा निर्धारित तीन की सीमा से कम रही। तेल कंपनियों ने करीब 90,000 पेट्रोल पंपों पर भूमिगत स्टोरेज टैंकों की जांच भी की। कंपनियों का कहना है कि इन जांचों में टैंकों में पानी घुसने का कोई मामला नहीं मिला। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और ऑटोमोबाइल निर्माताओं ने भी स्पष्ट किया है कि ई20 ईंधन निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी तरह सुरक्षित है।

# कोरोना से हुई मौत पर 1 करोड़ का क्लेम देने से मना कर रही थी बीमा कंपनी, कंज्यूमर कोर्ट में पलट गया मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लाइफ इंश्योरेंस यानी जीवन बीमा का मुख्य उद्देश्य बीमित व्यक्ति की असमय मृत्यु के बाद उसके परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना होता है। लेकिन क्या हो जब बीमा कंपनी यह आरोप लगाकर डेथ क्लेम खारिज कर दे कि पॉलिसीधारक ने पहले की किसी बीमा अर्जी या मेडिकल जानकारी को छुपाया था

तेलंगाना राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के एक फैसले ने स्पष्ट किया है कि केवल जानबूझकर जानकारी छिपाने की बात कह देने से क्लेम खारिज नहीं किया जा सकता, बल्कि बीमा कंपनी को यह साबित भी करना होगा कि पॉलिसीधारक ने जानबूझकर ऐसा किया था।

क्या था पूरा मामला

केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के एक सेवानिवृत्त अधिकारी रामदास विसलावथ ने अक्टूबर 2019 में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस से 1 करोड़ रुपये का संपूर्ण रक्षा प्लान लिया था। मई 2021 में कोविड-19 के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इंश्योरेंस में नॉमिनी के तौर पर उनकी पत्नी का नाम था। उन्होंने 1 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम के लिए आवेदन किया। बीमा कंपनी ने जांच में पाया कि मृतक ने टाटा एआईए की पॉलिसी



लेने से पहले प्रूडेंशियल से भी 1 करोड़ की पॉलिसी के लिए आवेदन किया था। बीमा कंपनी के मुताबिक, मेडिकल जांच के बाद उस पुराने प्रस्ताव को टाल दिया गया था। टाटा एआईए के प्रपोजल फॉर्म में पूछा गया था कि क्या पहले कोई बीमा आवेदन खारिज या स्थगित हुआ है पॉलिसीधारक ने इसका जवाब नहीं के रूप में चुना था। बीमा कंपनी ने इसे महत्वपूर्ण जानकारी छिपाना माना और कहा कि अगर उसे यह जानकारी पहले मिलती तो वह जोखिम का अलग तरीके से आकलन करती। इसके बाद कंपनी ने क्लेम खारिज कर दिया और पॉलिसी को शुरुआत से ही रद्द करते हुए जमा प्रीमियम वापस कर दिया।

कंज्यूमर कोर्ट में जीता पीड़ित परिवार

### मुआवजा भी देने का आदेश

तेलंगाना राज्य उपभोक्ता आयोग ने जिला आयोग के आदेश को बरकरार रखते हुए टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस को आदेश दिया कि वह 1 करोड़ रुपये का डेथ क्लेम 9त्न वार्षिक ब्याज के साथ अदा करे। साथ ही 50,000 रुपये का मुआवजा और 10,000 रुपये कानूनी खर्च के रूप में दे। हालांकि, टाटा ने कहा है कि वह इस फैसले को नई दिल्ली स्थित नेशनल कंज्यूमर डिस्प्यूट्स रिड्रेसल कमीशन में चुनौती देने का इरादा रखती है। कंपनी का कहना है कि पुराने बीमा प्रस्ताव के पोस्टपोन होने और मेडिकल निष्कर्षों की जानकारी महत्वपूर्ण तथ्य थे और इनका खुलासा किया जाना चाहिए था।

परिवार ने इस फैसले को पहले जिला उपभोक्ता आयोग और फिर राज्य आयोग में चुनौती दी। कोर्ट ने परिवार के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी के तर्कों को खारिज कर दिया। प्रूडेंशियल द्वारा प्रस्ताव स्थगित किए जाने या खराब मेडिकल रिपोर्ट की जानकारी दी गई थी।

## शुरू में पिताजी खुश नहीं थे, डीटीसी बस कंडक्टर के बेटों ने किया कमाल, ऐसे खड़ी कर दी 1 करोड़ की कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है दिल्ली के दो भाइयों की। इनके नाम हैं आकाश मान और करुणेश मान। दोनों ने अपने एक अनूठे आइडिया को सफल बिजनेस में बदल दिया है। उनके स्टार्टअप का नाम है - वॉलेंटियर यात्रा। यह प्लेटफॉर्म शहर के हुनरमंद प्रोफेशनल्स को गांव के होमस्टे, स्कूलों और सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स से जोड़ता है। इस पहल के जरिए ये प्रोफेशनल्स (यात्री) मुफ्त रहने-खाने का मजा लेते हैं। बदले में ग्रामीण भारत को अपनी पेशेवर सेवाएं देते हैं। आज यह एक करोड़ की वॉलेंटियर कंपनी बन चुकी है। यात्री फ्री रहने-खाने का आनंद लेकर गांवों में 20 करोड़ रुपये से अधिक की पेशेवर सेवाएं दे चुके हैं। आइए, यहां आकाश और करुणेश की सफलता के सफर के बारे जानते हैं। आकाश और करुणेश का बचपन दिल्ली में एक लोअर मिडिल क्लास परिवार में बीता। उनके पिता डीटीसी में बस कंडक्टर थे। कॉलेज के दिनों में छोटे-मोटे बिजनेस से शुरुआत कर दोनों ने फोटोग्राफी और मार्केटिंग सीखी। अपनी एक एजेंसी बनाई। साल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान जब काम ठप पड़ा, तब हिमाचल प्रदेश के एक होमस्टे मालिक की मदद के लिए उन्होंने मुफ्त ऑनलाइन मार्केटिंग की। बदले में होमस्टे मालिक ने उन्हें जिंदगीभर फ्री रहने और खाने का न्योता दिया। इसी वाकये ने दोनों भाइयों को सोचने पर मजबूर किया कि क्यों न शहरों के हुनरमंदों को गांवों से जोड़ा जाए, जहां यात्री मुफ्त में रहें और बदले में स्थानीय व्यवसायों को आगे बढ़ाएं। जनवरी 2021 में दोनों भाइयों ने अपने स्टार्टअप की शुरुआत हुई। लेकिन, शुरुआती दो सालों में इसे काफी संघर्ष करना पड़ा। 2023 तक इसकी ग्रोथ थम सी गई। संस्थापकों ने हार मानने के बजाय मई 2023 में इसे एक डेडिकेटेड वेब प्लेटफॉर्म के रूप में नए सिरे से री-लॉन्च किया। इसके बाद कंपनी ने



मुड़कर नहीं देखा। हर साल लगभग 3.5 गुना के रेट से ग्रोथ दर्ज की। यह प्लेटफॉर्म एक मेंबरशिप मॉडल पर काम करता है। इसमें 2,240 रुपये (प्लस जीएसटी) की सालाना फीस देकर कोई भी मेंबर एक साल तक असीमित वॉलेंटियर ट्रिप्स कर सकता है। प्लेटफॉर्म पर वॉलेंटियर्स और होस्ट्स दोनों की सुरक्षा और कल्चरल ट्रेनिंग का विशेष ध्यान रखा जाता है। दिलचस्प यह कि शुरू में आकाश और करुणेश के पिता उनके फैसले से खुश नहीं थे। आकाश ने एक इंटरव्यू में बताया, शुरुआत में मेरे माता-पिता को हमारे बिजनेस के बारे में पता चला तो पिताजी थोड़े अप्रसन्न थे।

# दो एसडीपीओ सहित 17 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी हुए सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर धनबाद जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, जटिल एवं गंभीर अपराधों का सफल उद्भेदन करने, संगठित आपराधिक गिरोहों के नेटवर्क को ध्वस्त करने, कुख्यात नक्सलियों के विरुद्ध साहसिक कार्रवाई, साइबर वित्तीय धोखाधड़ी का पदार्फाश करने तथा अभियोजन व प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 17 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर अजीत कुमार विमल एसडीपीओ बाघमारा को तीन गंभीर एवं जटिल कांडों का सफल नेतृत्व कर त्वरित उद्भेदन करने के लिए सम्मानित किया गया। लिलेश्वर महतो एसडीपीओ, निरसा को कुख्यात प्रिंस खान गिरोह के सक्रिय सदस्य मो रिजवान सिद्दिकी को 2 देशी पिस्तौल और 33 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा तथा गिरोह को बड़ा झटका देने के लिए सम्मानित किया गया। मुहम्मद रूस्तम (पुलिस निरीक्षक, कतरास अंचल) को महुदा, बरोरा एवं कतरास क्षेत्र के अज्ञात हत्या कांडों के अनुसंधान एवं उद्भेदन में तकनीकी व व्यावहारिक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, प्रवीण कुमार व शशि रंजन कुमार (पुनि सह थाना प्रभारी, कतरास) को जमुना दास बिसेसरलाल ऑनामेंट्स ज्वेलरी दुकान में गार्ड को बंधक बनाकर हुई डकैती कांड का सफल उद्भेदन करने, श्री मुकेश चौधरी (पुनि सह थाना प्रभारी, झरिया) को 452 प्रतिवेदित कांडों के मुकाबले रिकॉर्ड 634 कांडों का निष्पादन करने, 217 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने तथा आग्नेयास्त्रों व चोरी गए 15-20 लाख रुपये के स्वास्थ्य केंद्र के सामान की बरामदगी करने के लिए सम्मानित किया गया। प्रभारी, अभियोजन कोषांग (धनबाद) को 3 माह के भीतर 2,475 मामलों में चार्जशीट, अंतिम प्रपत्र समर्पित कराने, 3,147 वारंटों का निष्पादन कराने तथा स्पीड ट्रायल (आर्म्स एक्ट) के तहत 12 कांडों में सजा दिलाने, श्री पिकु प्रसाद (पुअनि सह थाना प्रभारी, लोयाबाद) को एकड़ा शिव मंदिर के पास चालक से मार-पीट कर लूटे गए हाईवा को मात्र 24 घंटे के अंदर बरामद कर 2 अपराधियों को गिरफ्तार करने, पवन कुमार (पुअनि सह थाना प्रभारी, जोगता) को संगठित प्रिंस खान गिरोह के अपराधियों की गिरफ्तारी तथा उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने में विशेष एवं सराहनीय योगदान देने, रवि कुमार (पुअनि सह थाना प्रभारी, बरवाअड्डा) को कुख्यात शीर्ष नक्सली मिसिर बेसरा एवं अन्य उग्रवादियों की गिरफ्तारी में अत्यंत सूझबूझ एवं साहस का परिचय देने के लिए सम्मानित किया गया।

सत्यजीत कुमार (पुअनि सह थाना प्रभारी, बलियापुर) को बलियापुर थाना के 8 महत्वपूर्ण व संवेदनशील कांडों का उद्भेदन कर संलिप्त अभियुक्तों को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार करने, अभिनव कुमार (ओपी प्रभारी, मैथन) को संगठित अपराध गिरोह प्रिंस खान के नेटवर्क को समाप्त करने तथा अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने में महत्वपूर्ण कार्य करने, नितेश कुमार मिश्रा (ओपी प्रभारी, कालूबथान) को बाइक चोरी गिरोह के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 5 अपराधियों को गिरफ्तार करने तथा उनकी निशानदेही पर 8 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद करने के लिए सम्मानित किया गया। जबकि अभय कुमार (पुअनि सह थाना प्रभारी, बरोरा) को संगठित आपराधिक नेटवर्क (प्रिंस खान गिरोह) को निष्प्रभावी बनाने में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने, बिरजू राम (पुअनि, गोविन्दपुर थाना) को राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश के रहने वाले अंतरराज्यीय आपराधिक कांडों के नामजद अभियुक्तों को त्वरित कार्रवाई कर गिरफ्तार करने, विष्णु कुमार गोस्वामी (पुअनि, साइबर थाना) को मैलवेयर आधारित फ्रॉड के मामले में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 129 करोड़ के विशाल साइबर फ्रॉड नेटवर्क का खुलासा करने लिए सम्मानित किया गया।

अमलेश कुमार सिंह (लेखापाल, धनबाद) को लेखा संबंधी कार्यों का ससमय निष्पादन, हिंदी शाखा का कुशल संचालन एवं अपराध अनुश्रवण में वरीय अधिकारियों को उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने तथा उपेन्द्र कुमार सिंह (सअनि यातायात थाना धनबाद) को सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने एवं यातायात नियंत्रण में निरंतर तत्परता दिखाने के लिए सम्मानित किया गया।

## 'एंबेसडर' और 'जिप्सी' नए कलेवर में प्रदर्शित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धनबाद जिला प्रशासन ने अपनी गौरवशाली प्रशासनिक विरासत को संजोने के लिए एक अनूठी पहल की है।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा जिले के पूर्व प्रशासनिक इतिहास की गवाह रहीं धनबाद उपायुक्त की आधिकारिक एंबेसडर कार तथा धनबाद एसएसपी की प्रतिष्ठित मारुति जिप्सी को पूरी तरह पुनर्निर्मित कर आमजनों के दीदार हेतु समाहरणालय परिसर में स्थापित किया है।

दशकों तक जिले की विधि-व्यवस्था, नीति निर्धारण और जनसेवा की मूक साक्षी रहीं इन दोनों गाड़ियों को उनके मूल स्वरूप में री-स्टोर किया गया है। इस ऐतिहासिक कार्य को लेकर जिले के दोनों वरीय अधिकारियों ने कहा कि सरकारी सेवा से निष्प्रयोज्य हो चुके इन ऐतिहासिक महत्व के वाहनों को बचाकर उन्हें प्रशासनिक विरासत के रूप में संरक्षित किया गया है। दोनों वाहनों की डेंटिंग, पेंटिंग, क्लासिक इंटीरियर, इंजन पार्ट्स, लाइट और लोगो को उनके मूल विंटेज लुक के अनुरूप बारीकी से तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा का प्रतीक रही सफेद एंबेसडर और पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की पहचान रही मारुति जिप्सी को एक साथ प्रदर्शित कर प्रशासन व पुलिस के समन्वय को दशार्या गया है। समाहरणालय आने वाले आम नागरिक, युवा और छात्र-छात्राएं अब इन ऐतिहासिक वाहनों को करीब से देख सकेंगे और जिले के प्रशासनिक सफर को समझ सकेंगे।

# मेजर अनुपम रंजन को अदम्य साहस के लिए मिला सेना मेडल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** देश की रक्षा के लिए अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले नवादा निवासी मेजर अनुपम रंजन, 4 पैरा स्पेशल फोर्स के अधिकारी, को इस स्वतंत्रता दिवस पर उनके शौर्य एवं साहस के लिए सेना मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिलने से नवादा जिले में खुशी और गर्व का माहौल है।

मेजर अनुपम रंजन ने इसी वर्ष फरवरी माह में जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ क्षेत्र में अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में वीरता का परिचय दिया। अभियान के दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो आतंकवादियों को मार गिराया। कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए उन्होंने असाधारण साहस, सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया।

उनकी वीरता और राष्ट्रसेवा के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार की ओर से उन्हें सेना मेडल प्रदान किया गया। यह सम्मान न केवल मेजर अनुपम रंजन के लिए, बल्कि उनके परिवार, नवादा जिले और पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है।

मेजर अनुपम रंजन की बहादुरी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि भारतीय सेना के जवान देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार रहते हैं। उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण को लेकर जिलेवासियों में विशेष उत्साह है।

मेजर अनुपम रंजन के सेना मेडल से सम्मानित होने पर उनके परिजनों, शुभचिंतकों एवं जिलेवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। लोगों ने कहा कि उनकी वीरता और देशभक्ति युवाओं के लिए प्रेरणादायी है तथा नवादा को उन पर गर्व है।

## सांसद विवेक ठाकुर ने किया झंडोत्तोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नवादा जिला भाजपा कार्यालय में समारोहपूर्वक झंडोत्तोलन किया गया। सांसद विवेक ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने की।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद विवेक ठाकुर ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सभी नागरिकों की भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से समाज और देश की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# चंद्रवंशी शहीद सम्मान समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मिजार्पुर ।** चंद्रवंशी समाज के शहीदों की स्मृति और उनके त्याग को सम्मान देने के उद्देश्य से रविवार को मिजार्पुर में चंद्रवंशी शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में समाज के युवाओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और शहीदों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समारोह के मुख्य अतिथि जरासंधम पत्रिका के मुख्य संपादक श्री मनाश चंद्र सेतु थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. के.पी. सिंह ने की। मंच का संचालन चंद्रवंशी चेतना मंच के जिला अध्यक्ष चंदन चंद्रवंशी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विकास कुमार ने किया।

समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज के शहीदों और वीर सपूतों के बलिदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन समाज की एकता, जागरूकता और युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर अशोक चंद्रवंशी, सुमित कुमार, भोलू कुमार, प्रीतम कुमार, राहुल कुमार, धीरज कुमार सहित चंद्रवंशी समाज के सैकड़ों युवा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली।

समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, समाज के लोगों और उपस्थित युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# वाजपेयी की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**पेटरवार।** पेटरवार भाजपा प्रखंड कार्यालय में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर पूरा देश उन्हें श्रद्धा से याद कर रहा है। वे एक कुशल राजनेता होने के साथ-साथ महान कवि और प्रखर वक्ता भी थे। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और जनकल्याणकारी कार्यों से देश की दशा और दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा।वक्ताओं ने कहा कि पोखरण में परमाणु परीक्षण जैसे ऐतिहासिक फैसलों के लिए भी अटल बिहारी वाजपेयी को देश हमेशा याद रखेगा। उनका जीवन और विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडे, जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, जिला महामंत्री संजय सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल, प्रभारी राजेश कुमार पांडे, मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद महतो, शांतिलाल जैन, खैराचातर मंडल प्रभारी असित बनर्जी, मनोज शर्मा, पंकज कुमार सिन्हा, निरंजन महतो, जग्गू महतो, चंद्रशेखर महतो, लाल मोहन नायक, अमर ज्योति बनर्जी, राजेश प्रसाद, रामभरोस प्रसाद, बृजेश केतु प्रसाद, मनोज कुमार प्रसाद, बृहस्पति महतो, प्रकाश रवानी, कुंभकरण मुंडा, कौशर अंसारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ने श्रद्धांजलि दी।

## आधा दर्जन गिरफ्तार

**पटना।** मनेर थाना क्षेत्र के खासपुर में बाइक सवार 2 दर्जन लोगों द्वारा निकाले गए तिरंगा यात्रा के दौरान वर्चस्व कायम करने के उद्देश्य से एक दर्जन से अधिक राउंड फायरिंग की गई। सूचना मिलते ही मनेर पुलिस ने छापेमारी करते हुए आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक विधि विरूद्ध बालक भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने चार हथियार, 6 कारतूस, 4 मोबाइल एवं दो बाइक बरामद की है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जानकारी के अनुसार मनेर थाना क्षेत्र के खासपुर में कुछ लोगों द्वारा बाइक व अन्य वाहनों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली थी।

# स्वतंत्रता दिवस परेड सीआरपीएफ की प्लाटून रही प्रथम

**रणधीर वर्मा स्टेडियम में डीसी आदित्य रंजन ने फहराया तिरंगा**



नवबिहार टाइम्स संवाददाताा

**धनबाद।** धनबाद जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। मुख्य समारोह गोल्फ ग्राउंड स्थित रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां उपायुक्त आदित्य रंजन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के दौरान राष्ट्रीय गान के साथ पूरा स्टेडियम देशभक्ति के रंग में रंग गया। समारोह में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार समेत जिले के तमाम प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी, जवान तथा विभिन्न सुरक्षा बलों के जवान मौजूद रहे। ध्वजारोहण के बाद उपायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों की सलामी ली।

अपने संबोधन में डीसी आदित्य रंजन ने जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने धनबाद के विकास और प्रशासन की प्राथमिकताओं को भी साझा किया। वहीं, परेड में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्लाटून को सम्मानित किया गया। परेड में सीआरपीएफ की प्लाटून ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि एन सी सी की प्लाटून दूसरे और जिला पुलिस की प्लाटून तीसरे स्थान पर रही।

इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस पदाधिकारी और जवानों को भी सम्मानित किया गया। बेहतर कार्य करने वाली आंगनबाड़ी सेविका और सहिया को भी पुरस्कृत किया गया।

समारोह के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों और देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को नमन किया गया। साथ ही देश की एकता, अखंडता और विकास के संकल्प को दोहराया गया।

# 50 गाड़ियों के साथ राजभवन मार्च में शामिल होंगे पूर्व विधायक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** आगामी 19 अगस्त को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आयोजित होने वाले राजभवन मार्च को सफल बनाने को लेकर रविवार को कौआकोल प्रखंड के बीझो स्थित 238 गोविंदपुर विधानसभा के पूर्व विधायक मोहम्मद कामरान के कार्यालय में राजद कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव ने की। बैठक में राजभवन मार्च में कौआकोल प्रखंड से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि कौआकोल प्रखंड से करीब 50 गाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में मोहम्मद कामरान समर्थित राजद कार्यकर्ता राजभवन मार्च में शामिल होने के लिए पटना जाएंगे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने राजभवन मार्च को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ तैयारी करने पर जोर दिया। मौके पर तूफानी यादव, डॉ. द्वारिका प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, मुजफ्फर अंसारी, सरफराज आलम, कुंदन कुमार, बिपिन यादव, पार्वती देवी, बीरेन्द्र प्रसाद, रामाधीन रजक, गुलेश्वर यादव, मुन्ना यादव, मो. आबिद, सियाराम यादव, संतोष कुमार, चंद्रिका यादव, सतीश यादव सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झामुमो महानगर कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बैंक मोड़ स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर कार्यालय में झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झामुमो महानगर के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और देशभक्ति के गीतों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। झामुमो महानगर प्रवक्ता आकाश रवानी ने कहा कि ?यह स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के वीर जवानों की बहादुरी का महिमा मंडन करने का अवसर है। हमें गर्वान्वित होना चाहिए कि हम ऐसे देश में रहते हैं जहां सर्व समाज का समान रूप से सम्मान किया जाता है। पूर्व मेयर एवं झामुमो नेता चंद्रशेखर अग्रवाल ने देश के सभी शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज देश की सीमाओं की रक्षा हमारे वीर जवान कर रहे हैं। इसी प्रकार हमें देश के अंदर एक सूत्र में बंधकर देश की रक्षा करने की आवश्यकता है। तभी हम अपने शहीदों का सही सम्मान कर पाएंगे। झामुमो महानगर उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री के सदस्य राजू प्रमाणिक ने भी शहीदों की शहादत को याद करते हुए उनके योगदान के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अजय रवानी, राम प्रवेश गुप्ता, महानगर संगठन सचिव राजेश टूरी, युवा महानगर उपाध्यक्ष विक्रांत यादव, उपाध्यक्ष आसिफ खान, रोहित रवानी, गंगाधर कुम्हार, कृष्ण यादव, नंदू चंद्रवंशी, सुमित पाठक, अरुण सिंह, दिलीप महतो, राहुल चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नूतन उन्नति संस्थान ने मनाया भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह

**ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं देशभक्ति कार्यक्रमों से गूंजा समारोह स्थल; नारी सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का संदेश**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** महिलाओं के उत्थान, सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं सामाजिक जागरूकता के लिए समर्पित नूतन उन्नति संस्थान के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान की पदाधिकारियों, सदस्यों एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। पूरे परिसर को तिरंगे और देशभक्ति के रंगों से सजाया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक श्रीमती नूतन बिहारी हाथों ध्वजारोहण के साथ हुआ। राष्ट्रीय ध्वज के फहरते ही उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। इसके बाद भारत माता के जयघोष एवं देशभक्ति नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक नूतन बिहारी ने कहा कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक आजादी का नाम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सम्मान, समान अवसर और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने का अधिकार भी है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी जितनी मजबूत होगी, राष्ट्र उतना ही सशक्त बनेगा।

नीलम सिन्हा ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉली सिन्हा ने महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक भागीदारी से जुड़े विषयों पर जागरूकता संदेश भी दिया गया।

नूतन सिन्हा ने कहा कि सशक्त महिला ही सशक्त परिवार, सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है।

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं जागरूकता कार्यक्रमों ने समारोह में विशेष आकर्षण पैदा किया। उपस्थित महिलाओं ने देश की एकता, अखंडता एवं विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

मोनिका सिन्हा ने कहा कि नूतन उन्नति संस्थान भविष्य में भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा समाज के वंचित वर्गों तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अनीता बरनवाल , रिंकी, सोनी ,आरती, अभिलाषा ,अनीता देवी ,अंजू सिंह ,बबीता देवी, भवानी, बंटी सिंह, हेमलता, खुशबू सिंह, नीलम सिन्हा ,नूतन सिन्हा ,प्रियंका ,अनुराधा ,गुंजन, पुनीता ,रूबी ,समता ,संगीता दी, सरिता ,सीमा, मोनिका सिन्हा,संगीता, बबली, तरुणा ,डॉली सिन्हा, भवानी, सुमन, सुषमा , अर्पणा ,तनुजा, वंदना के साथ साथ सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए सामूहिक संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्वतंत्रता दिवस समारोह ने नारी सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की।

# पेटरवार में शान से लहराया तिरंगा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पेटरवार।** पेटरवार प्रखंड के आसपास के क्षेत्रों में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत ह्यवंदे मातरमह्ल से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी और देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया।

प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख शारदा देवी एवं बीडीओ संतोष महतो ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। वहीं शहीद पार्क में अंचल अधिकारी अशोक कुमार राम, कृषि विज्ञान केंद्र में वरीय वैज्ञानिक रंजय कुमार सिंह, थाना परिसर में थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा, वन विभाग में प्रभारी वनक्षेत्र पदाधिकारी राकेश सिंह तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुंदन राज ने तिरंगा फहराया।आजसू कार्यालय में पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो, झामुमो कार्यालय में पूर्व विधायक बबीता देवी, भाजपा कार्यालय एवं मार्केट कॉम्प्लेक्स में जिला परिषद सदस्य प्रह्लाद महतो तथा ज्ञान विज्ञान समिति में पंकज कुमार सिन्हा ने ध्वजारोहण किया।इसी क्रम में लीला जानकी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में प्रधानाचार्य भूमिका कुमारी वेदवंशी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खत्री टोला में सुशीला लकड़ा, बुंडू पंचायत भवन में मुखिया निहारिका सुकृति तथा पेटरवार पंचायत भवन में मुखिया दिनेश कुमार गुप्ता सहित विभिन्न संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विशेष रूप से लीला जानकी पब्लिक स्कूल के बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। पूरे क्षेत्र में दिनभर उत्साह और देशभक्ति का माहौल बना रहा।

CMYK

संक्षिप्त समाचार

## पीएम मोदी ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी पर किया बड़ा ऐलान

### देशव्यापी टैलेंट पहचान कार्यक्रम की घोषणा की



नईदिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय खेलों के लिए एक बड़ा लक्ष्य तय किया. 80वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि देश को 2036 ओलंपिक में कम से कम तीन-चौथाई इवेंट्स में हिस्सा लेने का लक्ष्य रखना चाहिए. साथ ही, उन्होंने 5 से 15 साल के बच्चों के लिए देशव्यापी टैलेंट पहचान कार्यक्रम की घोषणा भी की। पीएम ने कहा कि हाल के वर्षों में खेलों के क्षेत्र में भारत की प्रगति तेज हुई है और देश अंतरराष्ट्रीय मंच पर अधिक प्रमुखता से उभरा है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगला कदम टैलेंट पूल का विस्तार करना होना चाहिए ताकि भारतीय एथलीट ओलंपिक के कई तरह के इवेंट्स के लिए क्वालीफाई कर सकें। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस भाषण में कहा कहा, 'खेल जगत में भारत अपनी जगह बना रहा है. हम अक्सर अपना राष्ट्रगान सुनते हैं और तिरंगा फहराते हुए देखते हैं. खेलो इंडिया गेम्स ने बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार की प्रमुख योजना 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' ने खिलाड़ियों की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. यह योजना 2014 में शुरू की गई थी. चाहे खेलो इंडिया गेम्स हों, यूनिवर्सिटी गेम्स, बीच गेम्स, विंटर गेम्स हों या स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, स्पोर्ट्स मेडिसिन, स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन – भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।'

## चोटिल जेमिमा एशिया कप से बाहर, एशियाड भी नहीं खेलेंगी

### प्रतिका को मौका; इंडिया का पहला मैच 30 अगस्त को होगा



#### द हंड्रेड लीग खेलते समय जेमिमा चोटिल हुई

बीसीसीआई ने बताया कि इंग्लैंड में द हंड्रेड लीग के एक मैच में 3 अगस्त को जेमिमा के दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी।मेडिकल टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उनकी जांच की। इसमें हाई-ग्रेड टियर इंजरी कन्फर्म हुई है।एशियन गेम्स जापान के नागोया में 17 सितंबर से 3 अक्टूबर तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में होगा।

नईदिल्ली (एजेंसी)। महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण एशिया कप और एशियन गेम्स से बाहर हो गई हैं। उन्हें यह चोट इसी महीने इंग्लैंड में द हंड्रेड टूर्नामेंट के दौरान लगी थी। उनकी जगह प्रतिका रावल को टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को बताया कि 25 साल जेमिमा की मेडिकल टीम ने जांच की है। जांच में उनकी हैमस्ट्रिंग में गंभीर स्तर का टियर मिला है। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। एशिया कप 28 अगस्त से 5 सितंबर तक दुबई में खेला जाएगा।

#### एशिया कप के लिए भारत की टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमालिनी (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, प्रेमा रावत, राधा यादव, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़ और प्रतिका रावल।

वनडे वर्ल्डकप 2027

## गांधी जयंती पर होगा वर्ल्ड कप का आगाज, आईसीसी ने तय की 2 अक्टूबर

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होने वाले आईसीसी वर्ल्ड कप 2027 2027 को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, टूर्नामेंट का आगाज 2 अक्टूबर 2027 यानी गांधी जयंती के दिन हो सकता है। हालांकि आईसीसी ने अभी आधिकारिक शेड्यूल जारी नहीं किया है, लेकिन अंदरूनी चर्चा के अनुसार इस खास दिन से टूर्नामेंट शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से ऐतिहासिक जुड़ाव को देखते हुए इस तारीख को बेहद खास माना जा रहा है।



#### गांधी जयंती पर क्यों शुरू हो सकता है वर्ल्ड कप?

रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी 2027 वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत गांधी जयंती के दिन करने पर विचार कर रहा है। महात्मा गांधी ने भारत लौटने से पहले करीब 21 साल दक्षिण अफ्रीका में बिताए थे। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले क्रिकेट के इस बड़े टूर्नामेंट को गांधी जयंती से जोड़ना उनके शांति और अहिंसा के संदेश को सम्मान देने के तौर पर देखा जा रहा है। पहले वर्ल्ड कप का उद्घाटन 8 अक्टूबर को प्रस्तावित था और अक्टूबर के पहले सप्ताह में अभ्यास मैच खेले जाने थे। नए प्लान के तहत अभ्यास मुकाबलों को सितंबर के आखिरी सप्ताह में कराया जा सकता है, जिससे मुख्य टूर्नामेंट की शुरुआत 2 अक्टूबर से हो सके।

#### 50 दिन तक चलेगा टूर्नामेंट

रिपोर्ट के मुताबिक, 14 टीमों वाला यह टूर्नामेंट करीब 50 दिनों तक चलेगा। इसका फाइनल 21 नवंबर 2027 को खेले जाने की योजना है। तीन देशों में होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

## देवदत्त पडिक्कल 167 रन बनाकर आउट

### श्रीलंका के खिलाफ भारत 460/9



#### भारत ने दूसरे सेशन में 4 विकेट गंवाए

दूसरे सेशन में श्रीलंका ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए भारत के 4 विकेट चटकाए। ऋषभ पंत 39, केएल राहुल 82 और देवदत्त पडिक्कल 167 रन बनाकर आउट हुए। पडिक्कल को प्रभात जयसूर्या ने स्टंपिंग कराया। टी-ब्रेक तक भारत का स्कोर 350/7 है। तीसरे सेशन का खेल 4:20 बजे शुरू होगा।

गॉल (एजेंसी)। भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे दिन बारिश के कारण करीब साढ़े चार घंटे के बाद खेल शुरू हुआ। भारत ने तीसरे सेशन में 9 विकेट पर 460 रन बना लिए थे। गॉल स्टेडियम में देवदत्त पडिक्कल 167 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल ने 82 और ऋषभ पंत ने 39 रन की पारी खेली। ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा क्रीज पर हैं। भारत ने पहले दिन का खेल 2 विकेट पर 288 रन के स्कोर पर समाप्त किया था, जबकि बारिश के कारण दूसरे दिन का पहला सेशन पूरी तरह धुल गया। अब दूसरा सेशन दोपहर 2:35 से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसके बाद 4 से 4:20 बजे तक टी-ब्रेक होगा और तीसरा सेशन शाम 4:20 से 5:45 बजे तक खेला जाएगा।

#### पडिक्कल ने 230 गेंदों में 167 रन बनाए

प्रभात जयसूर्या ने 91.3 ओवर में देवदत्त पडिक्कल को 167 रन पर स्टंपिंग करा दी। पडिक्कल क्रीज से आगे निकलकर शॉट खेलने आए, लेकिन जयसूर्या ने गेंद को तेज और फ्लैट रखा। पडिक्कल गेंद को मिस कर गए और विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने तुरंत गिल्लियां बिखेर दीं। पडिक्कल ने 230 गेंदों में 167 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और एक छक्का शामिल रहा।

#### राहुल 82 रन बनाकर आउट



केशरा नुवानथा ने 84.1 ओवर में केएल राहुल को 82 रन पर आउट कर दिया। गेंद ने टर्न और बाउंस लिया, जिससे राहुल शॉर्ट लेग पर कैच दे बैठे। ऑफ स्टंप के बाहर की फ्लैटर गेंद पर राहुल ऑफ साइड में शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद ज्यादा घूम गई और वह शॉट बदलने पर मजबूर हुए। राहुल ने कलाई के सहारे फ्लिक खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे शॉर्ट लेग पर चली गई। राहुल ने 175 गेंदों की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया।

देहरादून में एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2026

## चीन-कोरिया समेत 14 देशों के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा, फ्री एंट्री के साथ देख सकेंगे मुकाबले

देहरादून (एजेंसी)। देहरादून में अगले चार दिन बर्फ पर रफ्तार, रोमांच और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का शानदार नजारा देखने को मिलेगा। रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का हिमाद्री आइस रिंक 17 से 20 अगस्त तक एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2026 की मेजबानी करेगा। इस प्रतियोगिता में एशिया और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से खिलाड़ी पहुंच रहे हैं। उत्तराखंड लगातार दूसरी बार इस एशियाई स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने मुकाबले की तैयारी पूरी कर ली है। गुजरात से आए निर्जा निशांत ललाकिया, माही राजेश सोलंकी, काव्या अमित पटेल, ध्वजा उपेन पटेल, युवराज मेहता, ध्यान अमित पटेल, महर्ष दीपक प्रजापति और तत्व जोशी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे हैं।



## बांग्लादेश की ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक टेस्ट जीत, डार्विन में 9 विकेट से दी मात

डार्विन (एजेंसी)। बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को उन्हीं के घर में 9 विकेट से मात दे दी. डार्विन के मरारा क्रिकेट ग्राउंड में खेल गए पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन मेहमान टीम को जीत के लिए 57 रनों का छोटा टारगेट मिला, जिसको बांग्लादेश ने 1 विकेट खोकर ही हासिल कर लिया. इसके साथ मेहमान टीम ने कंगारुओं पर अपनी दूसरी ऐतिहासिक टेस्ट जीत दर्ज कर ली. हालांकि ये पहली बार है जब बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरती पर मात दी हो. इससे पहले बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को 2017 में मीरपूर टेस्ट में 20 रनों से मात दी थी। खास बात ये है कि इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पूरी मजबूत टीम को मैदान में उतारा था. जिसमें पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क जैसे खतरनाक गेंदबाज भी शामिल थे. इसके बावजूद 'बांग्ला टाइगर्स' ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। इस जीत की नींव बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने रखी, जिन्होंने पहली पारी में 6 विकेट लिए, और फिर तंजिद हसन ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया. तंजिद ने 101 रनों की शानदार पारी खेली। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 198 रन बनाए, जिसमें स्टीव स्मिथ के 71 रन सबसे ज्यादा थे. वहीं बांग्लादेश की तरफ से हसन महमूद ने सबसे ज्यादा 6 विकेट चटकाए। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 426 रन बनाए, जिसमें तंजिद के 101, कप्तान शांतो के 84 और मेहदी हसन मिराज के 65 रन सबसे खास थे. इस शानदार बल्लेबाजी की वजह से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया पर 228 रनों की बढ़त हासिल कर ली।



### डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव, बांग्लादेश को फायदा तो ऑस्ट्रेलिया का हुआ भारी नुकसान

बांग्लादेश ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरती पर 9 विकेट से मात देकर इतिहास रच दिया. ये बांग्लादेश की ऑस्ट्रेलिया में पहली टेस्ट जीत है. डार्विन के माराडा क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बांग्लादेश ने 57 रनों के छोटे से लक्ष्य को एक विकेट खोकर ही हासिल कर लिया. इस शानदार जीत के बाद बांग्लादेश को ङ्खञ्जष्ट पॉइंट्स टेबल में बढ़त मिली है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को नौ टीमों वाली टेबल में झटका लगा है। इस सीरीज से पहले बांग्लादेश का पॉइंट परसेंटेज (पीसीटी) 58.33 था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद अब ये बढ़कर 66.67 हो गया है. वहीं, कंगारू अभी भी स्टैंडिंग में टॉप पर हैं, लेकिन उनके पीसीटी में काफी गिरावट आई है. मैच से पहले उनका पीसीटी 87.50 था, जो अब गिरकर 77.78 हो गया है. वे दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका से मामूली अंतर से आगे हैं, जिनका पीसीटी 75 है. न्यूजीलैंड पिछले दो फाइनलिस्ट के बाद तीसरे स्थान पर है, जिसका छह मैचों में पीसीटी 72.22 है, जबकि बांग्लादेश चौथे स्थान पर है. भारत पांचवें स्थान पर है, जिसका नौ मैचों में पीसीटी 48.15 है।

## पाकिस्तान हॉकी वर्ल्डकप में पेनल्टी कॉर्नर का सामान लाना भूला

### सेफ्टी किट ड्रेसिंग रूम में छोड़ा, कप्तान को ग्रीन कार्ड, इंग्लैंड ने 4-1 से हराया

लंदन (एजेंसी)। पाकिस्तान हॉकी वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर का सामान लाना भूल गया। टीम की सेफ्टी किट ड्रेसिंग रूम में ही रह गई।इसके कारण कप्तान अबू बकर महमूद को ग्रीन कार्ड दिखाया गया और उन्हें 2 मिनट के लिए मैदान से बाहर बैठना पड़ा। टीम को मैच में हार का सामना भी करना पड़ा। इंग्लैंड ने 4-1 से हराया।



#### 17वें मिनट में हुआ अजीब वाकया -

इंग्लैंड के 1-0 से आगे होने के कुछ देर बाद करीब 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। पाकिस्तान के खिलाड़ी गोल के पीछे जरूरी प्रोटेक्टिव गियर तलाशने लगे, लेकिन किट वहां मौजूद नहीं थी। बाद में पता चला कि सामान ड्रेसिंग रूम में ही छूट गया था। एक खिलाड़ी को दौड़कर किट लानी पड़ी।

#### पूर्व कप्तान ने कहा- यह 'अनवॉन्टेड रिकॉर्ड'

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान अकबर ने इस घटना पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसे पाकिस्तान हॉकी का एक और 'अनवॉन्टेड रिकॉर्ड' बताया। उनका कहना था कि वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में पेनल्टी कॉर्नर के लिए जरूरी सुरक्षा उपकरण भूलना नहीं चाहिए।

#### इंग्लैंड ने जीत दर्ज की

किट विवाद के बीच पाकिस्तान मैच भी नहीं बचा सका। इंग्लैंड ने 4-1 से जीत दर्ज की। स्टुअर्ट रशमेयर ने 12वें मिनट में इंग्लैंड का पहला गोल किया। इसके बाद सैम वार्ड ने दूसरे क्वार्टर में बढ़त 2-0 कर दी। सैमुअल हूपर ने 31वें मिनट में तीसरा और जेम्स एलबरी ने 47वें मिनट में चौथा गोल किया। पाकिस्तान की ओर से रेहान अब्दुल अफराज ने 50वें मिनट में एक गोल किया।पाकिस्तान को मैच में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम इनमें से किसी को भी गोल में नहीं बदल सकी।

## अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराया

### 299 रन का अपना सबसे बड़ा वनडे चेज किया, 4-0 से जीती सीरीज, रहमत शाह का नाबाद शतक

बेलफास्ट (एजेंसी)। अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 299 रन का लक्ष्य 48.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम ने 5वें और आखिरी वनडे में आयरलैंड को 6 विकेट से हराया और सीरीज 4-0 से अपने नाम की। बेलफास्ट के सिविल सर्विस क्रिकेट क्लब में खेले गए मुकाबले में रहमत शाह ने नाबाद 143 रन की पारी खेली। उन्होंने सिद्दीकुल्लाह अटल (98) के साथ तीसरे विकेट के लिए 201 रन जोड़े। यह अफगानिस्तान के वनडे इतिहास में तीसरे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। अफगानिस्तान ने 299 रन का लक्ष्य हासिल कर वनडे में अपना सबसे बड़ा सफल रन चेज किया। इससे पहले टीम का सबसे बड़ा सफल रन चेज 295 रन था। इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने 5 मैचों की सीरीज 4-0 से जीत ली। सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था।



**रहमत-अटल ने जोड़े 201 रन: तीसरे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी** - रहमत शाह और सिद्दीकुल्लाह अटल ने तीसरे विकेट के लिए 201 रन की साझेदारी की। यह अफगानिस्तान की वनडे में तीसरे विकेट की नई रिकॉर्ड साझेदारी है।इससे पहले यह रिकॉर्ड रहमत शाह और हशमतुल्लाह शाहिदी के नाम था।


#### 22 रन पर 2 विकेट गंवाए: मैकार्थी ने दोनों ओपनर्स को आउट किया

299 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने 6 ओवर के अंदर 22 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। आयरलैंड के तेज गेंदबाज लियम मैकार्थी ने रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान को आउट किया।इसके बाद रहमत शाह और सिद्दीकुल्लाह अटल ने पारी को संभाला। दोनों ने शुरुआती दबाव से निकलते हुए धीरे-धीरे रन गति बढ़ाई और आयरलैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाना शुरू किया।

सिनसिनाटी ओपन में बड़ा उलटफेर

## जोकोविच को 50वें रैंक के खिलाड़ी ने हराकर टूर्नामेंट से किया बाहर

सिनसिनाटी (एजेंसी)। सिनसिनाटी ओपन में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा. जिसकी वजह से वो टूर्नामेंट के दूसरे दौर से ही बाहर हो गए. वर्ल्ड नंबर 5 जोकोविच को 50वें रैंक के अर्जेंटीना के खिलाड़ी थियागो टिरंटे ने हराया। पहला सेट 2-6 से जीतने के बाद जोकोविच को सख्त मोसम में संघर्ष करना पड़ा और वे आखिरी दो सेट 6-4, 6-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए. यह विंबलडन 2026 के सेमीफाइनल मैच खेलने के बाद जोकोविच का पहला मैच था।



**मैच के दौरान जोकोविच ने की उल्टी** - मैच के दौरान सख्त गर्मी और उमस की वजह से जोकोविच को शारीरिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा. सर्बियाई खिलाड़ी को उल्टी करते हुए देखा गया और बाद में उन्हें डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज की जरूरत पड़ी।

# हर्षोल्लास से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस



**चांदन(बांका), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय चांदन में हर्षोल्लास से 80 वां स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर प्रखंड प्रमुख रविश कुमार ने फहराया तिरंगा।साथ ही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय, शिक्षा संस्थानों, पंचायत भवन में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से सम्पन्न हुआ। प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना में सीडीपीओ रजनी कुमारी,निरीक्षण भवन चांदन में जिला परिषद सदस्या शारदा देवी, सीएचसी चांदन में डॉ०रजनीश कुमार, चांदन थाना में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती, ग्राम कचहरी में सीओ रविकांत कुमार, इंटर स्तरीय प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय चांदन में सुमन सिंह, पंचायत सरकार भवन चांदन में मुखिया अनिल कुमार,बिरनियां पंचायत भवन में मुखिया रंजीत पंडित, गौरीपुर पंचायत भवन में मुखिया तारा देवी, हाईस्कूल चांदन के खेल मैदान में चंद्र मोहन पांडेय ,गांधी चौक में भाजपा नेता हरेकृष्ण पांडेय,स्मारक स्थल गांधी चौक पर प्रमुख रविश कुमार, गरिमा संस्था में अध्यक्ष अभय चंद्र आजाद,ने झंडोत्तोलन किया।

जबकि आनंदपुर थाना में थानाध्यक्ष विनोद कुमार कुमार, दक्षिणी बारने पंचायत भवन में मुखिया तुलसी रजक,उत्तरी वारने पंचायत भवन में अनीता देवी,चंदुवारी पंचायत भवन में गीता देवी, कुसुमजोरी पंचायत भवन में ममता देवी, कुसुमजोरी पैक्स भवन में पैक्स अध्यक्ष प्रदीप पोद्दार, इंटर स्तरीय प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय भैरोगंज में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार यादव, दक्षिणी वारने ग्राम कचहरी आशीष रॉबिन उड, दक्षिणी वारने पैक्स भवन में हेमराज यादव, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर भैरोगंज में डॉक्टर जय किशोर कुमार, आइडियल पब्लिक स्कूल भैरोगंज में शिक्षाविद तूफान साह ने हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय भैरोगंज, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय चांदन , आदर्श मध्य विद्यालय चांदन , ओंकार इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल जोगमारन आइडियल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। साथ ही विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर मौजूद गणमान्य देश प्रेमियों अपने वीर शहादत को याद करते हुए नमन किया ।

## आरएमके इंटर स्कूल मैदान में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**बांका, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को आरएमके इंटर स्कूल मैदान में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। समारोह में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार समेत जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी गई। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी, कर्मी, स्कूली छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर आरएमके इंटर स्कूल मैदान में विशेष तैयारियां की गई थीं। सुबह से ही लोगों में समारोह को लेकर उत्साह देखने को मिला। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह के दौरान जिले में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन एवं कानून-व्यवस्था को लेकर प्रशासन की प्रतिबद्धता भी सामने रखी गई। वहीं, विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों एवं लोगों को सम्मानित किया गया।

# 14 वर्षों से प्रतिभाओं को मंच दे रही कला संगम की सारेगामा गीत प्रतियोगिता



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कला संगम द्वारा आयोजित स्व. नंदकिशोर प्रसाद स्मृति सारेगामा गीत प्रतियोगिता के ऑडिशन कार्यक्रम का उद्घाटन कला संगम के अध्यक्ष पंकज ताह ने स्व. नंदकिशोर प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 14 वर्षों से आयोजित हो रही यह गीत प्रतियोगिता गिरिडीह में एक बेहतर सांस्कृतिक माहौल तैयार कर रही है। इससे बच्चों में संगीत और गायन के प्रति रुचि बढ़ी है तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिल रहा है कला संगम के सचिव सतीश कुंदन ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में गिरिडीह के अलावा सरायकेला खरसावां कोडरमा और मधुपुर से कुल 41 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया प्रतिभागियों ने अपनी पसंद के गीत प्रस्तुत किए निर्णायक मंडली में नयन दीप सिन्हा अरित चंद्रा और राजीव रंजन शामिल थे निर्णायकों ने प्रतिभागियों की गायन प्रतिभा के आधार पर अंक प्रदान किए ऑडिशन के दौरान जूनियर वर्ग से दो प्रतिभागी चयन से बाहर हो गए थे हालांकि कला संगम ने उन्हें ग्रेस देकर क्वार्टर फाइनल में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया। अब प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 12 और 13 सितंबर को आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम का मंच संचालन मनोज कुमार मुन्ना और नीतीश आनंद ने किया। मौके पर डॉ. अनुज कुमार अशोक कुमार रविश आनंद शुभम कुमार विकास रंजन आकाश रंजन अशोक गुप्ता दया शंकर सिंह आयुष कुमार सिन्हा अकील अहमद रातू अभिनीत मिश्रा रिंकू साव सहित कला संगम के मीडिया प्रभारी सुनील मंथन एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# आदर्श थाना पियरपुरा के नवनिर्मित भवन का आईजी जितेंद्र राणा ने किया उद्घाटन



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नवनिर्मित आदर्श थाना पियरपुरा जी+4 भवन का उद्घाटन पटना प्रक्षेत्र के आईजी जितेंद्र राणा ने किया। उद्घाटन से पूर्व आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। थानाध्यक्ष पूजा राठी ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संकेत कुमार, पालीगंज एसडीपीओ-2 पंकज शर्मा समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। आईजी जितेंद्र राणा ने थाना भवन का निरीक्षण किया और इसकी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने उद्घाटन के मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए इस भवन में थानाध्यक्ष कक्ष, आगंतुक कक्ष, सिरिस्ता कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, सीडब्ल्यूसी कक्ष, अनुसंधान कक्ष और सीसीटीवी कक्ष की व्यवस्था की गई है। महिला और पुरुष बंदियों के लिए अलग-अलग हाजत बनाए गए हैं। वहीं, भवन की ऊपरी मंजिल पर पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय कक्ष की भी व्यवस्था है। आईजी ने कहा कि पियरपुरा थाने को अपना भवन मिलने से पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को काम करने के साथ-साथ रहने की भी बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आधुनिक सुविधाओं से लैस नए भवन से थाना के कामकाज में और अधिक सहूलियत होगी तथा पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा। बताया जाता है कि पियरपुरा थाना क्षेत्र पूर्व में उग्रवाद प्रभावित रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यहां थाना का निर्माण कराया गया था। नया भवन बनने से पहले पियरपुरा थाना सीमित संसाधनों से सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा था।

# सिविल सोसाइटी गिरिडीह की बैठक में जनहित के कई मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय







**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिविल सोसाइटी गिरिडीह के सदस्यों की नियमित बैठक रविवार को मारुति टावर तिरंगा चौक स्थित मार्क इंफोसिस के कार्यालय में कार्यकारी सचिव शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में कार्यालय सचिव सुधीर अग्रवाल सहसचिव सुनील खंडेलवाल सदस्य लखन लाल श्याम सुंदर खंडेलवाल कृष्णा मोदी बीवी लाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद सिविल सोसाइटी के प्रयासों से डांडीडीह के संकरे एवं जर्जर रेल ओवरब्रिज के पुनर्निर्माण को लेकर की जा रही कार्रवाई के लिए उपायुक्त एवं पथ निर्माण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया गया बैठक में श्मशान घाट में दाह संस्कार के लिए लकड़ी की हो रही कमी के समाधान पर भी चर्चा हुई निर्णय लिया गया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी पूर्वी क्षेत्र गिरिडीह को पत्र लिखकर सड़क किनारे मौजूद जर्जर सूखे एवं दीमक लगे पेड़ों को कटवाकर निशुल्क अथवा न्यूनतम दर पर सिविल सोसाइटी के माध्यम से श्मशान घाट को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाएगा।

वहीं पुराने पुलिस लाइन के निकट चंदन नगर में आम नागरिकों की सुविधा के लिए बनाए गए सामुदायिक भवन पर कोरोना काल से कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा कथित अवैध कब्जे के मामले को लेकर महापौर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर भवन को खाली कराने का अनुरोध करने का निर्णय लिया गया बैठक में चैताडीह जलापूर्ति संयंत्र से बिना समुचित फिल्टर किए बंद कोयला खदान का पानी भंडारीडीह से पचंबा तक आपूर्ति किए जाने के मुद्दे पर भी चिंता जताई गई। इस संबंध में महापौर को आवेदन देकर जल शुद्धिकरण व्यवस्था को चालू कराने अथवा उसे सुदृढ़ करने के लिए स्मारक पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया इसके अलावा बैठक में संगठन की आजीवन सदस्यता को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। तय किया गया कि 31 अगस्त 2026 तक आजीवन सदस्यता लेने वाले सदस्यों को ही प्राथमिक अथवा स्थापना सदस्य की मान्यता दी जाएगी अंत में विभिन्न जनहित के मुद्दों पर आगे की कार्रवाई जारी रखने का निर्णय लेते हुए बैठक को अगले रविवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बुनकर सहयोग समिति परिसर में ध्वजारोहण

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 80वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिंगोड़ी स्थित नेशनल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति प्रा. लि. परिसर में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष मो. सलामुद्दीन अंसारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया और देश की एकता एवं अखंडता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ महिला एवं पुरुष बुनकर शामिल हुए। इस दौरान लोगों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों और देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। समिति के अध्यक्ष मो. सलामुद्दीन अंसारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। उन्होंने बुनकर समाज के लोगों से आपसी एकजुटता बनाए रखते हुए क्षेत्र के विकास में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों के बीच स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

### पति-पत्नी के झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन के केवड़ा थाना क्षेत्र के लोचना मसोपुर गांव में घरेलू विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि लोचना मसोपुर गांव में एक घर में पति-पत्नी के बीच मारपीट हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो वहां से 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस मामले में पुलिस ने घर के सदस्य पवन कुमार पिता अजय कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार पवन कुमार पेशे से मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग का प्रशिक्षण देता है। पुलिस के अनुसार जिस समय टीम घर पहुंची उस समय घर में लड़ाई-झगड़ा चल रहा था। तलाशी के दौरान ही कारतूस बरामद किए गए थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद कारतूस के संबंध में पवन कुमार से पूछताछ की जा रही है कि ये कारतूस कहां से आए और किस मकसद से रखे गए थे।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पी.पी. पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरनी अवस्थित प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल,मसौढ़ी के प्रांगण में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की धुम रही` प्राचार्य के झंदोतोलन करने के उपरान्त छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक राष्ट्रीय गीतों एवं नृत्य से समारोह में चार चाँद लगा दिया` विद्यालय के एकैडमिक डायरेक्टर एवं शिक्षकों ने सारगर्भित विचार व्यक्त किए` कार्यक्रम में उपस्थित पी०पी शैक्षणिक समुह के एम०डी० अक्षय आनन्द ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जिस तिरंगे के छांव में खड़े हैं वो हमें जीवन जीने के सही तरीके सिखाता है` भारत की संस्कृति को इस झंडे में देखा जा सकता है` यहाँ की संस्कृति और सभ्यता को हमें नमन करना चाहिए` आइए, इस शुभ अवसर पर राष्ट्र निर्माण, देश के विकास और सम्मान बनाए रखने का संकल्प लेते हैं। रंगारंग कार्यक्रमों के संपादित हो जाने के बाद श्री अक्षय आनन्द एवं प्राचार्य ने असाधारण उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच पारितोषिक वितरण किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### कॉलेज से लौट रही छात्रा 4 दिन से लापता

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मझनपुरा गांव की रहने वाली जो मगध महिला कॉलेज पटना की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा उम्र 18 वर्ष, पिता ने 13 अगस्त 2026 को दोपहर 1 बजे कॉलेज से घर लौटने के क्रम में लापता हो गई। चार दिन बीत जाने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला है। पीड़ित पिता ने बताया कि इस संबंध में गांधी मैदान थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी 29 जून 2026 और 30 जुलाई 2026 को धनरुआ थाना में लिखित सूचना दी गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। रजिस्टर संख्या 944/2026 में भी सूचना दर्ज है। परिजनों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के कारण ही मनचले युवाओं ने साजिश कर छात्रा का रास्ते से अपहरण कर लिया। घटना से पूरा परिवार सदमे में है।

## हथियार के बल पर लूटपाट बाइक छोड़ बदमाश फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जहानाबाद से बर्थडे पार्टी मनाकर घर लौट रहे एक सरकारी शिक्षक से धनरुआ थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर लूटपाट का मामला सामने आया है। घटना देर रात भाईपुर मोड़ के पास हुई।पीड़ित नीरज कुमार पिता प्रीतम प्रसाद बहरामपुर के रहने वाले हैं। वे जहानाबाद के बंधुगंज में सरकारी स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। नीरज कुमार ने बताया कि वे जहानाबाद में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होकर देर रात बाइक से अपने घर बहरामपुर लौट रहे थे। इसी दौरान भाईपुर मोड़ के पास पहले से घात लगाए 4 युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों के पास हथियार थे। उन्होंने शिक्षक को पकड़कर लूटपाट शुरू कर दी। शोर-शराबा और विरोध करने पर बदमाश घबरा गए और बाइक छोड़कर नीरज कुमार का बैग लेकर फरार हो गए। बैग में कुछ कपड़े और जरूरी कागजात थे। घटना की सूचना मिलने पर धनरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि पीड़ित के बयान पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और आसपास लगे उउळश कैमरों की जांच की जा रही है।

## शान से लहराया तिरंगा, 80वें स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति में डूबा मसौढ़ी



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आजादी के 80वें साल पर शनिवार को पूरे देश के साथ मसौढ़ी में भी स्वतंत्रता दिवस का जश्न पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। गांव से लेकर शहर तक हर सरकारी कार्यालय, स्कूल और सार्वजनिक स्थल पर तिरंगा लहराता नजर आया।सुबह से ही सभी कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हुआ जिसमें व्यवहार न्यायालय मसौढ़ी में अपर सत्र न्यायाधीश शशांक चंद्रा ने झंडा फहराया अभियोजन कार्यालय में अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी भरतजी,अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम धनराज कुमार और एसडीपीओ कार्यालय में डीएसपी राघव दयाल ने ध्वजारोहण किया,अधिवक्ता संघ कार्यालय में संघ के सचिव राकेश कुमार, मसौढ़ी जेल में जेल अधीक्षक गौतम कुमार ने तिरंगा फहराया।नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद पिंकी देवी, प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख सद्दाम हुसैन और मसौढ़ी थाना में थानाध्यक्ष विवेक भारती ने झंडोत्तोलन किया। रेड क्रॉस कार्यालय में सचिव विश्व रंजन सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। धनरूआ थाना में थानाध्यक्ष अमित कुमार और पुनपुन में बेबी कुमारी ने ध्वजारोहण कर जवानों को सलामी दी। हांसडीह विद्या ग्राम में स्वतंत्रता दिवस भव्य रूप से मनाया गया। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में राहुल चंद्र, डॉ मंगल, अनिल कुमार, मिट्ठू, अरफराज, साहिल, पलटन सिंह समेत कार्यकारिणी के सभी सदस्य और कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

# रेड क्रॉस भवन में शान से लहराया तिरंगा



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेड क्रॉस भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया गया समारोह को लेकर रेड क्रॉस भवन को आकर्षक ढंग से सजाया गया था कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस के चेयरमैन अरविंद कुमार ने शान से तिरंगा फहराया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी इस अवसर पर चेयरमैन अरविंद कुमार ने रेड क्रॉस के विभिन्न क्रियाकलापों एवं सामाजिक सेवा कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं सचिव विवेश जालान ने गिरिडीह रेड क्रॉस भवन में संचालित सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए संस्था की सामाजिक भूमिका को रेखांकित किया समारोह के दौरान बच्चों के बीच मिठाई बिस्किट एवं नमकीन के पैकेट का वितरण किया गया इससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला मौके पर उप चेयरमैन चरनजीत सिंह सलूजा सह सचिव डॉ. निकिता गुप्ता कोषाध्यक्ष मुकेश जालान संजय भूदोलिया डॉ. मो. आजाद, मदन लाल विश्वकर्मा डॉ. विकास लाल राजीव सिन्हा संजय कुमार, दशरथ शर्मा, संजय जैन प्रमोद अग्रवाल मनीष गुप्ता अरिंदम घोषाण प्रभात खेतान गुड्डी भारती पिंकी खेतान प्रभा अग्रवाल सोनम सेठ पिंकी साहा ज्योति तर्वे प्रदीप कुमार ज्योति चंद्रा मीरा साहू समेत रेड क्रॉस एवं योग कक्षा के कई सदस्य उपस्थित थे।

# मंडल कारा में जेल अदालत सह-कानूनी जागरूकता शिविर, 24 साल पुराने मामले में एक बंदी रिहा



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2026 को मंडल कारा गिरिडीह में जेल अदालत सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन झालसा, रांची के निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सफदर अली नैयर ने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही।

विभिन्न कानूनी सहायता की जानकारी दी उन्होंने बताया कि नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर काराधीन बंदियों को समय-समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते हैं इसी क्रम में प्रत्येक माह जेल अदालत का आयोजन किया जाता है उन्होंने कहा कि जेल में बंदियों की समस्याओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचाने के लिए बंदियों के बीच से ही पारा लीगल वॉलंटियर्स नियुक्त किए गए हैं ये पीएलवी लगातार बंदियों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं की जानकारी कारा प्रशासन के माध्यम से प्राधिकार तक पहुंचाते हैं जिसके बाद समस्याओं के समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाती है लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ नजमुल हसन ने बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए आवेदन देने की प्रक्रिया की जानकारी दी उन्होंने कहा कि जो बंदी अपने खर्च पर अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं हैं उन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है उन्होंने जेल पीएलबी को निर्देश दिया कि नए आने वाले बंदियों को भी उनके कानूनी अधिकारों एवं निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा की जानकारी दी जाए 24 वर्ष पुराने मामले में एक बंदी रिहा जेल अदालत के दौरान लगभग 24 वर्षों से लंबित एक मामले में एक बंदी को रिहा किया गया।

इस अवसर पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी स्मृति त्रिपाठी एवं जेल अधीक्षक हिमानी पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जेल में प्रतिनियुक्त पारा लीगल वॉलंटियर्स को बंदियों के बीच नियमित रूप से कानूनी जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया साथ ही कहा गया कि कोई भी बंदी अपने कानूनी अधिकारों से वंचित न रहे जरूरतमंद बंदियों के निःशुल्क अधिवक्ता से संबंधित आवेदन तत्काल कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेजने का निर्देश दिया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के गौरी शंकर सहाय फैयाज अहमद रंजीव कुमार रंजीव रवि कुमार शर्मा पुरुषोत्तम कुमार पीएलबी मुकेश कुमार वर्मा कोनेन अहमद जेल पीएलबी एवं जेल कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।

CMYK

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने किया ध्वजारोहण

## विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाईं ● स्वतंत्रता सेनानियों एवं झारखंड के वीर शहीदों को किया नमन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मैदान, सेक्टर-12, बोकारो में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अपने संबोधन में मा. मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त कर विश्व पटल पर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सिद्धो-कान्हू, शेख भिखारी, वीर बुधु भगत सहित झारखंड के सभी वीर सपूतों को स्मरण करते हुए उनके योगदान को प्रेरणास्रोत बताया।





### आदिवासी महोत्सव एवं सखी महोत्सव की सराहना

उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान उसकी गौरवशाली आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ी हुई है। राज्य सरकार द्वारा आदिवासी विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष बोकारो में भी इसका सफल आयोजन हुआ, जिसके लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित सभी पदाधिकारियों-कर्मियों को उन्होंने बधाई दी। मंत्री ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सखी महोत्सव की भी सराहना करते हुए कहा कि इससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों के विपणन का बेहतर अवसर मिला है तथा वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

### मंईयां सम्मान योजना से लाखों महिलाएं लाभान्वित

मा. मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जिले की 3.33 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। यह योजना महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुई है।

### सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से लाखों लाभुकों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

### शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य

मा. मंत्री ने कहा कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, स्कूल बैग, स्मार्ट क्लास एवं कंप्यूटर शिक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सदर अस्पताल में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना की गई है तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना का लाभ दिया जा रहा है।

### अबुआ आवास एवं मनरेगा में बेहतर प्रदर्शन

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना के तहत हजारों जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं मनरेगा के विभिन्न मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बोकारो जिले ने राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जो पूरे जिले के लिए गौरव की बात है।

### कृषि, खेल एवं पर्यटन को मिल रहा बढ़ावा

मा. मंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि ऋण माफी, बीज वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड एवं किसान पाठशाला जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। खेल के क्षेत्र में जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### झारखंड को विकसित एवं समृद्ध राज्य बनाने का संकल्प

अपने संबोधन के अंत में मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी नागरिकों से झारखंड को विकसित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राज्य बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सरकारी कार्यालयों एवं परिसरों में ध्वजारोहण

## उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने फहराया तिरंगा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी सरकारी कार्यालयों एवं परिसरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय शाखा स्थित कार्यालय परिसर, समाहरणालय परिसर, रेडक्रॉस भवन परिसर तथा जिला परिसर में ध्वजारोहण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने अपने आवासीय परिसर में ध्वजारोहण किया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, चास श्रीमती प्रांजल ढांडा ने गोपनीय शाखा कार्यालय परिसर एवं अनुमंडल कार्यालय परिसर में तिरंगा फहराया। इसी क्रम में उप निदेशक, जनसंपर्क सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार ने सूचना भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण कार्यक्रमों के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रगीत - राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।



## संक्षिप्त समाचार

### उपायुक्त ने दिव्यांग बच्चों संग मनाया स्वतंत्रता दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने सेक्टर-05 स्थित मानव सेवा आश्रम में दिव्यांग बच्चों के बीच 80वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव आत्मीयता एवं उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उपायुक्त ने मानव सेवा आश्रम परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा तिरंगे को सलामी देकर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। इसके पश्चात उन्होंने आश्रम में रह रहे दिव्यांग बच्चों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों के बीच मिठाई के पैकेट वितरित किए। मिठाई पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने पूरे वातावरण को भावनात्मक एवं आनंदमय बना दिया। आश्रम परिसर देशभक्ति, अपनत्व और संवेदनशीलता के रंग में रंगा नजर आया। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें समानता, भाईचारे और मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाने की प्रेरणा देता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आश्रम प्रबंधन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुचिता किरण समेत अन्य उपस्थित थे।



### फिट इंडिया अभियान के तहत साइकिल रैली निकाली

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फिट इंडिया आंदोलन-2026 के तहत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 26वीं बटालियन, आईटीआई मोड़, चास द्वारा रविवार को ह्लसंडे ऑन साइकिलह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जवानों एवं आम लोगों को शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और फिट इंडिया का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था। साइकिल रैली में 26वीं बटालियन के कमांडेंट राजीव रंजन सहित अन्य वरीय अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों ने जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कमांडेंट राजीव रंजन ने कहा कि फिट रहना एक सैनिक के जीवन का अभिन्न अंग है। इस तरह के आयोजन स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुशासन और टीम भावना का भी मजबूत संदेश देते हैं। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्थानीय नागरिकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी यशवीर सिंह, एडजुटेंट अरविंद कुमार रजक, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों का सराहनीय योगदान रहा।



### सड़क की बदहाली और अतिक्रमण से लोग त्रस्त

**खैराचातर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र खैराचातर स्थित पुरुलिया रोड इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। मुख्य मार्ग पर व्याप्त अवैध अतिक्रमण और सड़क की जर्जर स्थिति के कारण स्थानीय व्यापारियों, राहगीरों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खैराचातर मध्य विद्यालय के समीप सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। व्यावसायिक क्षेत्र होने के बावजूद सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण के चलते आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्थानीय निवासी मनीष गौतम, सुदाम कुमार, कुमार गौरव, गौतम सागर, रणधीर कुमार और अमित कुमार ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय प्रशासन तथा अंचल अधिकारी को पूर्व में भी लिखित शिकायत दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल या समाधान नहीं निकल पाया है।" ग्रामीणों ने जिला व प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और मध्य विद्यालय के पास की जर्जर सड़क की अविलंब मरम्मत की जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।



### कलयुगी बेटे ने की मां को पीट-पीटकर की हत्या

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो से एक पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है। जहां एक कलयुगी बेटे ने मामूली विवाद के बाद अपनी ही मां की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है मामला सेक्टर 12 थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक मृतका की पहचान प्रमिला देवी उम्र लगभग 60 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बीती रात को घर में किसी बात को लेकर मां और 48 वर्षीय बेटे राजू कुमार के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से मे आकर बेटे ने मां के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बेटे ने लाठी-डंडे और लात-घूसों से मां की बेरहमी से पिटाई की, जिससे मां बुरी तरह जख्मी हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर 12 थाना के पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जख्मी महिला को बोकारो सदर अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों के अनुसार महिला की मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी बेटे राजू कुमार को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है।



# बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी ने किया ध्वजारोहण

## कहाः सेल एवं बीएसएल राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में मनाया गया. इस अवसर पर निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली. उनके साथ मंच पर सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक जितेंद्र तिवारी भी उपस्थित थे. समारोह में बीएसएल के अधिशासी निदेशक, महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती शुभम रंजन, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी, सीआईएसएफ बोकारो यूनिट के अधिकारी, बीएसएल कर्मचारी, बच्चे तथा बड़ी संख्या में बोकारोवासी उपस्थित रहे. अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि सेल एवं बोकारो स्टील प्लांट बीते छह दशकों से राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने बीएसएल की विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यावसायिक सफलता के साथ-साथ बोकारो स्टील समाज, नगर तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रति भी पूर्णतः समर्पित है. उन्होंने बताया कि टाउनशिप में सड़क, विद्युत आपूर्ति एवं अनुरक्षण कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है. कई मुख्य एवं आर्टेरियल सड़कों की मरम्मत का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि कई अन्य सड़कों पर कार्य प्रगति पर है. अनेक आवासीय ब्लॉकों का बाहरी मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य संपन्न हो चुका है तथा शेष ब्लॉकों का कार्य भी जारी है. इसके साथ ही, विद्युत व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से सुदृढ़ किया जा रहा है. कार्यक्रम के दौरान 151 कर्मियों को बिरसा मुंडा एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया. इसके अतिरिक्त,सीआईएसएफ एवं बीएसएल सुरक्षा बल के 55 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए. मुख्य समारोह के पश्चात निदेशक प्रभारी ने बोकारो जनरल अस्पताल में एक टीएमटी मशीन, सीसीयू के लिए एक आर ओ यूनिट, न्यूरोसर्जरी विभाग में एक न्यूरोसर्जिकल ड्रिल और ई एन टी विभाग में एक इंटीग्रेटेड पॉवर्ड ड्रिल एंड डीब्रिडर सिस्टम का उद्घाटन किया. इसके अलावा ट्रेनीज हॉस्टल परिसर में सेल फुटबॉल अकादमी का नवीनीकृत हॉस्टल का उद्घाटन भी निदेशक प्रभारी ने किया. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोकारो महिला समिति, संकार्य प्रभाग, बीएसएल सुरक्षा विभाग एवं बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा भी अपने-अपने परिसरों में ध्वजारोहण किया गया.

# गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस में शान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के साथ हुई, जिसके बाद निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार, जीजीईएस प्रबंधन सचिव सुरेंद्र पाल सिंह और सदस्य जसपाल सिंह, जगमोहन सिंह व गुरदीप सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान गाया गया। डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने अपने स्वागत भाषण में देश की प्रगति के लिए तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के महत्व पर बल दिया। सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने निदेशक के कुशल नेतृत्व में संकाय (फैकल्टी) व कर्मचारियों के परिश्रम और उपलब्धियों की सराहना की तथा छात्रों को अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। आईएसटीई बीएनकेवाई फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में योगदान देने वाले संकाय सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने नृत्य, संगीत और काव्य पाठ की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष (एमबीए) डॉ. शफक रहमत और संचार उप-सेल संयोजक डॉ. शफक जहीर द्वारा किया गया, जबकि प्रभारी विभागाध्यक्ष (बीबीए) शहनाज फरहीन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ हुआ। जीजीईएस के माननीय अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह ने सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



# राष्ट्र की उन्नति और ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में डीवीसी की भूमिका अग्रणी : रामकुमार अनुभवी

**चंद्रपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के फुटबॉल मैदान में 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यहां के मुख्य महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान राम कुमार अनुभवी ने ध्वजारोहण कर तिरंगा झंडा को सलामी दी। इस अवसर पर आयोजित समारोह के संबोधन में श्री अनुभवी ने कहा कि राष्ट्र की उन्नति और ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में डीवीसी की भूमिका अग्रणी है । उन्होंने देश को आजादी दिलाने वाले शहीद सपूतों का नमन किया और कहा कि हम सभी को एकजुट होकर देश की सुरक्षा और विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने डीवीसी के बहुउद्देशीय परियोजना का विस्तृत उल्लेख किया और कहा कि डीवीसी समाज के उत्थान के लिए कार्य करता है। समाज मे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, प्रशिक्षण, सुरक्षा, विद्युत उत्पादन, कृषि कार्य सहित कई सामाजिक कार्य डीवीसी द्वारा किया जाता है। उन्होंने चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के विद्युत उत्पादन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्लांट कई बार पी एल एफ में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि प्लांट के अधिकारी -कर्मचारी और यहां कार्यरत सभी लोगों के उत्कृष्ट कार्य करने के कारण हासिल हुआ है। समारोह में कई विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कई तरह का प्रदर्शन किया। सीआईएफ के जवानों, स्कूली छात्रों भी परेड किया, अग्निशमन विभाग ने पानी का फवारा में तिरंगा झंडा जैसा दृश्य दिखाया । यहां के सृजन पार्क में वरिष्ठ महा प्रबंधक (संचालन और अनुरक्षण ) राजेश कुमार, अंबेडकर भवन में उप महाप्रबंधक नीरज सिंहा, नौ लक्खा भवन पर अमित कुमार, अतिथि गृह में अंशुमान आशुतोष बी एक्का, के अलावा विद्यालयों में प्राचार्य आदि क्षेत्रों में अधिकारियों ने अपने कार्यालयों पर झंडोतोलन किया।



# संस्कार भारती द्वारा वंदे मातरम गीत पर समूह गान व समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कला व साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा रविवार को सेक्टर 4 स्थित कैराली स्प्रिंगडल स्कूल में वंदे मातरम गीत की रचना के150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समूह गान व समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वंदे मातरम गीत थीम पर केंद्रित इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सुमधुर गायन व मनोहारी नृत्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो के पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता बिरंची नारायण, विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट अरविन्द कुमार, कैराली स्प्रिंगडल स्कूल के प्रेसिडेंट शशिइंद्रन करात, जनरल सेक्रेटरी कृष्ण कुमार, प्राचार्या रुमा कुमारी, संस्कार भारती, बोकारो जिलाध्यक्ष अमरजी सिन्हा व महामंत्री स्वरूप शेखर पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वंदे मातरम समूह गान प्रतियोगिता में श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, गुरु गोविन्द पब्लिक स्कूल, सेक्टर 5, चिन्मय विद्यालय, बोकारो, आदर्श विद्या मंदिर चास व कैराली स्प्रिंगडल स्कूल तथा समूह नृत्य में श्री अय्यप्पा पब्लिक, चिन्मय विद्यालय व कैराली स्प्रिंगडल स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर समूह गान प्रतियोगिता में गुरु गोविन्द पब्लिक स्कूल को प्रथम, चिन्मय विद्यालय को द्वितीय व श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि समूह नृत्य प्रतियोगिता में श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल ने प्रथम, चिन्मय विद्यालय ने द्वितीय व कैराली स्प्रिंगडल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में अमरजी सिन्हा, प्रसेनजीत शर्मा, डॉ मंजरी श्रीवास्तव, श्रीपर्णा घोष व रजनी पाढ़ी शामिल थीं। मुख्य अतिथि बिरंची नारायण ने इस सुंदर आयोजन के लिए संस्कार भारती की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि डिप्टी कमांडेंट अरविन्द कुमार ने भी देशभक्ति से ओतप्रोत सभी प्रस्तुतियों की सराहना की। अध्यक्ष अमरजी सिन्हा व महामंत्री स्वरूप शेखर पांडेय ने आयोजन की सफलता हेतु सभी प्रतिभागी विद्यालयों व मेजबान स्प्रिंगडल स्कूल के मैनेजमेंट व स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन व संयोजन क्रांति श्रीवास्तव ने किया।



# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी, बोकारो में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ने ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों, अभिभावकों एवं अतिथियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। समारोह को संबोधित करते हुए गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ने विद्यालय के भैया-बहनों की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रबंधकारिणी समिति पूरी तरह कृतसंकल्पित है। शिशु मंदिर योजना केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं है, बल्कि भैया-बहनों के माध्यम से सशक्त परिवार और सशक्त समाज का निर्माण करना इसका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ हम भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ भैया-बहनों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि भैया-बहनों का वर्तमान प्रदर्शन उत्साहवर्धक है और विश्वास है कि वे भविष्य में भारत को विश्वगुरु बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया-बहनों ने घोष वाद्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुति देकर वातावरण में जोश भर दिया। वहीं नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों की मनमोहक प्रस्तुतियों, देशभक्ति नाटक एवं नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष कुमार, प्रांत संपर्क प्रमुख, विश्व हिंदू परिषद, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक रामनाथ बैठा, उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह, कृष्णा राय, सदस्य अरुण कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि विनोद प्रजापति, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 3सी के अध्यक्ष हरिमोहन झा, सचिव राजकुमार सिंह एवं प्राचार्य संजीव कुमार सहित विद्यालय के सभी भैया-बहन, आचार्य-दीदी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।





## घोष वादन, देशभक्ति नाटक और नृत्य ने बांधा समां

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉर्पोरेट कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK